
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 177
फरीदाबाद, मंगलवार, 03 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



तैरने से दिमाग होता है तेज
पेज - 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,950 | 364 |
| निफ्टी | 15,885 | 120 |
| सोना | 46,917 | 124 10 gm |
| चांदी | 66,473 | 18/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.01°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### आईएएस जितेंद्र यादव होंगे फरीदाबाद के उपायुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। नगर निगम, फरीदाबाद के आयुक्त जितेन्द्र यादव को फरीदाबाद का उपायुक्त तथा फरीदाबाद के उपायुक्त यशपाल को नगर निगम, फरीदाबाद का आयुक्त लगाया गया है।

### गहलोत से मिलीं कुमारी शैलजा

**जयपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाओं के बीच हरियाणा राज्य कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने रविवार रात मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ संक्षिप्त मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी। बताया कि शैलजा जयपुर हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री गहलोत से मिलने उनके आवास पर गईं और सोमवार सुबह दिल्ली रवाना हो गईं। कुमारी शैलजा के यूं अचानक संक्षिप्त दौरे ने राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों को हवा दी है।

### रशीद ईरानी का 74 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई।** विख्यात फिल्म समीक्षक रशीद ईरानी सोमवार को अपने आवास पर मृत पाए गए। वह 74 वर्ष के थे। ईरानी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से जूझ रहे थे और अकेले रहते थे। उनके नजदीकी दोस्त रफीक इलियास के अनुसार, दक्षिण मुंबई के पास धोबीतालाव में अपने घर में ईरानी ने संभवत: 30 जुलाई को अंतिम सांस ली होगी।

### 129 प्रवासी भारतीयों ने ऋषिकेश में लगवाया टीका

**ऋषिकेश (उत्तराखंड)।** ऋषिकेश और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों से विदेशों में काम पर लौटने का सिलसिला शुरू होने के बाद 17 जुलाई से सोमवार तक कुल 129 प्रवासी भारतीय कोविड रोधी टीका कोविशील्ड लगवा चुके हैं।

### मुख्यमंत्री ने हर-हित स्टोर योजना की शुरुआत की

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दैनिक उपयोग की गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं की बिक्री के वास्ते दुकानें खोलने के लिए सोमवार को एक योजना की शुरुआत की और कहा कि इससे युवाओं के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा। खट्टर ने पंचकूला में एक स्टोर का निरीक्षण किया और हर हित स्टोर योजना की शुरुआत की। कहा कि सरकार का लक्ष्य 2024 तक हरियाणा को बेरोजगारी से मुक्ति दिलाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, इन दुकानों के जरिए युवा फ्रेंचाइजी को एक मंच मिलेगा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, सरकारी सहकारी संस्थानों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को व्यवसाय में वृद्धि करने का अवसर मिलेगा।

# डिस्कस थ्रो में इतिहास नहीं रच सकी कमलप्रीत

### अमेरिका की ऑलमैन वैलेरी 68.98 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता

**एजेंसी।** टोक्यो

**टोक्यो** ओलंपिक के 11वें दिन डिस्कस थ्रो में भारत की कमलप्रीत कौर मेडल नहीं जीत सकीं। फाइनल में 6 राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 63.70 का रहा और वह छठे स्थान पर रहीं। कमलप्रीत ने 5 में से 2 राउंड में फाउल थ्रो किया। पहले राउंड में उन्होंने 61.62 मीटर और तीसरे राउंड में 63.70 मीटर दूर चक्का फेंका। पांचवें राउंड में कमलप्रीत ने 61.37 मीटर दूर चक्का फेंका। विमेंस डिस्कस थ्रो में अमेरिका की ऑलमैन वैलेरी 68.98 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। जर्मनी की क्रिस्टीन पुडेंज 66.86 मीटर चक्का फेंककर दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं क्यूबा की याएमे पेरेज ने 65.72 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस इवेंट में पहले 3 अटेम्प्ट के बाद बॉटम-4 एथलीट को बाहर कर दिया जाता है। इसके बाद बाकी बचे 8 एथलीट 3 और अटेम्प्ट करते हैं। हर एथलीट के 6 अटेम्प्ट में जो बेस्ट होगा, उसी को काउंट किया जाता। इसी के आधार पर मेडल तय किए गए। उधर, घुड़सवारी में भारत की उम्मीदें जग गई हैं। फवाद मिर्जा जंपिंग इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर गए। वह क्वालिफिकेशन राउंड में 25वें स्थान पर रहे।





# भारतीय महिला हॉकी टीम ने रचा इतिहास



**टोक्यो।** ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुवाई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम

### क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया

ने टोक्यो ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके नया इतिहास रचा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद विश्व में नौवें नंबर की महिला टीम ने यह इतिहास रचा। सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया।

विस्तृत खबर पेज-11

### कालाधन, जीएसटी और नोटबंदी के बाद अब बड़े हेरफेर पर एक बड़ी चोट

# ई-रुपी : जिस योजना के लिए जारी हुआ, उसी में खपेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वयंसेवी** संगठन, ट्रस्ट और अन्य तरह के ऐसी योजनाएं, जो विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धन एकत्र करते थे, ऐसी सभी योजनाओं में हेरफेर की गुंजाइशों को भी खत्म करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कालाधन, नोटबंदी और जीएसटी के बाद एक और बड़ा प्रहार किया है। ई वाउचर बेस्ट डिजिटल पेमेंट सोल्यूशन सिस्टम लांच किया गया है। इसे ई-रुपी प्रारूप मिला है। इसके तहत ई-रुपी जिस योजना के लिए जारी किया जाएगा, वह उसी योजना में लग सकेगा, उसका दूसरी जगह इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं होगा।

इसका उद्देश्य डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देना है। इसके जरिए कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट होगा। सरकार के अनुसार इसके जरिए योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। ई-रुपी एक प्रीपेड ई-वाउचर है, जिसे नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी



### ई-वाउचर-बेस्ड डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन लांच हुआ

एनपीसीआई ने विकसित किया है।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि देश डिजिटल गवर्नेंस को नया आयाम दे रहा है। सरकार के इस कदम से ट्रांसपेरेंट और लीक प्रूफ डिलीवरी में मदद मिलेगी। किसी के इलाज या पढ़ाई में मदद करना है तो वो कैश की जगह ई-रुपी से कर सकता है। इससे यह पता चल सकेगा कि पैसा सही जगह लगा है। किताबों के लिए पैसा भेजा है तो उससे किताबें खरीदी गई हैं या नहीं, ये ई-रुपी से पता चल जाएगा। समय के साथ इसमें और भी चीजें जोड़ी जाएंगी। ई-रुपी एक तरह से पर्सन के साथ-साथ पर्पज स्पैसिफिक भी है।

## इससे होंगे ये फायदे

**ये** एक कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस तरीका है। ये सेवा देने और लेने वालों को सीधे तौर पर जोड़ता है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिलेगा। इससे भ्रष्टाचार में कमी आएगी। यह एक क्यूआर कोड या एसएमएस स्ट्रिंग-बेस्ड ई-वाउचर है, जिसे सीधे लाभार्थियों के मोबाइल पर भेजा जाता है। इस वन टाइम पेमेंट सर्विस में यूजर्स बिना कार्ड, डिजिटल पेमेंट ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के बावजूद वाउचर को रिडीम कर सकेंगे। ई-रुपी के जरिए सरकारी योजनाओं से जुड़े विभाग या संस्थान बिना फिजिकल कॉन्टैक्ट के सीधे तौर पर लाभार्थियों और सर्विस प्रोवाइडर से जुड़े रहेंगे। इसमें यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान किया जाए। प्रीपेड होने की वजह से यह किसी भी मध्यस्थ को शामिल किए बिना सर्विस प्रोवाइडर को समय पर भुगतान करता है। इन डिजिटल वाउचर का उपयोग प्राइवेट सेक्टर में अपने इम्प्लॉई वेलफेयर और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी कार्यक्रमों के लिए भी किया जा सकता है।

पीएम ने कहा कि पहले हमारे देश में कुछ लोग कहते थे कि टेक्नोलॉजी तो केवल अमीरों की चीज है, भारत तो गरीब देश है, इसलिए भारत के लिए टेक्नोलॉजी का क्या काम? जब हमारी सरकार टेक्नोलॉजी को मिशन बनाने की बात करती थी तो बहुत से राजनेता, कुछ खास किस्म के एक्सपर्ट्स उस पर सवाल खड़ा करते थे, लेकिन देश ने उन लोगों की सोच को नकारा भी है, और गलत भी साबित किया है। देश की सोच अलग और नई है। हम टेक्नोलॉजी को गरीबों की मदद और उनकी प्रगति के एक टूल के रूप में देख रहे हैं।

हमारी सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की। देश के छोटे-बड़े शहरों में 23 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी और ठेले वालों को इस योजना के तहत मदद दी जा चुकी है। इसी कोरोना काल में करीब-करीब 2300 करोड़ रुपये उन्हें दिए गए हैं।

### ओलंपिक में मानवता का मेडल, दुनियाभर का दिल जीता

# एथलीट ने मेडल लेने से इनकार किया तो दोनों को मिला गोल्ड

**एजेंसी।** टोक्यो

**कतर** के एथलीट मुताज एस्सा बारशिम ने ओलंपिक में विजेता के रूप में मानवता का भी मेडल जीता। बारशिम ने ऐसा कर दिखाया, जिससे वह दुनियाभर के खेल प्रेमियों का दिल जीत पाए। दरअसल, यह वाकया टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों के हाई जंप इवेंट के दौरान हुआ। बारशिम और तांबेरी दोनों ने 2.37 मीटर की छलांग लगाई और एक साथ पहले स्थान पर रहे। इसके बाद इवेंट ऑफिशियल्स ने दोनों को तीन-तीन जंप और लगाने को कहा। दोनों में से कोई भी एथलीट इन तीन जंप में 2.37 मीटर के ऊपर नहीं जा सका।

जब तीन एक्स्ट्रा जंप के बाद भी विजेता का फैसला नहीं हुआ तो ऑफिशियल्स ने उन्हें एक-एक बार और जंप करने को कहा, लेकिन, तब तक इतालवी एथलीट तांबेरी चोटिल हो चुके थे। पैर की चोट के कारण उन्होंने नाम वापस ले लिया। अब



जंप लगाते समय चोटिल हो गए थे इतालवी एथलीट तांबेरी

### जीतना ही सबकुछ नहीं होता : बारशिम

**बारशिम** ने अपने इस ऐतिहासिक फैसले के बाद कहा- खेल में जीतना ही सब कुछ नहीं होता है। हमने आने वाली पीढ़ियों को संदेश दिया है कि कैसे खेलना चाहिए। कैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों का भी सम्मान करना चाहिए और जो हकदार हो उसके साथ कामयाबी शेयर करनी चाहिए। तांबेरी ने खुशी में बारशिम को गले लगा लिया और दोनों ने ओलंपिक स्टेडियम का चक्कर लगाकर अपनी भावनाओं का इजहार किया।

बारशिम के पास मौका था कि वे एक बेहतर जंप लगाएं और गोल्ड अपने नाम कर लें।

इतालवी एथलीट के बाहर होने के बाद बारशिम ने ऑफिशियल से पूछा कि अगर वे भी नाम वापस ले लेते हैं तो क्या होगा। ऑफिशियल ने रूल बुक चेक की और कहा-आप भी नाम वापस लेते हैं तो हम आप दोनों को गोल्ड देना होगा। बारशिम ने इसके बाद आखिरी जंप से नाम वापस ले लिया और फिर उन्हें और तांबेरी दोनों को गोल्ड मेडल दिया गया।

### तीसरी लहर नजदीक : देश में हर रोज 40 हजार मामले आ रहे

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर दिन देश में 40 हजार से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं।

इस बीच विशेषज्ञों ने तीसरी लहर को लेकर चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसी महीने देश में कोरोना की तीसरी लहर दस्तक दे सकती है, जिसमें रोजाना एक लाख संक्रमण के मामले सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश के कुल 10 राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, जिसमें केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, असम, मिजोरम, मेघालय, आंध्र प्रदेश और मणिपुर शामिल हैं। हैदराबाद और कानपुर आईआईटी के शोधकर्ताओं का मानना है कि कोरोना के मामलों में हो रही बढ़ोतरी ही महामारी की तीसरी लहर को आगे बढ़ाएगी।

# सरकारी कर्मचारियों को मकान आवंटन के लिए पोर्टल लांच



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्मचारियों को सरकारी आवास आवंटन की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए सोमवार को पोर्टल लांच किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों को बिना किसी सिफारिश के उनकी वरिष्ठता के आधार पर सरकारी आवास मिलना चाहिए। आवंटन प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता होनी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई गई है जिससे कर्मचारियों को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद नियत समय के अन्दर ग्रेड अनुसार एवं वरिष्ठता अनुसार आवास अलाट होंगे।

पोर्टल पर आवंटन के लिए उपलब्ध सरकारी मकानों का रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिसके आधार पर कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के बाद आपत्तियां आदि लेने की प्रक्रिया पूरी कर निर्धारित अवधि में कर्मचारियों को मकान अलाट कर दिए जाएंगे। पोर्टल के लांच होने से आवंटन की बेहतर ट्रैकिंग हो सकेगी। मकान आवंटन, मकान बदलने आदि की सभी औपचारिकताएं ऑनलाइन होंगी।

# जम्मू रेलवे स्टेशन पर सेना की वर्दी में दिखे दो संदिग्ध

**जम्मू।** जम्मू रेलवे स्टेशन पर सेना की वर्दी में सोमवार को दो संदिग्ध देखे गए हैं। संदिग्धों की तलाश में पुलिस अभियान चला रही है। इसके साथ ही जम्मू शहर में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है।

बता दें कि पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 निरस्त होने की बरसी और स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी हमला हो सकता है, जिसको देखते हुए जम्मू में हाई अलर्ट जारी किया है। खुफिया इनपुट है कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा आईईडी लगाकर जम्मू शहर में हमले की योजना बना रहे हैं, जिसमें धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की साजिश है। आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा द्वारा सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए मंदिरों पर हमले की योजना के बारे में खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद जम्मू में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# वरिष्ठ नौकरशाह अमरजीत सिन्हा ने छोड़ा पद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में वरिष्ठ नौकरशाह अमरजीत सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को सूत्रों के हवाले से यह खबर दी।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमरजीत सिन्हा प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार थे और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं का काम देखते थे। 1983 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी अमरजीत सिन्हा साल 2019 में ग्रामीण विकास सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे और फिर उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय में नियुक्त किया गया था। सिन्हा हाल के महीनों में पीएमओ से इस्तीफा देने वाले दूसरे शीर्ष अधिकारी हैं। उनसे पहले पूर्व कैबिनेट सचिव पीके सिन्हा ने मार्च में इस्तीफा दे दिया था।

## सातों प्रवेश द्वार पर होगी साझा सुरक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र इसी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले विधानसभा सचिवालय की तरफ मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सुरक्षा का रिव्यू कर लिया गया है। बजट सत्र के दौरान पंजाब के अकाली विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाए जाने की घटना के बाद विधानसभा स्पीकर ने आईजी स्तर के तीन अधिकारियों की रिपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था करने का फैसला किया है।

बजट सत्र के दौरान पंजाब के अकाली विधायकों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए उन पर हमला कर दिया था। इसकी जांच के लिए विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने

# विधानसभा के मानसून सत्र में सीएम की सुरक्षा होगी मजबूत

### बजट सत्र तक पेपरलेस होगी विधानसभा

हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के आईजी स्तर के तीन अधिकारियों की एक कमेटी बनाई, जिसने विधानसभा सत्र के दौरान चाक चौबंद सुरक्षा के लिए अपनी रिपोर्ट दी।

विधानसभा स्पीकर ने इसी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर इस बार विधानसभा सचिवालय को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मानसून सत्र के दौरान पंजाब व हरियाणा विधानसभा के सातों प्रवेश द्वार पर बड़ी मात्रा में सुरक्षा बल तैनात रहेगा। लिहाजा विधानसभा सचिवालय ने विधायकों से विधानसभा में पूछे जाने वाले सवालों की जानकारी मांग ली है। लाटरी सिस्टम के जरिये विधानसभा में पूछे जाने वाले सवालों का चयन होगा।

विधानसभा में विधायकों के बैठने के सीटिंग प्लान में इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है। कोरोना से बचाव के प्रोटोकाल को विधानसभा में पूरी तरह से लागू किया जाएगा। एक विधायक के बैठने के लिए एक ही सीट होगी। थर्मल स्कैनिंग करने के बाद ही विधायक को विधानसभा में प्रवेश करने की अनुमति होगी। हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि विधानसभा को पेपरलैस करने का काम अंतिम चरण में है।

### मलेरिया रोकने के लिए नया प्रयोग

# मादा मच्छर को बांझ बनाकर मलेरिया का खात्मा करेंगे वैज्ञानिक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दुनियाभर** में हर साल मलेरिया के कारण लाखों लोग दम तोड़ देते हैं। इन मौतों को कम करने और मलेरिया के मामले घटाने के लिए वैज्ञानिकों ने नया प्रयोग किया है। वैज्ञानिक मलेरिया फैलाने वाली मादा मच्छर को क्रिसपर जीन एडिटिंग तकनीक से बांझ (इनफर्टाइल) बना रहे हैं, ताकि मच्छरों की आबादी पर काबू किया जा सके। वैज्ञानिकों का कहना है, यह तकनीक गेम चेंजर साबित हो सकती है और इससे जानलेवा बीमारी का खात्मा किया जा सकता है।

इस पर लंदन का इम्पीरियल कॉलेज और लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन मिलकर रिसर्च कर रहा है। वैज्ञानिक पहली बार मादा मच्छरों के जीन में इस तरह के बदलाव कर रहे हैं कि वे प्रजनन लायक न रह सकें। इसके लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों की एनाफिलीज गैम्बी प्रजाति को चुना है। यही प्रजाति सब-सहारा अफ्रीका में मलेरिया फैलाने के लिए जिम्मेदार है।



रिसर्च के दौरान 560 दिन में घटी मच्छरों की संख्या

### हाल ही में मलेरिया मुक्त हुआ है चीन

70 साल की लगातार कोशिशों के बाद चीन हाल ही में मलेरिया मुक्त हो गया है। डब्ल्यूएचओ ने इसकी घोषणा की है। 40 के दशक में हर साल चीन में मलेरिया के तीन करोड़ मामले सामने आते थे। चीन वेस्टर्न पैसिफिक रीजन का पहला देश है, जहां पिछले 4 साल में मलेरिया का एक भी मामला नहीं मिला है। मलेरिया से निपटने के लिए चीन ने 2012 में 1-3-7 की रणनीति लागू की। हेल्थवर्कर वर्कर के लिए टारगेट तय किए गए। रणनीति के मुताबिक, एक दिन के अंदर मलेरिया के मामले को रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया। तीन दिन के अंदर इस मामले की पड़ताल करना और इससे होने वाले खतरे का पता लगाना जरूरी किया गया। वहीं, सात दिन के अंदर इस मामले को फैलने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही गई थी

वैज्ञानिक मादा मच्छरों को इनफर्टाइल यानी बांझ बाने के लिए क्रिसपर जीन एडिटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तकनीक की मदद से उस जीन में बदलाव किया जा सकता है, जिसे वैज्ञानिक बदलना चाहते हैं। मलेरिया के मामले में मादा मच्छर में मौजूद डबलसेक्स जीन में बदलाव किया गया है ताकि ये प्रजनन लायक न बचें। प्रयोग के दौरान पाया गया 560 दिनों के अंदर मच्छरों की संख्या में कमी आई। वैज्ञानिकों का कहना है, मच्छरदानी, कीटनाशक और वैक्सीन के साथ जीन एडिटिंग मलेरिया को खत्म करने की फास्ट तकनीक है। यह बड़ा बदलाव ला सकती है। 3500 से ज्यादा प्रजातियां में कुछ ही मच्छर मलेरिया फैलाते हैं।

### 3500 से ज्यादा प्रजातियां

**वैज्ञानिकों** का कहना है, दुनियाभर में 3500 से ज्यादा मच्छरों की प्रजातियां हैं, लेकिन इनमें से कुछ ही मलेरिया फैलाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनियाभर में 2019 में मलेरिया के करीब 23 करोड़ मामले सामने आए। चार लाख से ज्यादा लोगों ने दम तोड़ा। इन मौतों में सबसे ज्यादा पांच साल से कम उम्र वाले बच्चे शामिल थे। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि कोविड के कारण 2020 में मौतों का आंकड़ा दोगुना हो सकता है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, मंगलवार, 03 अगस्त, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सभी दुकानें खुलेंगी : रात 10 बजे तक
- माल्स खुले रहेंगे : रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू : सुबह आठ बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह नौ बजे

## लापरवाही या भ्रष्टाचार : सिर्फ चंद सालों में जर्जर हुआ करोड़ों का सेक्टर 56 पुल

### तीन से सीएम विंडो में शिकायत के बाद भी कोई नहीं ले रहा संज्ञान

राजेश दास। फरीदाबाद





**जनसमस्या** और अन्य परेशानियों का जल्दी ही समाधान करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पदभार सम्भालते ही आम जनता के लिए सीएम विंडो शुरू किया था। लेकिन प्रदेश में भ्रष्टाचार इतने चरम पर पहुंच चुका है कि अधिकारियों को सीएम विंडो का भी डर नहीं रहा। ऐसे में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए विंडो की जगह सीएम द्वार शुरू करने की जरूरत है। सेक्टर 55 और 56 को जोड़ने वाले गुरूग्राम नहर का पुल भ्रष्टचार अथवा लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है। पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2013 में शुरू हुआ था। करीब दो साल बाद इस उपयोग शुरू हो गया था। जिसके करीब तीन साल बाद ही पुल पर जगह जगह से दरारें पड़नी शुरू हो गई। इलाके के समाजसेवी पुल की जर्जर हालत को देखते हुए चार बार सीएम विंडो में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सिंचाई विभाग पुल की तरफ ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं कर रहा है। जबकि इसी तरह की लापरवाही के कारण वर्ष 2018 में सेक्टर 25 का पुल गिर चुका है। इससे स्पष्ट है कि सिंचाई विभाग को यहां भी द्वारका जैसा हादसा होने का इंतजार है।

#### पांच साल में जर्जर हुआ पुल ?

**लोगों** की परेशानी को देखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे शिवचरण लाल शर्मा 23 जून 2013 को सेक्टर 55 और 56 को जोड़ने वाले गुरूग्राम नहर के पुल का शिलान्यास शुरू किया था। जिसके बाद इस पुल के निर्माण पूरा होने करीब दो साल का समय लगा था। यानी वर्ष 2015 के आसपास इस पुल का उपयोग आम जनता द्वारा शुरू कर दिया गया था। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए इस पुल की मियाद करीब 50 साल बताई जा रही है। लेकिन निर्माण के करीब तीन साल बाद ही पुल की सड़क पर दरारे पड़ी शुरू हो गई। आमतौर पर निर्माण संबंधित विकास कार्यो में रख रखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग अथवा ठेकेदार की होती है। लेकिन विभाग ने ध्यान देने की जरूरत भी महसूस नहीं की। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण पुल की दरारें लगातार बढ़ रही है और गहरी होती जा रही है। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा पुल पर दरारें आने की शिकायत लगातार की जा रही है।

#### सीएम विंडो का भी असर नहीं



**जनसमस्याओं** के समाधान और आम जनता की सुविधा के लिए सीएम मनोहर लाल ने सीएम विंडो शुरू किया था। लेकिन सरकारी विभागों के अधिकारियों ने सीएम विंडो का भी मजाक बनाना शुरू कर दिया है। सेक्टर 55 और आसपास के इलाकों के समाजसेवियों द्वारा पिछले करीब तीन साल से सेक्टर 56 के पुल में लगातार आ रही दरारों की शिकायत सीएम विंडो में की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद इस पुल का निर्माण करने वाले सिंचाई विभाग पर जरा भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। इस पुल की लगातार हो रही जर्जर हालत को देखते हुए समाजसेवी एवं हूडा मार्केट के प्रधान सतबीर भारद्वाज, गंगाराम गौतम, प्रवीन कौशिक और फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल अलग अलग समय पर चार शिकायतें सीएम विंडो पर दर्ज करवा चुके हैं। इसके अलावा यह लोग सिंचाई विभाग से अनेक बार शिकायतें कर चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद अधिकारी इस पुल की मरम्मत तक करवाने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे हैं। काफी विरोध करने पर विभाग के जेई द्वारा अब इसका निरीक्षण किया गया है।

#### हादसे का इंतजार

**गुरुग्राम** नहर पर बने सेक्टर 55 और 56 को जोड़ने वाले पुल की हालत करीब तीन साल पहले जर्जर होनी शुरू हो गई थी। इस पुल की सड़क पर जगह जगह दरारें साफ देखी जा सकती हैं। पुल के दोनों तरफ बनी फुटपाथ की हालत भी दिन पर दिन खराब हो रही है। वहीं पुल की सड़क पर जगह गड्ढे तक बन चुके है। बरसात आने पर पानी सड़क के गड्ढों से रिस रिस का नीचे जाता रहता है। इस बात की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा लगातार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की जा रही है। लेकिन विभाग द्वारा इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे साफ लगता है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को द्वारका की तरह यहां भी किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इससे पहले यहां सेक्टर 24 और 25 को जोड़ने वाला गुरूग्राम नहर का पुल वर्ष 2018 में टूट कर गिर गया था। इस दौरान मलवे के साथ कई बड़े वाहन भी नहर में गिर गए थे। लेकिन गनीमत यह था कि उस समय किसकी जान नहीं गई थी।

#### रैम्प में समस्या



**सिंचाई** विभाग के एक्सईएन वीएस रावत ने बताया कि इस पुल के मैन स्लैव को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पुल के दोनों तरफ बनी रैम्प थोड़ी बहुत दरारें आई है। विभाग के एसडीओ ने मौके का मुआयना किया है। यदि इससे लोगों को परेशानी हो रही है तो इसकी मरम्मत विभाग द्वारा जल्दी ही करवा दी जाएगी।

#### हो सकता है हादसा



**समाजसेवी** गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस पुल पर लगातार लंबी लंबी दरारें आ रही है। पुल पर बने गड्ढों से पानी टपक रहा है। इस पुल से हर समय भारी वाहन गुजरते रहते हैं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। जबकि वे इससे संबंधित चार बार सीएम विंडो में भी शिकायत कर चुके हैं।

**निवेश गुरु**

**बचत** करना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि बचत के संबंध में समझदार भी बनें। अगर आप पहले से ही अपनी बचत का 10 प्रतिशत बचा रहे हैं, तो उसे 20 प्रतिशत तक ले जाने की कोशिश करें। अगर आप 20 प्रतिशत के स्तर पर हैं, तो उसे 30 प्रतिशत तक ले जाने की कोशिश करें। इसके लिए आपको अपनी प्राथमिकताओं को लगातार संतुलित करते रहना होगा जिससे आप स्मार्ट बजटिंग, लक्ष्य निर्धारण, और प्लानिंग को फिर से अपना सकेंगे।

**यूटीलिटी न्यूज**

### उपायुक्त जितेंद्र यादव ने संभाला कार्यभार



**फरीदाबाद।** जिले के नए उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। वह फरीदाबाद के 34वें उपायुक्त होंगे। उन्होंने 2011 बैच के आईएएस अधिकारी यशपाल यादव का स्थान लिया है। यशपाल यादव को नगर निगम फरीदाबाद का आयुक्त नियुक्त किया गया है जिसका पदभार भी उन्होंने सोमवार को संभाल लिया। नवनियुक्त उपायुक्त जितेन्द्र यादव इससे पहले गुरुग्राम मैट्रोपोलिटन डिवलेपमेंट अथॉरिटी के अतिरिक्त निदेशक तथा मुख्य विजिलेंस अधिकारी एचएसवीपी गुरुग्राम के पद पर कार्यरत थे।

**क्विक न्यूज**

### अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना के प्रधान सिपाही रोहताश के नेतृत्व में गश्त दल थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए निकली थी। तभी पल्ला पुल के पास सामने से आ रहे एक व्यक्ति ने पुलिस की गाड़ी देखी और कदम तेजी से वापस लेकर पुलिस से छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने शक के आधार पर उस व्यक्ति की तलाशी ली। पुलिस को उससे एक देशी पिस्तौल मिला। थाना में पूछताछ के क्रम में पुलिस को आरोपी ने अपना नाम अजय उर्फ नेपाली तथा अपना स्थायी निवास अलीगढ़ बताया। आरोपी ने बताया कि दोस्तों के बीच हवाबाजी करने के लिए पिस्तौल रखने का शौक था। इसलिए उसने अलीगढ़ से किसी अज्ञात व्यक्ति से 3500 रूपये में पिस्तौल खरीद ली। अभी पिस्तौल लेकर वह दोस्तों को दिखाने जा ही रहा था कि पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया ।अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा नौ अगस्त तक बढ़ाया

### रात्रि 10 बजे तक खुली रहेगी सभी दुकानें

### मॉल्स को भी रात्रि 10 बजे तक की अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**महामारी** के प्रसार को रोकने के लिए कोविड रोधी लॉकडाउन को नौ अगस्त तक एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया, 'महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा को 2 अगस्त (सुबह पांच बजे) से नौ अगस्त (सुबह पांच बजे) तक एक सप्ताह के लिए और बढ़ाया जाता है।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि सरकार द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक महिला और बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्र और क्रेच राज्य में 15 अगस्त तक बंद रहेंगे। आदेश में आगे कहा गया कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को सलाह दी जाती है कि वे अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की योजना बनाएं और इस बारे में कार्यक्रम को राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ सांझा करें। इसमें कहा गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी छात्रावासों के छात्रों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों सहित सभी कर्मचारियों का पूरी तरह से टीकाकरण करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की जाए। राज्य सरकार ने लॉकडाउन को महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा नाम दिया है।

आदेशों के अनुसार दुकानों, मॉल, रेस्तराओं, धार्मिक स्थलों, कॉरपोरेट कार्यालयों के खुलने संबंधी लॉकडाउन संबंधी ढील वर्तमान की तरह जारी रहेगी। आदेश में कहा गया है कि अब इस तथ्य पर विचार करते हुए कि यद्यपि कोविड संक्रमण दर और कोविड के नए मामलों में कमी आई है। लेकिन कोविड महामारी को रोकने संबंधी एहतियाती कदमों को जारी रखने के लिए महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा को एक और सप्ताह के लिए बढ़ाया जाना उचित है।

## नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट ने वैक्सीनेशन कैम्प लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**नवदीप** सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक भवन में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संदीप सेठी, सीएमए के चेयरमैन सचिन कथूरिया तथा वार्ड नंबर 4 की पार्षद शीतल खटाना मौजूद थे।

नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के चेयरमैन यशपाल शर्मा, मनीष शर्मा, प्रवीण दत्त डब्बू ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। वैक्सीनेशन कैम्प में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को समय अनुसार वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए, ताकि वह स्वयं तथा परिजनों को इस महामारी से बचाया जा सके। सीएमए के चेयरमैन सचिन कथूरिया व पार्षद शीतल खटाना ने कहा कि जो व्यक्ति कोरोना की पहली व दूसरी लहर की चपेट में आने से बच गए है। सबसे पहले उन व्यक्तियों को सिविल अस्पताल तथा जहां-जहां कोरोना वैक्सीनेशन कैम्प लगे वहां पर जाकर उन्हें वैक्सीन लगवानी चाहिए।

## कैच द रेन पर आयोजित सेमिनार में लिया जल संचय का संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नेहरू** युवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा सोमवार को नारी शक्ति महिला मंडल पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद द्वारा जल शक्ति जागरुकता कार्यक्रम एवं बैठक डीवीएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, गोछि में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित की गई। इसके साथ ही कैच दा रेन जागरुकता बैठक में कुल 100 युवाओं व विशेषकर महिलाओं ने प्रतिभागिता की। इस बैठक में जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया। जिसने बारिश के पानी को सहेज कर रखना, पानी की महता को ध्यान में रखते हुए पानी को बर्बाद न कर उसका सदुपयोग करना जैसे विषयों पर शपथ दिला कर इस बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सभी युवा प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र द्वारा कैच द रैन विषयक पोस्टर देकर भी जागृत किया। बैठक नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रविंदर मोहन के मार्गदर्शन में युवा संगठन पदाधिकारी शिवानी द्वारा आयोजित की गई।

## गांवों में कैंप लगाकर किया जल शक्ति को जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल के दिशा निर्देशन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गांवों में विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव जाकर कैम्प लगा कर किसानों में जागरुकता ला रहे है।

कैम्पों का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान के मार्ग दर्शन में किसानों को जल बचाने के लिए जागरूक कर उन्हें जल शक्ति अभियान बारे अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए तैयार कर रहे हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पांच-पांच कैम्प जल शक्ति अभियान के लगा कर किसानों को जागरूक कर जा रहे है। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 15 जून से 512 कैम्पों का आयोजन 100

ग्राम पंचायतों जिनमें अगीपुर, धौज, जसाना, ददसिया, पाली, अटाली, अटेरना, अहदपुर, जवां, जाजरू व तिगांव अरूआ, अलीपुर, बदरौला, बरसी, घरोडा में किसानों को जलशक्ति अभियान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के तहत किसानों को फव्वारा सिचाई यंत्र, टपका सिचाई विधी से खेतों में सिंचाई करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि जल का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसानों को किसानों को अधिक पानी की खपत वाली फसल धान को छोड़कर मक्का, मूंग, सब्जी, प्याज, ग्वार व पशु चारे की खेती की बोआई करने के लिए प्रोत्साहन किया जा रहा है। क्योकि संचित जल का संरक्षण करके ही बेहतर कल बनना होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल शक्ति अभियान के तहत फसल विविधिकरण का लक्ष्य भी 100 प्रतिशत प्रति एकड़ mapping (मेरी फसल मेरा ब्योरा) पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए 100 प्रतिशत प्रति एकड़ का पंजीकरण करते समय धान व बाजरे की बजाय अन्य फसल जो ली जा रही है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**कभी हॉकी में था पहला सदा स्थान भारत का**
**समूचे विश्व में फिर से बढ़ा सम्मान भारत का**
**रचो इतिहास ओलम्पिक में ये अवसर सुनहरा है**
**दुआएँ हैं करोड़ों पूर्ण हो अरमान भारत का**

## कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने की लोगों को दी ट्रेनिंग

### एकॉर्ड सुपरस्पेशिलटी अस्पताल ने ओजोन पार्क सोसायटी में खोला सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित ओजोन पार्क सोसायटी में एकॉर्ड सुपरस्पेशिलटी अस्पताल की ओर से ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत की गई। रविवार शाम इसका शुभारंभ अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार और डॉ. युवराज कुमार और डॉ. दिव्या, डॉ. सविता कुमारी ने रिबन काट कर किया। मौके पर डॉक्टरों की टीम ने सोसायटी के लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी की।

उन्होंने कहा कि लोग छोटी-छोटी बीमारी और समस्याओं को लेकर अस्पताल भागते हैं। इससे समय के साथ पैसा भी खर्च होता है। यदि लोगों को घर पर ही प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी जाए तो लोगों को इससे काफी लाभ होगा। अस्पतालों पर मरीजों का बोझ कम बढ़ेगा। एकॉर्ड अस्पताल के डायरेक्टर व वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि कोरोना काल में जिन को जरूरत नहीं थी, वे अस्पतालों में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती हो गए। जिनको जरूरत थी वे मरीज इलाज के दर-दर भटकते रहे, इलाज मिला नहीं। ऐसे में कई मरीजों की जान भी चली गई। इसकी मुख्य वजह यह है कि देश में प्राइमरी हेल्थ, सेकंडरी हेल्थ और टर्सरी हेल्थ में कोई अंतर नहीं होता है। कोई भी छोटी-मोटी बीमारी होने पर सभी लोग बड़े अस्पताल की ओर अग्रसर हो जाते हैं। ऐसे में एकॉर्ड अस्पताल ने पहल की है कि प्राइमरी इलाज सोसायटियों में जाकर करें। इसमें पहला कदम अस्पताल ने ओजोन सोसायटी में सेंटर खोल कर की। डायरेक्टर वरिष्ठ ओर्थोपेडिक सर्जन डॉ. युवराज ने कहा कि सोसायटी में खोले गए सेंटर की सोसायटी वासियों के साथ-साथ अन्य सोसायटी के लोगों ने सराहना की। इस दौरान सोसायटी के लोगों को प्राथमिक उपचार की ट्रनिंग दी गई। लोगों को बताया कि घर यदि किसी व्यक्ति या बच्चे को बुखार हो जाए तो उसे कैसे मापते हैं, यदि किसी को चोट लग गए। तो उसकी पट्टी कैसे कर सकते हैं। कोरोना के क्या-क्या लक्षण है। कोरोना के डेल्ट वैरियंट को कैसे पहचान सकते हैं। ऐसे में लोगों को क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। यदि मरीज सीरियस नहीं हो उसका घर पर कैसे इलाज कर सकते हैं। इसके साथ सिक्योरिटी गार्ड को बेसिक लाइफ सपोर्ट के प्रति जागरूक किया गया।

ओजोन पार्क सोसायटी आरडब्ल्यूए प्रधान डॉ. चेतन ने कहा कि अस्पताल द्वारा बेहतर कार्य किया गया है। यदि लोगों को घर ही प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी जाए तो इससे ज्यादातर लोगों को अस्पताल जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। उन्हें केवल गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल जाना होगा। इसके लिए उन्होंने अस्पताल टीम का आभार प्रकट किया। डॉ. कृष्णा सहित सोसायटी के अनेक लोग उपस्थित थे।

## केएल मेहता का 12 वीं का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के नतीजे घोषित किए गए। जिसमें हर वर्ष की तरह केएल मेहता दयानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेहरू ग्राउंड का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसमें शिवम उपाध्याय -(साइंस)- 95.4 प्रतिशत, ईशा विरमानी (कॉमर्स)- 94.5 प्रतिशत, शृष्टि (आर्ट्स)- 92.4 प्रतिशत ने स्कूल का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्या डॉ. गीता यादव ने कहा कि आज मैं बेहद खुशी का अनुभव कर रही हूं। क्योंकि बच्चों ने अपनी काबिलियत दिखाई और केएल मेहता दयानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेहरू ग्राउंड का नाम रोशन किया।

उन्होंने कहा कि मुझे आप सभी बच्चों पर गर्व है। मैं आपके लिए उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और भगवान से प्रार्थना करती हूं कि आप हमेशा अपने जीवन मे उच्चतम उपलब्धियां हासिल करें, जहां आप एक आत्मविश्वासी, स्वाभिमानी, निष्ठावान, सत्यवान, कर्मठ, दयावान व निष्पक्ष नागरिक बने द्व स्वयं को तथा अपने देश को तरक्की के मार्ग पर अग्रसर करें।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 03 अगस्त, 2021



# वैक्सीन के लिए शहर ही नहीं दिल्ली और यूपी से भी आ रहे लोग

## बीके अस्पताल में कोरोना जांच और वैक्सीन के लिए लगी लम्बी लाइनें

## 1500 से अधिक लोगों की लम्बी लाइनें बनी आकर्षण का केन्द

**कविता।** फरीदाबाद





**शहर** के केंद्रों में दिल्ली और यूपी के निवासी भी वैक्सीन लगवाने को पहुंच रहे है। इसका खुलासा सोमवार को शहर के बीके सिविल अस्पताल में हुआ। जहां हरियाणा के अलावा अन्य दिल्ली समेत अन्य राज्यों से भी लोग वैक्सीन लगवाने को पहुंचे। जिससे यहां सैकड़ों लोगों की भीड़ रोज लग रही है।

सभी सरकारी डिस्पेंसरियों में वैक्सीन लगने के बावजूद बीके सिविल अस्पताल में वैक्सीन के लिए लम्बी लाइनें लग रही हैं। पूछताछ करने पर सामने आया कि यहां फरीदाबाद के अलावा दिल्ली और यूपी के लोग आए हैं। पूरे जिले में 3930 लोगों ने कोरोना की जांच करवाई। जिसमें बीके अस्पताल में वैक्सीन लगवाने के लिए 1500 लोगों की गई।

### लगी लम्बी लाइन

**बीके** सिविल अस्पताल में वैक्सीन से पहले कोरोना जांच करवाना अनिवार्य है। जिससे यहां कोरोना जांच प्रयोगशाला में सोमवार को सुबह से ही लम्बी लाइन लग गई। यहां करीब 1500 से अधिक लोग लाइनों में लगे थे। 300 लोग सुबह साढ़े 10 बजे तक जांच करवा चुके थे।

### हो गया हंगामा

**बीके** अस्पताल में सैकेंड डोज के लिए अलग व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां वैक्सीन को भीड़ नहीं थी। वहां पहुंच रहे लोगों को वैक्सीन की डोज से पहले कोरोना जांच के लिए कहा, लेकिन कुछ लोग यह सुनकर भड़क गए। क्योंकि जांच केन्द्र के बाहर लम्बी लाइन लगी थी।

वहीं कुछ लोगों ने इस बात को लेकर कर्मचारियों से झगड़ना शुरू कर दिया, कि डोज लगवाने के लिए सरकार ने कोरोना जांच करवाने के किसी तरह के कोई निर्देश नहीं जारी किए हैं। यदि ऐसा है, तो वह वैक्सीन से पहले जांच के आदेश दिखाए। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई। जिस पर चिकित्सक और पुलिस कर्मी ने आकर लोगों को समझाया। तब जाकर लोग शांत हुए।

### वैक्सीन को बाहर से लोग

**एक** दिन पहले ही कोरोना जांच करवा चुके लोग सुबह ही वैक्सीनेशन सेंटर की लाइन में लग गए। केंद्र पर सुबह 11 बजे तक करीब 300 लोगों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगी। लाइनों में खड़े लोगों ने बताया कि इनमें कुछ दिल्ली और यूपी से यहां पर वैक्सीन लगवाने के सीधा आए हैं।

# किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रयास कर रही सरकार: शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामविलास शर्मा फरीदाबाद और पलवल के निजी कार्यक्रम में शामिल होने बाद फरीदाबाद के मिलन वाटिका पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए बेहतर प्रयास कर रही है। आज दक्षिणी हरियाणा में बाजारे की पैदावार बढ़ी है।

सरकार में किसानों को बाजारे की खेती के लिए बढ़ावा दिया है। हरियाणा में बाजरे की एमएसपी 2250 प्रति किवंटल रुपए तय किये गए हैं। जबकि कांग्रेस शासन वाले पड़ोसी राज्य में बाजरे का रेट काफी कम है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में नारनोल महेंद्रगढ़ से चंडीगड़ जाने के लिए हाइवे नंबर 152 डी बनाकर दक्षिणी हरियाणा के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा पिछली मनोहर सरकार में माधोगढ़ का किला ओर झील बनाकर लोगो को हरियाणा में एक नया पर्यटन स्थल दिया था । आज माधोगढ़ किले को देखने हर रोज 400 से 500 टूरिस्ट आते है। यही नही जिन गांवों में जल स्तर नीचे है उनमें संचयन के लिये कार्य किया गया है। इस मौके पर उन्होंने बल्लबगढ़ में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई और भिवानी में कृषि मंत्री जेपी दलाल की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा को भी जोरदार बताया।

इस मौके पर उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से की मुलाकात करते हुए बीजेपी की रीति ओर नीति के बारे में बताते हुए मूलमंत्र दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अगस्त को महेंद्रगढ़ में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश भर में यह तिरंगा यात्रा शहीदों के सम्मान में निकाली जा रही है यही नहीं हरियाणा में आज मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में चहुमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा भाजपा नेता राजकुमार बोहरा के पिताश्री के निधन पर शोक प्रकट करने उनके एनआईटी स्थित घर पहुँचे, उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, बृजलाल शर्मा, पारस जैन, ताराचंद शर्मा, मुजेसर मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग, दिपांसु अरोड़ा, कार्तिक वशिष्ठ, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, योगेश शर्मा, भगवान दास गोयल, करमचंद शर्मा, राकेश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोरोना: एक पॉजिटिव आंकड़ा पहुंचा 99775



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में सोमवार को कोरोना का एक मामला सामने आया हैं। जबकि दो लोगों ने कोरोना को मात दी है। वे स्वास्थ्य होकर अपने घरों में चले गए हैं। वहीं सोमवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार जिले में अब तक 926172 लोगों को अब तक सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 926081 हो गई है। जिसमें फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या 13 है। जिसमें 7 पॉजिटिव केसों को विभिन्न अस्पतालों में दाखिल किया गया है। वहीं होम आईसोलेशन पर जिले में छह लोगों को रखा गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 3930 लोगों के टेस्ट किए गए।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1009857 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99775 |
| अब तक नेगेटिव | : 908833 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1249 |
| आक्सीजन पर है | : 05 |
| वैंटीलेटर पर है | : 01 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99046 |

# निराश्रित बच्चों को मिलेगी आर्थिक सहायता : उपायुक्त

## माता-पिता खो चुके बच्चों की मददगार बन रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने बताया कि कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों की मददगार हरियाणा सरकार बन रही है। कोरोना संक्रमण के दौरान बेसहारा हुए बच्चों के जीवन यापन व अन्य जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

उपायुक्त यशपाल ने कहा कि जनहित में सरकार का यह निर्णय निश्चित तौर पर उल्लेखनीय कदम है। उन्होंने बताया कि कोविड -19 के दौरान बेसहारा व अनाथ हुए बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत हर महीने 2500 रुपए नगद आर्थिक सहायता के तौर पर दिए जाएंगे तथा बच्चे को संभालने वाले परिवार को 12 हजार रुपए की वार्षिक राशि आर्थिक सहायता के तौर पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सहायता बच्चों के 18 वर्ष (वयस्क) होने तक ही दी जाएगी। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत यह प्रक्रिया पूरा करने के लिए www.wedhry.gov.in¥Íßæ www.cdhry.gov.in पर भी आवेदन कर सकते हैं। जिन बच्चों के माता पिता की कोविड-19 के संक्रमण से मृत्यु हो गई है उनकी कागजी कार्रवाई यथाशीघ्र पूरी करना सुनिश्चित करें।

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी अनिता शर्मा ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है ताकि जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ प्रभावी रूप से दिया जा सके। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान पीड़ित बच्चों व उनके परिजनों से अपील करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द बच्चों के माता-पिता का ब्योरा महिला एवं बाल विकास अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाएं।

# दबंगों ने परिवार से मारपीट कर दुकान का सामान जलाया

## पीड़ित परिवार ने आप नेता संतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त से मुलाकात की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मारपीट** करने, जान से मारने की धमकी देने तथा दुकान में आग लगाकर जलाने के आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर उनसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी पक्ष के लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न होने से खफा पीड़ित पक्ष के लोगों ने आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष संतोष यादव के साथ पुलिस आयुक्त ओपी सिंह से मुलाकात कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

यादव ने पुलिस आयुक्त को बताया कि हिना पत्नी राहुल उर्फ निपुन का बसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद में मकान है तथा हिना व उसके पति ने जरनल स्टोर व आरओ पानी बेचने की दुकान खोली हुई है। हिना ने पुलिस आयुक्त को बताया कि उनके पड़ौसी ने मकान बनाने के लिए दीवार तोड़ी थी। 22 जून को दुकान में देवर नितिन सो रहा था। इसी बीच डूडल उर्फ ओमप्रकाश, तरूण, तरुण का भाई अरुण, कालू, हिमान्शु, मयंक व तरुण के साले राहुल व पीयूष व अन्य 20-25 अन्य साथियों ने दुकान के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की व नितिन पर लाठी, डण्डों, सरियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। जब मेरे ससुर व पति दुकान पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया और थाना ओल्ड फरीदाबाद पुलिस में शिकायत भी दी। हिना ने बताया कि जब उनके परिवार सदस्य अस्पताल में थे, पीछे से आरोपियों ने सारा सामान लूटा लिया और दुकान को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने उल्टा मेरे पति को विगत दो जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। दुकान में आग लगाने की शिकायत हिना ने 6 जुलाई को पुलिस आयुक्त और आठ जुलाई को थाना ओल्ड़ फरीदाबाद पुलिस में शिकायत की। लेकिन अभी तक हमारा मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। समाजसेवी जगदीश ने कहा कि हम दलित समाज से है। ओल्ड फरीदाबाद पुलिस गरीबों व दलितों की सुनवाई करने की बजाय दबंगों का साथ दे रही है।

# विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-28 स्थित सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस में जल शक्ति अभियान पर आज एक विचार गोष्ठी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य जल संसाधनों के बेहतर प्रयोग से संबंधित जानकारी को विद्यार्थियों के साथ साझा करना था। वक्ताओं के द्वारा कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर एक दौड़ का आयोजन किया गया। एक मानव श्रृंखला के द्वारा जल शक्ति के संदेश को प्रसारित और प्रचारित किया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान एक शपथ भी ली कि वे सभी जल संसाधनों का भविष्य में बेहतर प्रयोग करेंगे तथा समाज में इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र की सभी अकादमिक और तकनीकी टीम के सदस्यों ने बेहतर सामंजस्य का प्रदर्शन किया और यह तय किया गया कि और भविष्य में जल संसाधनों के प्रति जागरुकता से सम्बन्धित आयोजन जारी रहेंगे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को ग्रीन फील्ड कॉलोनी महात्मा गांधी मार्ग, गेट नंबर 5 की सड़क के आरएमसी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क का निर्माण भागीदारी स्कीम के लिए तहत किया जा रहा है। कृष्णपाल गुर्जर ने ग्रीन फील्ड कॉलोनी का विकास करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मौके पर स्थानीय पार्षद हेमा बैंसला के पिता एवं पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला व अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी के चेयरमैन प्रोफेसर भारत भूषण मुख्य रुप से मौजूद रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि इस सड़क का निर्माण लगभग 65 लाख रुपये की लगात से किया जा रहा है। इसके निर्माण का 70 प्रतिशत पैसा अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी, 20 प्रतिशत स्थानीय बिल्डर असोसिएशन व 10 प्रतिशत पैसा कैलाश बैंसला द्वारा अपने निजी कोष से दिया जा रहा है। प्राइवेट कॉलोनी तथा कोर्ट में मामला होने के कारण ग्रीन फील्ड कॉलोनी में सरकार की तरफ से विकास कार्य नहीं कराए जा सकते हैं। ऐसे में यहां के निवासी, पार्षद तथा मिलकर आपसी सहयोग से यहां पर विकास कार्यों को पूरा करने के प्रयासों में लगे रहते हैं। अभी तक कैलाश बैसला लगभग 100 रोड्स समेन्टेड बनाने के लिए एक करोड़ से भी ज्यादा फंड अपनी पर्सनल पॉकेट से दे चुके हैं। जहां तक इस क्षेत्र में बिजली, पानी व अंडरपास से संबंधित समस्या है, उसका समाधान हम प्रदेश व केंद्र सरकार की तरफ से कराएंगे। मौके पर कैलाश बैंसला ने केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने एनएचपीसी की तरफ से आने वाली सड़क को दुरस्त कराने व एनएचपीसी अंडरपास में जल भराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की।

कंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि उनकी बात एनएचपीसी कंपनी से चल रही है और कंपनी द्वारा ही इस रोड को नेशनल हाइवे से लेकर सूरजकुंड रोड तक बेहतर बनाने का काम कराया जाएगा। अंडरपास की समस्या का भी पूरा समाधान होगा। यहां पर संपवैल बनाए जांएगे, जिससे पानी की निकासी की व्यवस्था हो सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है। इसलिए फरीदाबाद में एफएमडीए का गठन किया है।

# रास्ता भटके बच्चे को पुलिस ने पहुंचाया घर

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-19 की पुलिस टीम रात्रि गस्त के दौरान 12 वर्षीय एक लड़का लावारिस अवस्था में घूमते हुए दिखा। बच्चा नाम, पता और फोन नंबर बताने में असमर्थ था। घटना के बारे में चौकी प्रभारी को सूचना दी। जिस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित कर लडके को परिजनो का पते पर सौंपने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस चौकी सेक्टर-19 पुलिस टीम जो रात्रि के दौरान बडखल फ्लाईओवर के पास एक किशोर बच्चा लावारिस हालत में घूमते हुए मिला। पुलिस को देखकर वह डर गया। पुलिस टीम को उस पर शक होने पर पूछताछ की तो मालूम हुआ कि वह अपने घर से निकल आया है। उसको अपने घर का नहीं पता है। जो अभी अपने गांव राजस्थान के भरतपुर जिले से अपने माता-पिता के साथ यहां आया हैं। पुलिस टीम ने कोई सूचना ना मिलने पर बच्चे को उसके बताये हुए पते पर ले जाकर देखा कि बड़खल कालोनी में लडके को उसके माता-पिता ढूंढ रहे थे। अपने लड़के को देख काफी खुश हुए।

# शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है तिरंगा यात्रा : शर्मा



## शहीदों का सम्मान करना हमारा नैतिक फर्ज

**फरीदाबाद।** शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालकर उन देशभक्त शहीदों को याद किया जाएगा। जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

शहीदों का सम्मान ही उनकी सच्ची श्रृद्धांजलि है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की। बैठक में विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता वजीर सिंह डागर मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि आजादी का पावन पर्व शहीदों के सम्मान में मनाया जाता है। भाजपा जिला फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य पर सैकड़ों देश भक्त लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता हर विधानसभा में देशभक्ति की भावनाएं जन-जन में पैदा करके देश भक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकालेंगे। शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके और उनको नमन करके तिरंगा यात्रा शुरुआत की जाएगी और राष्ट्रगान के साथ यात्रा सम्पन्न की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## राजपूत समाज ने उपायुक्त और पुलिस आयुक्त को सौपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** गुज्जर समाज के कुछ लोगों द्वारा क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार और राजा अनंगपाल तोमर के गुज्जर सम्राट के रूप में प्रस्तावित मूर्ति स्थापना के विरोध में राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला उपायुक्त और पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौपा। पिछले कई दिनों से फरीदाबाद के ग्राम अनंगपुर में आठ अगस्त को गुज्जर समाज के कुछ लोगों द्वारा क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार और राजा अनंगपाल तोमर की मूर्ति स्थापना के चल रहे समाचार के बाद देश भर में राजपूत समाज में रोष और भारी विरोध है। इसी बारे में समस्त क्षत्रिय संगठनों ने महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 8 में आयोजित एक पंचायत में मूर्ति स्थापना को लेकर आगामी रणनीति बनाई थी। जिसके चलते आप सभी राजपूत संगठनों, वकीलों और समाज के लोगों ने जिला उपायुक्त व पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौपा और मांग की गई कि इस मूर्ति स्थापना को अविलंब रोका जाए। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में ऐतिहासिक दस्तावेज और राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां सौंपी गईं। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल राजेश रावत, बीरेन्द्र गौड, जेपी भाटी, भूपेश रावत, मुकेश भाटी, कमल सिंह तंवर, संजीव चौहान, अनिल गौड़, प्रमोद तोमर, उमेश भाटी, अजय राठौर, राजकुमार गौड़, प्रदीप परमार, बौबी रावत, वंदना सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जिले में लगवाया 13226 लोगों ने टीका



**फरीदाबाद।** जिले में 13226 लोगों ने सोमवार को टीका लगवाया। जिसमें निजी टीकाकरण केन्द्रों पर 1576 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। जिसमें फ्रंट लाइन वर्करों में 42 और 36 हेल्थ केयर वर्करो ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में 8773 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 4375 लोगों ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वहीं जिले में मंगलवार को 50 सरकारी केन्द्रों पर कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगेगी। इसके अलावा 12 निजी केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा।

## शिविर में 375 लोगों ने नेत्र जांच और 100 ने लगवाई वैक्सीन



**फरीदाबाद।** नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा तारा नेत्र संस्थान के सहयोग से विश्वास कान्वेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल डबुआ कालोनी में तीसरा नेत्र जांच एवं कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ प्रदीप गुप्ता व ज्योति गुप्ता, भाजपा नंगला के अध्यक्ष कविन्द्र फागना, शिक्षाविद् अमित जैन ने रिबन काटकर किया। नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव व उनकी टीम के सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर व बुके तथा स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि इस शिविर में 375 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। जिसमें से 200 लोगों को निशुल्क चश्में व 175 लोगों को दवाईयां वितरित की गई। साथ ही 32 लोगों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया। वहीं कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प में 100 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। समाजसेवी संजीव कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष संतोष यादव, जेडीयू के राष्ट्रीय युवा सचिव सचिन तंवर, समाजसेवी भोपाल खटाना, नवीन, मनीष शर्मा तथा संगठन के महेश सैनी, राजेश सिंह, अशोक पौद्दार, दीपक नेगी, दिनेश राघव, नीरज नरुला, रवि चौहान आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

## घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने शहर में हो रहे अपराधों का संज्ञान लेते हुए चोरी, छीना झपटी, जुआ, एवं सट्टाखाई करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए व अपराधों को काबू करने के सभी क्राइम ब्रांचों को आदेश दिए गये। जिसपर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 पुलिस टीम ने आरोपी आशीष को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस पूछताछ मे आरोपी की पहचान आशीष निवासी न्यू बसेल्वा कालोनी ओल्ड फरीदाबाद के रुप में हुई है। गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा पुलिस टीम ने आरोपी को ओल्ड फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है।


## PUBLIC NOTICE

### समिति की आम सभा बुलाने का नोटिस

**समिति सदस्य का नाम :** All Members, The Shri Krishna CGHS Ltd.

**पता :** GH-11, Sector-21-D, Faridabad (Haryana)

**विषय :** समिति की एक आम सभा दिनांक 07.08.2021 वार शनिवार को सुबह 11 बजे जिमखाना क्लब, सैक्टर 21 सी, III में रखी जानी तय हुई है। जिसकी सूचना सभी समिति सदस्यो व सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समिति कार्यालय, फरीदाबाद को दी जाती है।

**आम सभा का ऐजेन्डा निम्न है :-**

1. समिति के निर्माण कार्य का विश्लेशन व आगे की कार्यावाही पर निर्णय।
2. समिति की नई प्रबन्धक कमेटी द्वारा अब तक किये गए कार्यो को आम सभा में चर्चा व मन्जूरी देने बारे।
3. नई प्रबन्धक कमेटी द्वारा 18.07.2019 के बाद तैयार किये गए एकाउंट्स जो कि 31.03.2020 तक समिति ने ऑडिट कराये है उसके बाद 01.04.2020 से 31.03.2021 तक के एकाउंट्स का ब्योरा व आम सभा द्वारा मन्जूरी।
4. पुरानी प्रबन्धक कमेटी के 7 सदस्यो द्वारा किये गए गबन के लिये सहकारी समिति फरीदाबाद द्वारा दर्ज FIR No. 340 दिनांक 20.10.2020 की आगामी कार्यावाही पर चर्चा एवं निर्णय।
5. पुरानी प्रबन्धक कमेटी के 7 सदस्यो (Keshav Aggarwal s/o Sh. D.P. Aggarwal (President) ; Devender Aggarwal s/o Sh. D.P. Aggarwal (Cashier) ; Sudhir Sharma s/o Sh. C.L. Sharma (Vice President); Shailendra Sharma s/o Sh. JL Sharma (Member Committee); Vijay Kumar Kaushik s/o Sh. S.L. Sharma (Member Committee); Ramesh Chand Bhardwaj s/o Sh. NS Bhardwaj (Member Committee); Manoj Sharma s/o Sh. IC Sharma (Member Committee)की समिति से सदस्यता खारिज करने व निष्काषित करने बारे मे आम सभा मे निर्णय कर उनके स्थान पर नए सदस्य शामिल करने के बारे मे प्रस्ताव व निर्णय।
6. समिति के सभी 60 सदस्यो में फ्लैटों का ड्रा और अलॉटमेंट करने बारे।
7. समिति के जो सदस्य बार बार नोटिस देने के बाद भी अपनी हिस्सा राशि जमा नही करा रहे है उन सदस्यो की सदस्यता खारिज व निष्काशन की कार्यावाही करने बारे चर्चा एवं निर्णय।
8. समिति के हित में किसी भी अन्य विषय/ऐजेंन्डा पर प्रधान की सहमति से विचार व निर्णय।

प्रेक्षक : श्री कृष्णा को - ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड
Plot No. GH-11, Sector - 21-D, Faridabad
सचिव : मनीष गौतम 9810952122, दिनांक : 21.07.2021

# विधायक ने तिरंगा यात्रा की जिम्मेदारी सौंप, उद्घोषों का कराया पूर्वाभ्यास

### यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला ने बैठक में दिए कई सुझाव

### भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बैठक की अध्यक्षता कर दिए निर्देश


विधायक के कार्यालय में तिरंगा यात्रा बैठक में मौजूद विधायक व अन्य नेतागण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से आगामी 7 अगस्त को शहीदों के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने भी शिरकत की। जिला महामंत्री महेश यादव ने तिरंगा यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले उद्घोष का अभ्यास कराया। बैठक में भाजपा गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश, जिला, मंडलों एवं मोर्चों के पदाधिकारी, विधानसभा, मंडल प्रभारी, महापौर मधु आजाद, उप-महापौर सुनीता यादव, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली की उपस्थिति रही। यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला ने बैठक में बताया कि यह तिरंगा यात्रा संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर शहीदों के सम्मान में आ सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हम सब मिलकर शहीदों को सम्मान देते हुए भावी पीढ़ियों में भी देशभक्ति की भावना को जागृत करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि शहीदों को सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है। जिनकी शहादत से आज देश सुरक्षित है, हम सब सुरक्षित हैं। उन्हें सम्मान देना कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त की इस तिरंगा यात्रा में हर उम्र का व्यक्ति शामिल होकर शहीदों को नमन करें। बैठक का संचालन निगम पार्षद सुभाष सिंगला ने किया।

# प्रॉपर्टी टैक्स पर पहले वेव ऑफ, फिर 10 प्रतिशत छूट भी

### 30 सितम्बर तक प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके पाएं भारी छूट का लाभ

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की हिदायत के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 30 सितम्बर तक संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को भारी छूट का लाभ दिया जा रहा है। गुरुग्राम के संपत्ति मालिक समय से पूर्व अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी मौके का लाभ प्राप्त करें।

हरियाणा सरकार द्वारा संपत्ति मालिकों की सुविधा के तहत वित्त वर्ष 2021-22 के प्रॉपर्टी टैक्स की डिमांड में 25 प्रतिशत की राशि को वेव ऑफ करने तथा शेष बची राशि पर 10 प्रतिशत की छूट देने बारे अधिसूचना जारी की गई थी। उदाहरण के तौर पर अगर मौजूदा वित्त वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स की मांग 100 रुपये थी तो उसे वेव ऑफ करके 75 रुपये कर दिया गया है। शेष बची 75 रुपये की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। सरकार द्वारा यह सुनहरी मौका प्रॉपर्टी मालिकों को दिया गया है। नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित जिन संपत्ति मालिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी अभी तक नहीं की है, वे जल्द से जल्द अपने संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी योजना का लाभ उठाएं।

### अदायगी नहीं करने पर दंड का है प्रावधान

**हरियाणा** नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रकार के भवनों एवं खाली प्लाटों का वार्षिक रूप से प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाना अनिवार्य है। प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी नहीं करने की सूरत में 18 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाता है तथा डिफॉल्टर प्रॉपर्टीज के सीवर-पानी कनेक्शन काटने के साथ ही उन्हें सील करके नीलामी की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को मंदिरों में किया श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक



**सोहना।** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक किया। हल्की बूंदा-बांदी होने के बावजूद भक्तजन मंदिरों तक पहुंचे। सावन माह के दूसरे सोमवार को भी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को भोग लगाते हुए पूजा अर्चना की। शहर के वार्ड नंबर 6, 8, 10, 14, 16, 05 आदि में भने भगवान भोले के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भोले का भोग लगाने के बाद अपना रोजाना का काम काज को शुरू किया। शहर के शिव कुंड में स्थित मंदिर पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मेहनत चमनपुरी ने बताया कि श्रावण माह में श्रद्धालु दान पुन: करने मे विश्वास रखते है। भंडारे लगाकर लोगों को प्रसाद वितरण करते है।

### रहस्यमयी परिस्थिति में नाबालिग लड़की हुई लापता

**पलवल।** कैप थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने लापता लड़की के भाई की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई धर्मपाल के अनुसार एक पीड़ित युवक ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बहन बीती 27 जुलाई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका आज तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब सहित दो व्यक्ति और नियमों का उल्लंघन करता एक गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को लॉकडाउन के नियमों का उल्लघंन करते व दो लोगों को बगैर परमिट वाली शराब सहित गिरफ्तार किया है। जबकि एक व्यक्ति पुलिस की भनक लगते ही शराब को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तीन नामजद व एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान के अनुसार मुंडकटी थाना पुलिस ने लोहिना गांव बिजन को बंचारी गांव के समीप काबू कर 27 अद्धा देशी शराब, होड़ल थाना पुलिस ने बेढ़ा पट्टी निवासी रोहित बाइक पर शराब ले जाते हुए हसनपुर चौक पर काबू कर उसके कब्जे से 144 पव्वा देशी शराब को बरामद किया है। इसी प्रकार हसनपुर थाना पुलिस ने घासेड़ा गांव 72 पव्वा देशी शराब को बरामद किया जबकि आरोपी पुलिस को देख बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। इसी प्रकार उटावड थाना पुलिस ने रुपड़ाका गांव निवासी शबीर को लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते गांव से ही काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** बेल जम्प के आरोप में गिरफ्तार आरोपी से बहीन थाना पुलिस ने अवैध हथियार को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी एसआई जोगेंद्र ने बताया कि वर्ष 2010 में जानलेवा हमला करने के आरोप में आरोपी मुनसरीफ निवासी कोट गांव जमानत पर आने के बाद अदालत के तय समय के अनुसार पेश नहीं हो रहा था। आरोपी मुनसरीफ को हैड कांस्टेबल सुशील व संदीप के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र से काबू कर किया गया तो मुखबिर खास ने बताया कि मुनसरीफ अवैध हथियार रखता है। जिसके बाद आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई तो उसके कब्जे से एक देशी बंदूक व दो जिंदा कारतूस बरामद किये गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुरुग्राम कैनाल में शव मिलने से हड़कंप

**सोहना।** भोगपुर मंडी के पास गुरुग्राम नहर में शव तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मचा। नहर से बाहर निकालने पर मृतक की पहचान हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। रविवार की शाम चार बजे सोहना सदर थाना के गांव भोगपुर मंडी के पास जा रही गुरुग्राम कैनाल में ग्रामीणों ने शव को तैरता हुआ देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम को एक सौ नंबर पर दे दी। सूचना मिलने पर सदर थाना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल लिया। जिसकी पहचान 68 वर्षीय रामकुमार पुत्र जोधाराम निवासी गांव भोगपुर मंडी के रूप में हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सोहना में रखवा दिया गया। जिसका सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि रामकुमार टोकरे बेचने का काम करता है। रामकुमार शनिवार की सुबह टोकरे बेचने के लिए घर से निकला था, लेकिन रविवार की शाम तक घर वापस नहीं पहुंचा था। मृतक शराब पीने का आदि था। रामकुमार पैर फिसलने से नजर में जा गिरा। लेकिन 24 घंटा बाद रामकुमार का शव पानी के ऊपर आ गया।

### दंपति का रास्ता रोक महिला का किया अपहरण

**नूंह।** इंडरी खंड के एक गांव में चार आरोपियों द्वारा एक दंपति का रास्ता रोक महिला अपहरण कर पहाड़ में ले जाकर छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला की वीडियो भी बना ली और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 30 हजार रुपये की डिमांड की। डिमांड पूरी न करने पर आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब इस बारे में दंपति को पता चला तो महिला व उसके पति ने रोजकामेव थाने में नवाबगढ गांव के साबिर पुत्र फजरू, तिक्कम उर्फ मुकीम पुत्र निजरू, अब्बल पुत्र अनीस, परवेज पुत्र शहीदा के खिलाफ शिकायत देकर दी। वहीं पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेकर

# गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल की सुरक्षा है रामभरोसे


गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल के सर्जीकल वार्ड में घुसकर बैठने वाला व्यक्ति।

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल की सुरक्षा रामभरोसे हैं। यहां पर सुरक्षाकर्मियों के नाम पर शायद खानापूर्ति ही की जा रही है। किसी तरह की परेशानी होने पर यहां कोई सुरक्षा करने वाला नजर नहीं आता है। रविवार की दोपहर को भी ऐसा ही हुआ।

रविवार को छुट्टी होने के चलते दोपहर के समय अस्पताल काफी सुनसान नजर आ रहा था। वार्डों में भर्ती मरीजों, स्टाफ सदस्यों के अलावा अस्पताल में किसी तरह की भीड़ नहीं थी। इसी बीच अस्पताल के सर्जीकल वार्ड में एक व्यक्ति के छिपे होने का पता चला। करीब एक घंटे से वह वार्ड में ही छिपा हुआ था। वह ना तो मरीज था और ना ही किसी मरीज का तिमारदार। मरीजों के तिमारदारों व वहां मौजूद महिला स्टाफ द्वारा उसे वार्ड से बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बाहर निकलने को तैयार ही नहीं था। 10-15 के करीब चतुर्थ श्रेणी महिला स्टाफ उसे बाहर निकालने का प्रयास कर रही थी। वह वार्ड के भीतर ही कोने में बैठा खुद की जान को खतरा बता रहा था। चतुर्थ श्रेणी महिला स्टाफ उसे हाथ लगाने में भी डर रही थी। अस्पताल के भीतर कोई सुरक्षाकर्मी ही नहीं था। महिला कर्मचारियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों को ढूंढा गया, लेकिन वे कहीं नजर नहीं आए। एक-दो सुरक्षाकर्मी बाहर मुख्य गेट पर थे। काफी समय बाद वह इस शर्त पर बाहर निकलकर आया कि उसे पुलिस चौकी ले जाओ। वार्ड से बाहर निकलने पर मरीजों और स्टाफ ने राहत की सांस ली। मरीजों में भी उसके रहने से डर पैदा हो गया कि वहां कोई उस पर हमला करता है तो उन्हें भी दिक्कत होगी। खैर, वह व्यक्ति वार्ड से बाहर निकलकर गेट नंबर-2 के पास बैठ गया। वहां भी काफी देर महिला कर्मचारियों ने उससे बात की, फिर वह उठकर बाहर की तरफ निकला।

### शाम ढलने के साथ सुनसान हो जाता है अस्पताल

अब सवाल यह उठता है कि नागरिक अस्पताल में सुरक्षा के लिहाज से कुछ व्यवस्था नहीं है। अगर कोई अनहोनी होती तो उसका कौन जिम्मेदार होगा। अस्पताल का स्टाफ भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अस्पताल में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, फिर भी यहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं। ऐसे में कभी भी यहां बड़ा हादसा या बड़ी घटना हो सकती है। इस तरह किसी का भी ध्यान नहीं है। इस बारे में जब अस्पताल की पीएमओ डा. दीपा सिंधू को फोन किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। वहीं अस्पताल के डीएमएस डा. मनीष राठी से अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वैसे तो अस्पताल में प्राइवेट सिक्योरिटी है। अगर इस तरह से लापरवाही हुई है तो सिक्योरिटी एजेंसी को नोटिस जारी किया जाएगा। अस्पताल की सुरक्षा में चूक ना हो और सुरक्षा पुख्ता हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

# एकतरफा प्रेम में गोली चलाने वाला गिरफ्तार नहीं

### प्रेम में पागल प्रमोद ने दिनेश उर्फ संतु को उसके ही घर के बाहर कट्टा से मार दी थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** शदर थाना पुलिस के हाथ चार दिन बीत जाने के एकतरफा प्यार में युवती के पिता पर जान लेवा करने वाले नहीं पहुंच सके है। घायल युवती के पिता के परिजनों ने पुलिस से मिलकर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

सोमवार को दमदमा से आए ग्रामीणों ने सोहना सदर थाना पुलिस के एसएचओ इंस्पेक्टर उमेश कुमार और जांच अधिकारी एसआई धर्मबीर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने चार दिन पहले दिनेश उर्फ संतु पर फायरिंग करने का आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार करने की मांग की।

गोली लगने से घायल दिनेश उर्फ संतु के चाचा किरन ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। प्रमोद की गिरफ्तारी को लेकर कई स्थानों पर छापामारी करने की बात कही है। उन्होंने ने बताया प्रमोद के रिश्तेदारों के घर पर भी छापे मारे गए हैं।

### आंख की रोशनी हुई खत्म

**घायल** दिनेश उर्फ संतु के चाचा किरन ने बताया कि डॉक्टर ने बताया है कि जिस आंख के पास गोली लगकर गई थी। उस आंख की रोशनी खत्म हो गई है। अब दिनेश उर्फ संतु जीवन भर इस आंख से देख नहीं सकेगा।

ये था घटनाक्रम शुक्रवार को गांव दमदमा में एक तरफा प्रेम में पागल यहां के निवासी प्रमोद ने दिनेश उर्फ संतु को उसके ही घर के बाहर कट्टा से गोली मार दी थी। पुलिस ने घायल दिनेश उर्फ संतु के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया था।

# पौधारोपण करके पर्यावरण बचाने का संदेश दिया


वार्ड-12 की आईटीआई कॉलोनी में पौधारोपण करते हुए स्थानीय नागरिक।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** की वार्ड-12 की आईटीआई कॉलोनी के निवासियों ने पौधारोपण करके पर्यावरण को सुरक्षित बनाने का संदेश दिया। कॉलोनियों के लोगों ने 250 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। कोविड कॉल में पेड़ों का जीवन में क्या महत्व है। यह हर नागरिक को ऑक्सीजन न मिलने से जिन्दगी की मौत हार जाने वालों से सीखने का मिला है।

बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही पौधारोपण के कार्य में तेजी आ गई है। पौधारोपण के कार्यों में ऑक्सीजन देने वाले पौधों को महत्व दिया जा रहा है। इसी महत्वता को समझते हुए रविवार को शहर के वार्ड-12 की आईटीआई कॉलोनी के निवासियों ने सामूहिक रूप से पौधोरोपण किया। कॉलोनी के निवासी लख्मी चंद शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों ने वन विभाग और परिषद की जमीन पर 250 पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन देने वाले पीपल, बढ़ के पौधों को भी लगाया जा रहा है। कॉलोनी के लोगों ने पौधों की तीन वर्ष तक देखरेख करने प्रतिज्ञा भी ली है।

### 70 हजार पौधे वितरित

**सोहना** में स्थित वन विभाग की नर्सरी से अब तक 70 हजार पौधे वितरण किए गए है। 80 हजार पौधे वितरण के लिए सुरक्षित है। सामाजिक संगठन से लेकर सरकारी विभाग और ग्रामीण पौधारोपण के लिए पौधे लेकर जा रहे है।

**अनिल कुमार**
रेंज अधिकारी, वन विभाग

# जस कालरा ने अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन वृद्ध आश्रम की कमान संभाली


गुरुग्राम के गांव बंधवाड़ी स्थित अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन वृद्ध आश्रम में जस कालरा का स्वागत करते संस्था के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बंधवाड़ी** गांव और मंडावर गांव में पिछले एक दशक से संचालित अनाथ व वृद्ध आश्रम में रहने वाले सेंकड़ों वृद्ध अपाहिज, अबला महिलाओं व मानसिक रोगियों की सेवा में लगे अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन की कमान अब मात्र 21 वर्ष के जस कालरा ने संभाल ली है। जस कालरा अनाथ, वृद्ध, मानसिक रोगियों व अपाहीज लोगों की सेवा में समर्पित विश्व विख्यात कर्म योगी रवि कालरा के पुत्र हैं।

अपने पिता रवि कालरा की समाज के प्रति निष्काम सेवाओं से प्रभावित होकर जस कालरा ने अपने अन्तरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बिजनेस को बढ़ाने के साथ-साथ वृद्ध व बेसहारा लोगों की निष्काम सेवा करने का प्रण भी ले लिया है। जस कालरा ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविधालय से साइक्लॉजी और क्रीमीनालोजी में स्नातक शिक्षा प्राप्त की है। जस मेलबर्न में अन्तरराष्ट्रीय फुटबाल लीग के सेंटर फुटबाल प्लेयर भी रह चुके हैं। सोमवार को जस कालरा का आश्रम में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

गरीब व अपाहिज लोगों ने जस कालरा को शुभकामनाएं दी। वृद्ध लोगों ने आशीर्वाद दिया। संस्था के सभी कर्मचारियों ने जस कालरा के साथ मिलकर समाज के उत्थान, मानव कल्याण, जीव-जन्तुओं और पर्यावरण की रक्षा करने में हर संभव सहयोग करने का प्रण भी लिया।

# सोहना में कोरोना हुआ छूमंतर वैक्सीनेशन को मची मारामारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के नागरिक अस्पताल में कोरोना जांच को लगी लंबी लाइन।

**सोहना** नागरिक अस्पताल में बीते डेढ़ माह से एक भी मामला कोरोना संक्रमित का नहीं आया है। कोरोना की जांच कराने वालों की संख्या एक दिन में 45 से 50 रह गई है। बीते डेढ़ माह में 2000 के करीब लोगों ने कोरोना की जांच कराई है। वैक्सीनेशन कराने के लिए लम्बी लाइन लग रही है। इससे किसी इंफेक्टेड व्यक्ति के शामिल होने पर इंफेक शन फैलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जनता ने वैक्सीनेशन के नाकाफी इंतजामों को लेकर नाराजगी जताई है।

एक तरफ देश ही नहीं विश्व में कोरोना की तीसरी लहर का खतरा मंढरा रहा है। केन्द्र व राज्य की सरकारें भी आम लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक कर रही है। इसके बावजूद कोरोना संक्रमण की जांच कराने वालों की संख्या एक दिन में 50 के करीब ही रह गई है। डॉक्टर चित्रा राठौड़ ने बताया कि पिछले 45 दिन में एक भी कोरोना संक्रमित का मामला नहीं आया है। विभाग की तरफसे हर दिन कोरोना जांच का एक शिविर नागरिक अस्पताल में नियमित रुप से चलाया जा रहा है।

### वैक्सीनेशन को जनता खासी परेशान

**नागरिक** अस्पताल में कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों की लंबी कतार समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। एक दिन में पहली व दूसरी डोज के 200 टीके लगाए जा रहे है। जबकि कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए टोकन की लाइन में लगने वाले 200 से 250 नागरिक टोकन न मिलने से निराश मन से अपने घरों को लौट रहे हैं।

# मिशन ग्रीन गुरुग्राम के तहत शुरू किया हुआ पौधारोपण

### अभियान में सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक केन्द्र में किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मिशन ग्रीन गुरुग्राम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में पौधा लगाते लोग।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा मिशन ग्रीन गुरुग्राम के तहत वृह्द स्तर पर विशेष पौधारोपण अभियान का शुभारंभ निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा रविवार को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र भोंडसी के प्रांगण से कर दिया गया है। अभियान के तहत सोमवार को भी नागरिकों ने सेक्टर-15 के सामुदायिक केन्द्र में पौधारोपण किया गया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा इस बार मानसून में पूरे अगस्त माह में प्रत्येक वार्ड में निगम पार्षदों के साथ मिलकर पौधारोपण किया जाएगा। इसके तहत एक लाख पेड़ तथा दो लाख झाड़ीनुमा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर निगम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार मिशन ग्रीन गुरूग्राम के तहत नगर निगम गुरुग्राम में डीएफओ सुभाष यादव को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ बागवानी शाखा के कार्यकारी अभियंताओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे अगस्त माह में मिशन ग्रीन गुरुग्राम के तहत पौधारोपण किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में निगम पार्षदों की अगुवाई में पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए भी कार्य किया जाएगा।

# अमृत महोत्सव कार्यक्रम: दिया स्वच्छ गुरुग्राम का संदेश

### जिला प्रोजेक्ट समन्वयक कल्पना सिंह पहुंचीं बतौर मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करते अतिथि।

**आजादी** के अमृत महोत्सव को गुरुग्राम में स्वच्छता एवं पॉलीथिन मुक्त अभियान के रूप में मनाया गया। नगर निगम गुरुग्राम, इकोग्रीन एनर्जी तथा बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-31 स्थित सामुदायिक केन्द्र में यह कार्यक्रम हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में शिक्षा विभाग गुरुग्राम की जिला प्रोजेक्ट समन्वयक कल्पना सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

मुख्य अतिथि कल्पना सिंह ने उपस्थित नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कचरा अलगाव के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। गीले-सूखे-घरेलू हानिकारक तथा मेडिकल कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखना चाहिए तथा कचरा उठाने वाला कर्मचारी जब आए तो उसे अलग-अलग श्रेणी में ही सौंपना चाहिए। इससे कचरे का प्रबंधन सही प्रकार से होगा तथा लैंडफिल साईट पर कचरे का दबाव कम होगा, जिससे हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। उन्होंने कहा कि यह शहर हम नागरिकों का है और इसकी बेहतरी के लिए हम सबकी भागीदारी होना बहुत ही जरूरी है। नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप सिंह ने नागरिकों को पॉलीथीन की बजाए कपड़े या जूट का थैला इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पॉलीथीन से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी तथा आह्वान किया कि बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े या जूट का थैला लेकर अवश्य जाएं। उन्होंने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्थापित कपड़ा थैला बैंक के माध्यम से अब तक लगभग 8 लाख पॉलीथिन को कम करने का लक्ष्य हासिल किया गया है। उनका उद्देश्य है कि गुरुग्राम पूरी तरह से पॉलीथीन मुक्त बने। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता सैनिकों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा-पत्र भेंट किए गए।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



उपायुक्त शक्ति सिंह स्वंतत्रता दिवस समारोह को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

### कोविड-19 की गाईडलाइन के तहत होगा कार्यक्रम का आयोजन

**यासीन** मेव डिग्री कालेज में जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्वास्थ्य सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए मनाया जाएगा। उपायुक्त शक्ति सिंह ने सोमवार को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई और अलग-अलग कार्यों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में डीसी शक्ति सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आठ अगस्त से रिहर्सल शुरु करें तथा 13 अगस्त को फाइनल रिहर्सल करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह-2021 में मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। हरियाणा पुलिस व होमगार्ड, डंबल शो व पीटी शो सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

उन्होंने कहा कि निर्धारित नियमों की अनुपालना करते हुए जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन इस बार होगा। जिसमें मुख्यातिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं व शहीद के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। कोविड-19 के कारण कार्यक्रम में भागीदार फेस मास्क का प्रयोग करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उपायुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विभागाध्यक्षों को स्वतंत्रता दिवस से सम्बंधित जो भी कार्य सौंपा गया है। उसकी समय रहते तैयरियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि फाइनल रिहर्सल व समारोह के दिन पीने के पानी की व्यवस्था जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी, एंबुलेंस की व्यवस्था सिविल सर्जन द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि स्वंतत्रता दिवस कार्यक्रम में समारोह स्थल पर मुख्य मंच की मरम्मत का कार्य कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। जबकि फूलदार पौधों के गमले जिला बागवानी विभाग तथा समारोह स्थल पर रंगोली का कार्य जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी की देखरेख में होगा। इस अवसर पर डिप्टी सीईओ गजेन्द्र सिंह, डीएसपी सुधीर तेनजा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया, जिला रोजगार अधिकारी रणजीत रावत, उप-निदेशक पशु पालन डा. नरेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनीता मलिक, डीएफएससी सीमा शर्मा, सचिव रेडक्रास महेश गुप्ता, अशरफ मेवाती सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# तथाकथित आंदोलकारियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करे सरकार : गंगादान डागर

### नूंह भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गंगादान डागर ने प्रेसवार्ता कर कहा

### एससी-एसटी आयोग के चेयरमैन विजय सांपला ने की कार्रवाई की मांग

**दीपक कुमार।** नूंह



नूंह स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गंगादान डागर और अन्य।

**सिरसा** जिले के गांव दादू में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन विजय सांपला के साथ तथाकथित आंदोलनकारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने के मामले में नूंह एससी मोर्चा ने सख्त एतराज और नाराजगी जताते हुए आंदोलकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस विषय के संदर्भ में भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गंगादान डागर ने सोमवार को नूंह स्थित भाजपा कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता कर आंदोलनकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा तथाकथित आंदोलनकारी आंदोलन के नाम पर देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। बीते वर्ष 26 जनवरी के दिन तथाकथित आंदोलनकारियों ने जिस तरह देश की प्राचीर इमारत पर दूसरा झंडा लगाकर तथा हिंसा करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा देश के राष्ट्रीय पर्व पर इस प्रकार की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने इस मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा तथाकथित आंदोलनकारियों ने हरियाणा ही नहीं बल्कि देश को शर्मशार करने का काम किया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था और मर्यादाओं के साथ विरोध करना तथा आंदोलन करने का हक सभी को है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आंदोलन के नाम पर संवैधानिक पदों पर बैठे सम्मानित लोगों का विरोध किया और रास्ता रोका जाए। इस मामले के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनपर उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयपाल जांगड़ा, एससी मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मबीर सिंह धमाला, हरपाल नाथ, सुरेश लाहबास, बीरसिंह, सुभाष, जितेंद्र, राजेंद्र, भीमसिंह, संजय कुमार, किशन नगीना सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान आमदनी बढ़ाने को लगाएं फलदार पौधे

### पलवल जिले के जैन्दापुर गांव में आयोजित हुआ फलदार पौध रोपण

**हथीन।** डॉ शिवसिंह रावत ने किसानों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। फल वाले पौधे लगाने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी तथा पर्यावरण संरक्षण भी होगा। वे सोमवार को पलवल जिले के जैन्दापुर गांव में आयोजित फलदार पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कुशलीपुर गांव से तीन लाख फलदार पौधरोपण अभियान की शुरुआत की थी।

डॉ शिव सिंह रावत ने फल वाले पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि फल वाले पौधे भुखमरी, गरीबी, प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहायक होते हैं। वायु मंडल से कार्बन डाईऑक्साइड गैस को सोखते हैं एवं आक्सीजन के रूप में शुद्ध हवा देते हैं। अधिक पेड़ होंगे तो अधिक बारिश होगी। पेड़ों से हरियाली होती है। पेड़ों की जड़ें जल को सहेज कर रखने में सहायक होती हैं। जो गिरते हुए भूजल स्तर को रोकने में मदद करती हैं। डॉ शिवसिंह रावत का मानना है कि फल वाले पौधों से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। किसान आत्म निर्भर बनेगा। फल खाने से सेहत अच्छी होगी। जिससे उसकी रोगों के लिए प्रतिरोधी क्षमता बढ़ेगी। कोरोना जैसी भयानक महामारी भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है।

डॉ शिवसिंह रावत ने कहा की पेड़ हमें मुफ्त में आक्सीजन देते हैं। जबकी कोरोना के दौरान आक्सीजन पैसों से भी नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने बताया की हमारा लक्ष्य पलवल जिले के गांवों में हर साल पांच लाख फल वाले पौधे लगवाने का है। लोगों से जनभागीदारी के माध्यम से पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने किसानों से कम पानी वाली फसल लगाने का आह्वान किया। धान की जगह फल, सब्जी एवं बागवानी के लिए किसानों को प्रेरित किया। किसानों को बाग लगाने के लिए कहा। डॉ रावत ने किसानों से अपील की है की इस मुहिम में बढ़चढ़ कर भाग लें ताकि पौधारोपण करके पर्यावरण को बचाया जा सके। केबीसी संस्था के वेदराम रावत एवं हुक्मसिंह रावत ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम सस्टेनेबल ग्रीन इनिशिएटिव, भारतवर्ष में फलदार पौधारोपण करने वाली एक संस्था वन ट्री प्लांटेड के माध्यम से एवं केबीसी संस्था के सहयोग से डॉ शिवसिंह रावत के प्रयासों से किया जा रहा है।

# बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराना है लक्ष्य: आफताब

### विधायक बोले, बुनियादी दिक्कतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**नूंह** विधायक व कांग्रेस विधायक दल हरियाणा के उप नेता चौधरी आफताब अहमद सोमवार को सौंख गांव पहुंचे। जहां रेहना फीडर से बायफर्केशन व ऊर्जाकरण किया गया है। इससे आसपास के गांवों जैसे रेहणा, टपकन, सौंख, बीवा आदि में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। पहले इन गांवों को मेवली फीडर से बिजली आपूर्ति की जाती थी लेकिन अब यहीं से आसपास के आधा दर्जन गांवों की बिजली मुहैया कराई जाएगी और इससे समस्या हल हो जाएगी।

चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि उनकी कोशिश है कि लोगों की बुनियादी दिक्कतों का प्राथमिकता से निराकरण करवाया जाए। बिजली आपूर्ति बड़ी जरुरत है, किसान और आमजन सभी को इसकी जरूरत है। हमारी कोशिश है कि लोगों को इन दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े लेकिन अभी भी काफी गांवों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। हमारा प्रयास लगातार चल रहा है, जहां-जहां जरूरत है वो पूरे प्रयास करकर काम कराने का कार्य किया जाएगा। आफताब अहमद ने बताया कि जल्द दो सब डिविजन उजीना व रोजका मेव जल्दी शुरू किए जाएंगे। घासेड़ा, इंडरी, उजीना, आईएमटी सब स्टेशन के साथ साथ कुछ नए सब स्टेशन मेवली व बड़का को भी सही किया जाएगा ताकि सेवाएं सुचारू रहें। हमारा प्रयास बड़ी गंभीरता से चल रहा है। मेवली और बड़का में भी नए सब स्टेशन बनवाने के प्रयास गंभीरता से जारी हैं। मौके पर सीएलपी उप नेता के साथ मौजूद पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा कि आफताब अहमद लगातार इलाके के लिए काम कर रहे हैं। भले ही बीजेपी सरकार होने के कारण उन्हें अधिक संघर्ष करना पड़ रहा है।

# पर्यावरण की शुद्धता को पौधे लगाएं

### पौधों की देखभाल भी बच्चे की तरह करनी चाहिएः चेयरमैन

**कैलाश मंगला।** होडल



पौधा रोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्कूल चेयरमैन और अध्यापक।

**गांव** भुलवाना में स्थित बृजरज स्कूल के मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन मुकेश कुमार मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता स्कूल की नवनियुक्त प्रिंसिपल सीमा दहिया ने की। इस मौके पर स्कूल के मैदान में दर्जनों छायादार, हवादार व फलदार पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में स्कूली छात्रों व स्टॉफ को पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने की भी शपथ दिलाई गई। बृजरज स्कूल में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चेयरमैन मुकेश कुमार ने कहा कि अगर हमें पर्यावरण को शुद्ध रखना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से ही हमारा कार्य समाप्त नहीं हो जाता है। हमें इनकी देखभाल भी अपने बच्चे की तरह करनी चाहिए।

उन्होंने छात्रों व स्टॉफ के अध्यापकों को पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें रोजाना पौधों को सुबह व सायं पानी देकर इनकी रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम के इस अवसर पर स्कूल मैदान में नीम, पीपल, एलावेरा के अलावा अन्य फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर समाजसेवी गोविंद राम, खूबी राम, विद्यालय के डायरेक्टर पवन कुमार विद्यालय के चेयरमैन मुकेश कुमार के साथ-साथ पवन कुमार, प्रवक्ता साहब सिंह, अध्यापिका दीप्ति, गौरव, दुर्गेश कुमार, कीर्ति, शीला देवी के अलावा स्कूल के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने पौधे रोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पौधे लगाए।

# दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते लग रहा जाम

### शहर का दर्जनों फुट चौड़ा रास्ता मात्र 10-12 फुट का रह गया रोड

**कैलाश मंगला।** होडल



पुरानी जीटी रोड पर दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण के चलते लगा जाम।

**स्थानीय** पुरानी जीटी रोड स्थित थाने चौक से जगजीवन राम चौक तक के दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण यहां आयेदिन यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण दर्जनों फुट का रास्ता मात्र दस से बाहर फुट का रह गया है।

अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से राहगिरों व दो पहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर वासियों द्वारा बार-बार नगर परिषद प्रशासन के समक्ष गुहार लगाने पर भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस समस्या की ओर नगर परिषद की अनदेखी के कारण लोगों में रोष व्याप्त है। पुरानी जीटी रोड स्थित थाना चौक से जगजीवन राम चौक तक की दूरी मात्र आधा किलोमीटर तक की है। इस रोड पर स्थित दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे कई फुट सामान बढ़ाकर पूरी तरह से अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण के कारण यहां आए दिन यातायात की समस्या बनी रहती है। यातायात जाम के कारण यहां से निकलने वाले राहगिरों व दोपहिया वाहन चालकों को इस आधा किलो मीटर की दूरी को तय करने में लगभग एक से डेढ घंटे का समय लग जाता है। राहगीर व वाहन चालक इस रोड पर लगने वाले जाम में फंसकर नगर परिषद प्रशासन को कोसते नजर आते हैं। इसके अलावा कई बार तो इस यातायात जाम में पुलिस प्रशासन की गाडियां भी फसकर रह जाती है और पुलिस कर्मियों को गाडी में से उतरकर जाम को खुलवाना पडता है। शहर वासी अनिल कुमार, जतिन बिंदल, साहिल गोयल, गौरव मंगला, हेमन्त नागल, सुनील कुमार, राकेश, पुनित, बिनोद के अलावा अन्य का कहना है कि जब तक नगर परिषद अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर शिकंजा नहीं कसेगा तब तक यह समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इम मार्ग पर लगने वाले जाम के कारण उन्हें अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने पर हमेशा देरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है। परिषद के अधिकारियों का शहर वासियों को हो रही समस्या की ओर ध्यान नहीं है। कई बार नगर परिषद के अधिकारियों से इन अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों की शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इस ओर से प्रशासन पूरी तरह से आंखें बंद करके बैठा हुआ है। लोगों में नगर परिषद प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

### ये है प्रशासनिक अधिकारियों का पक्ष

**इस** मामले में नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता डालचंद का कहना है कि बीच-बीच में अतिक्रमण हटाओ अभियान परिषद के ओर से चलाया जाता है, लेकिन फिर भी दुकानदार अतिक्रमण करने से बाज नहीं आते। उन्होंने कहा कि जल्दी परिषद की ओर से अभियान चलाकर इस अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# बदमाशों ने गन प्वाइंट पर ट्रक चालक से की लूटपाट

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**नूंह-तावडू** रोड पर स्थित गांव सीलखो पहाड़ में हथियारों के बल पर अज्ञात बदमाशों द्वारा एक ट्रक चालक के साथ लूटपाट करने का मामला सामने आया है। ट्रक मालिक की शिकायत पर तावडू सदर थाना में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सेक्टर 108 गुरुग्राम निवासी ट्रक मालिक विनोद कुमार ने बताया कि बीती 31 जुलाई को चालक मुकेश कुमार गाड़ी को गुरुग्राम से पूना के लिए लेकर चला था। रात में करीब नौ बजे जब गाड़ी गांव सीलखौ पहाड़ के समीप पहुंची तो गाड़ी में कुछ खराबी आ गई। चालक गाड़ी को सड़क किनारे लगाकर जांच करने लगा तो उसी दौरान एक बाइक पर तीन लोग आये। चालक मुकेश के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने उन्हें हथियार दिखाया तो अन्य दो बदमाश गाड़ी की केबिन में चढ़ गए। जिन्होंने गाड़ी में रखे तीन बैग उठा लिये। जिनमें असल मार्कसीट, लाखों रुपये के नये कपड़े, जरूरी कागजात व कुछ आर्टिफिशियल महंगी ज्वेलरी सहित चालक मुकेश से पांच हजार रुपये नकद, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक व एक एंड्राइड मोबाइल आदि जरूरी सामान छीन कर मौके से फरार हो गए। इस दौरान आरोपी बदमाशों ने गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। घटना की जानकारी चालक ने 112 नम्बर पर पुलिस को दी थी, वहीं देर रात लगभग 10.30 बजे उन्हें घटना के बारे में बताया।

तावडू सदर थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित ट्रक मालिक की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र-छात्राओं को किया जल संरक्षण के प्रति जागरुक



**तावडू।** गांव डिंगरहेड़ी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से सोमवार को जल जीवन मिशन एवं जल शक्ति अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संयोजक संदीप शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि प्रत्येक गांव मे जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर में पानी के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिससे आमजन को लाभ हुआ है। इस दौरान जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। स्कूली छात्र छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ललिता देवी, संतोष कुमारी विनय,अध्यापक राजेश व राहुल उपस्थित रहे।

### सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**होडल।** नेशनल हाइवे डबचिक के निकट इको गाड़ी की टक्कर से दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार व्यक्ति ने सोमवार को उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही होडल थाना पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर ईको चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव गौडोता निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपने पिता जगराम के साथ 31 जुलाई को बाइक द्वारा कोसीकलां से होडल के लिए लौट रहा था। उसने बताया कि वहां ईको गाडी के चालक ने लापरवाही से गाड़ी को चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। उसने बताया कि जगराम की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें फरीदाबाद अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। अस्पताल में देर रात उसके पिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेजा है। इको चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**तावडू।** उपमंडल के बावला रोड सत्संग भवन के नजदीक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। तावडू सदर थाना में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गांव बावला निवासी पीड़ित महिला सहरुना ने बताया कि 26 जुलाई शाम 7:15 बजे के करीब वह अपने पति अरशद के साथ तावडू शहर से सामान खरीदने के लिए पैदल जा रही थी। महिला ने बताया कि जब वह सत्संग भवन टी प्वॉइंट के नजदीक पहुंची तो गांव बावला की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण वह सड़क पर दूर जाकर गिरी और बेहोश हो गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अन्य अस्पताल में उपचार के लिए रेफर कर दिया। जहां पर अब तक वह उपचाराधीन थी। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रविवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर लिया।

### डकैती की वारदात का आरोपी बदमाश किया गिरफ्तार

**नूंह।** करीब आधा दर्जन धोखाधड़ी व डकैती की वारदातों को अंजाम देने के मामलों में वांछित व उद्घोषित अपराधी ताहिर उर्फ मुजाहिद उर्फ चोर निवासी नई जिला नूंह को रोजकामेव थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि सोमवार रात को एएसआई अशोक थाना रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना पर गांव बाईका डंडा जोकि रोजकामेव थाना व थाना सदर अलवर के मुकदमों में वांछित व उद्घोषित अपराधी सोहना की तरफ से एक सफेद बोलेरो गाड़ी में नूंह की तरफ आ रहा है। टीम ने तुरंत मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी के खिलाफ बंधक बनाकर डकैती डालने की वारदात को अंजाम देने बारे में थाना रोजकामेव में मुकदमा दर्ज है। इसके अतिरिक्त अलवर में वर्ष 2018 में बंधक बनाकर डकैती डालने की दो वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने रिकॉर्ड में जांच की तो आरोपी थाना रोजकामेव के मुकदमे में पीओ है। वहीं पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में पता लगा रही है।

### स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए करवाएं टीकाकरण : डीसी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि कोरोना अभी कम हुआ है लेकिन खत्म नहीं हुआ है। जिलेवासी कोविड प्रोटोकॉल की अनुपालना करें। स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कोरोना रोधी टीका जरूर लगवाएं। टीकाकरण से कोरोना संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है। अगर संक्रमित हो जाए तो बीमारी ज्यादा गंभीर रूप नहीं लेती। डीसी शक्ति सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे कोरोना संक्रमण से सतर्क रहते हुए कोविड-19 नियमों की सख्ती से पालन करें, बचाव के उपायों को अपनाएं, घबराएं नहीं। स्वयं एवं अपने परिवारजनों की तथा अन्य लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत बाहर जाते समय मास्क अवश्य पहनें। दिन में कई बार साबुन व सैनेटाइजर से हाथों को अच्छी प्रकार से धोएं। छींकते या खांसते समय नाक व मुंह ढकें। इसके अलावा, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। हाथ मिलाने की जगह नमस्कार करें। उन्होंने ने कहा कि अगर आपको बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ महसूस होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उपायुक्त ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए नागरिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी की जा रही हिदायतों की पालना करें। टीकाकरण, सैंपलिंग व इलाज नागरिक अस्पतालों में नि:शुल्क है।

पायनियर क्लासीफाइड

♦ बेदखली सूचना ♦

हम सुरेन्द्र कुमार पुत्र माम चंद व मीना रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासीगण गांव तखाना कालोनी, तरावड़ी, (करनाल) बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सचिन, पुत्रवधु निसा हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। हम इन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। ये अपने लेनदेन, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बेदखली सूचना

मैं सुशील कुमार (आधार न. 2418-1035-7245) पुत्र श्री इन्द्र प्रकाश निवासी मकान न. 15सी, प्रेम नगर एटलस रोड, सोनीपत हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र साहिल गुप्ता व पुत्रवधू नवीता मेरे कहने सुनने से बाहर है दोनों ने मुझे व मेरे परिवार को नाजायज तौर पर तंग व परेशान कर रखा है। जिसके चलते मैं इन दोनों को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, नया-पुराना पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## नई शुरुआत

### इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में एक नया परिवर्तन लोगों के दिमाग में कुछ चिन्तायें पैदा कर रहा है। नीति आयोग ने आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन-एआईसीटीई के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है कि राष्ट्रीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में अब इंटरमीडिएट में भौतिकी व गणित के विषय अनिवार्य होने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्रों को प्लस टू परीक्षा में शामिल गणित, भौतिकी व रसायन समेत 14 विषयों में से किसी तीन में पास होने की जरूरत होगी। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि उद्योग तथा छात्रों का एक हिस्सा कृषि, बायोटेक्नोलोजी, एलेक्ट्रानिक्स या आईटी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहता है जो भौतिकी या गणित पर निर्भर नहीं हैं। एआईसीटीई का विचार विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी या आईआईएसईआर के बजाय संबंधित तकनीकी कालेजों पर लागू होगा। इस कदम से लोग आश्चर्यचकित हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इससे छात्रों के एक हिस्से को लाभ होगा, पर इससे देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में अस्थिरता पैदा होगी क्योंकि बिना गणित व भौतिकी के इंजीनियरिंग की कल्पना नहीं हो सकती है। कुछ लोग याद करते हैं कि प्राचीन भारत में शून्य, त्रिकोणमिति तथा कैल्कुलस के कुछ आयामों की खोज हुई थी और क्या इस विरासत को खारिज कर दिया जाएगा। आलोचकों का मानना है कि यह कदम देश में इंजीनियरिंग कालेजों को बचाए रखने के लिए जरूरी है। हर साल सैकड़ों निजी इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी कालेज बंद हो रहे हैं क्योंकि उनकी सीटें ही नहीं भर पा रही हैं।

छात्र उन कालेजों में प्रवेश नहीं लेते हैं जहां शिक्षा के न्यूनतम मानकों



का पालन नहीं होता है, ढांचे का रखरखाव नहीं होता है तथा स्नातकों को नौकरियां नहीं मिलती हैं। छात्रों में महत्वाकांक्षायें बढ़ रही हैं और वे राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश लेते हैं या नए विविधितापूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में जाते हैं। आलोचकों को लगता है कि एआईसीटीई का प्रस्ताव इन कालेजों में नई जान डाल सकता है, हालांकि यह सवाल अपनी जगह है कि शिक्षा की गुणवत्ता का क्या होगा। सुपर विषय कहे जाने वाले गणित व भौतिकी की प्रासांगिकता पर यह बहस जारी रहेगी। दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक भी उसके साथ गतिशील है। खासकर शुरुआती वर्षों में शिक्षा का केन्द्र सैद्धान्तिक के साथ व्यावहारिक भी होना चाहिए। तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में विविधता आ रही है तथा इसमें वाइन टेस्टर, साइबरसुरक्षा विशेषज्ञ, प्रसंस्कृत खाद्य विशेषज्ञ, साइट रिलायबेलेटी इंजीनियर व विकास प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। लिंकेडइन ने भारत में 2020 में उभरती इंजीनियरिंग नौकरियों की सूची बनाई है जिनका संबंध गणित या भौतिकी से ज्यादा नहीं है। 2021 की इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार भारत में हालिया वर्षों में नौजवानों द्वारा रोजगार प्राप्त करने की क्षमता में कमी आई है। इससे उनमें उच्च तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कॅरियर अवसरों के अनुकूल मांग वाली क्षमतायें पैदा करना जरूरी हो गया है। तकनीक एक दुधारी तलवार की तरह है। इसने स्वचालीकरण को प्रोत्साहित किया है, लेकिन इसके बढ़ने से रोजगार कम हो रहे हैं। ऐसे में कौशल आधारित परिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। शिक्षा के बारे में विशिष्टतावादी विचार आज पुराने पड़ रहे हैं। ऐसे में एआईसीटीई को बेहतर प्रस्ताव देने चाहिए। उदाहरणार्थ वह प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था बना सकता है जिसमें निजी क्षेत्र को कामगारों में आवश्यक कौशल देने का जिम्मेदार बनाया जाए तथा इसके आधार पर हर साल आवश्यक कौशलों की सूची की समीक्षा की जाए।

# नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

**निवेश विकास को गति देता है लेकिन इसके लिए आपको लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता होती है।**



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक हैं)




नए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के रिज्यूमे के विवरण के साथ मीडिया व्याकुल हो रहा है, शायद इसलिए कि यहां एक व्यक्ति है जिसके पास अनुभव का एक वास्तविक खजाना है : वह एम.टेक के साथ एक इंजीनियर है। आईआईटी, कानपुर के उत्पाद वैष्णव, व्हार्टन से प्रबंधन स्नातक हैं, उन्होंने ओडिशा में एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपना कामकाजी जीवन शुरू किया, बाद में निजी क्षेत्र में शामिल हो गए, अपना उद्यम शुरू किया और फिर राजनीति में शामिल हो गए। इस स्तर पर उनका उत्थान एक सेवानिवृत्त लेकिन युवा नौकरशाह-सह-उद्योग के कप्तान के लिए अभूतपूर्व है। वह आईटी और संचार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी प्रमुख है। उनका आगमन आशावाद के साथ भी हुआ है क्योंकि उन संगठनों में निराशा की भावना पैदा हो गई है जिनके वे अब प्रमुख हैं। प्रचार और फोटो ऑप्टिक्स के धुएं के पर्दे के पीछे ऐसे संगठन हैं जो जर्जर स्थिति में हैं। उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर रेल मंत्री के रूप में। चुनौतीपूर्ण चुनौतियां क्या हैं?

ऐसा कहा जाता है कि भारतीय रेलवे (आईआर) ने 2020-21 के लिए अपने परिचालन अनुपात (ओआर) में सुधार किया है, जो 2019-2020 में 98.4 से 97.5 हो गया है, 'राजस्व प्राप्तियों को अधिकतम करने और न्यूनतम करने के उद्देश्य से पहल के संयोजन के माध्यम से खर्चों की सख्त निगरानी के लिए वृद्धि हुई है। नियंत्रणीय राजस्व व्यय।' ओआर परिचालन दक्षता और परिणामी वित्तीय प्रदर्शन का एक उपाय है और यह बड़ी खबर होगी क्योंकि 2020-21 एक ऐसा वर्ष था जिसमें आईआर ने अपनी अधिकांश यात्री ट्रेनों को कोविड -19 महामारी के कारण नहीं चलाया था, जबकि इसकी सभी निश्चित लागत बनी हुई थी पहले के जेसे।

ऐसे साल में सुधार का दावा करना ओवरकिल के अलावा और कुछ नहीं है। मुख्य डेटा की बड़े पैमाने पर बाजीगरी कुछ वर्षों से चल रही है और जब तक एक सेब-से-सेब की तुलना नहीं की जाती है, तब तक यह केवल सच्चाई को उलझाकर एक गुलाबी तस्वीर पेश करना है। और एक कहानी है, जिसे मैं पिछले साल की दुर्दशा में जाने से पहले सबसे पहले पेश करूंगा।

परिचालन अनुपात वह राशि है जो प्रत्येक रुपया कमाने के लिए खर्च की जाती है और इसलिए यह जितना कम होगा उतना ही बेहतर होगा। यह एक अनुपात है, जिसमें अंश में कुल कार्य व्यय और हर में सकल आय, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निकाला जाता है। इक्र का उपयोग करने की प्रथा पांच दशक से अधिक पुरानी है। कार्य व्यय में ईंधन, प्रशासन, संचालन, रखरखाव, आदि पर सभी खर्च शामिल हैं, और मूल्यह्रास रिजर्व फंड (डीआरएफ) और पेंशन फंड (पीएफ) में किए गए योगदान में जोड़ा गया है। पूर्व को 1924 में मूल्यह्रास की देखभाल के लिए बनाया गया था, अर्थात, इसकी विशाल संपत्ति के प्रतिस्थापन या पुनर्वास और बाद में 1960 के दशक में सेवानिवृत्त आईआर कर्मचारियों के पेंशन के बढ़ते बोझ को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था। प्रारंभ में, ये योगदान इन मामलों पर वास्तविक व्यय से अधिक थे, जैसे कि भविष्य के लिए एक फंड बनाया गया था, लेकिन आज यह योगदान तार्किक रूप से, कम से कम वास्तविक व्यय के बराबर होना चाहिए। सकल आय में माल ढुलाई और यात्री परिवहन, विविध और गैर-किराया विविध से आय शामिल है जिसमें परिवहन मुख्य अर्जक है। 2010-11 में परिचालन अनुपात 94.6 था। 2015-16 में यह 90 थी जबकि 2019-20 में यह बढ़कर 98.2 हो गई।

डीआरएफ में व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं जमा करने का मतलब यह नहीं है कि भारतीय रेल पर उपयोग में आने वाली संपत्तियों ने अचानक बूढ़ा होना बंद कर दिया है। यह केवल यह दर्शाता है कि यह केवल किसी ऐसी चीज को टालने का एक नासमझी भरा प्रयास है जिससे आपको भविष्य में अधिक पीड़ा होगी। पीएफ में योगदान में आधे से अधिक की कमी से पता चलता है कि शेष 49,000 करोड़ रुपये का वास्तविक खर्च उधार से पूरा किया गया था और यह खतरनाक रूप से एक बारहमासी ऋण जाल के करीब जी रहा है। आर्थिक तंगी को दूर करने की इस तरह की निरर्थक कवायद क्यों? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि मंत्रालय ने खर्च करने की होड़ में जाने का फैसला किया था?

पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु द्वारा निवेश को बढ़ावा देने का मंत्र है, लेकिन इसके लिए आपको निवेश से पहले लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसा नहीं लगता है कि किया गया है। इस प्रणाली को अब तक पूंजीगत कार्यों में प्रति वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार किया गया था। अगले पांच वर्षों में 800,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की दृष्टि से उसी प्रणाली को अचानक 1,000,000 करोड़ रुपये तक खर्च करने का आदेश दिया गया था। अधिकारियों पर अनुपालन करने के लिए गंभीर दबाव के साथ, लागत-लाभ के लिए बहुत कम सम्मान के साथ अंधाधुंध निवेश किया गया है और किया जा रहा है।

जिस तरह से वर्षों में निवेश किया गया था, वह झूठा रूप से आईआर को सार्वजनिक निवेश के लिए एक परिपक्व गंतव्य के रूप में पेश करेगा। जबकि काम करने का खर्च काफी बढ़ रहा है, कैपेक्स, जो इससे काफी नीचे हुआ करता था, ने इस स्तर पर भारी उछाल दिखाया है कि यह इससे अधिक है। इस प्रकार के निवेश जिग को केवल इस शर्त पर उचित ठहराया जाएगा कि निवेश पर मिलने वाले रिटर्न से आय में वृद्धि हो; लेकिन यह कैसा दिखता है? आईआर की खर्च करने वाली पार्टी की पृष्ठभूमि को देखते हुए संख्याएं लगभग असली हैं। उदाहरण के लिए, 2015-16 में बजटीय सकल आय 183,578 करोड़ रुपये थी जबकि वास्तविक कमाई 164,334 करोड़ रुपये थी। 2019-20 के आंकड़े क्रमश: 205,733 करोड़ रुपये और 174,356 करोड़ रुपये थे।

यह आय में लगातार 10 प्रतिशत से अधिक कम प्रदर्शन दर्शाता है। निश्चित रूप से आईआर अपने लक्ष्यों के करीब बजट और प्रदर्शन करना जानता है? इसलिए, क्या यह एक जानबूझकर किया गया लेखांकन प्रक्षेपण है जो पूंजी के अधिक प्रवाह को आमंत्रित करने के लिए एक हंकी-डोरी तस्वीर दिखाने के लिए है? रेल बजट के आम बजट के साथ उस समय के विलय के साथ जब भारतीय रेल में भारी निवेश शुरू हुआ, अब इसमें गैर-जिम्मेदार वित्तीय कारनामों से सुरक्षा के कई कवच हैं और पीछे छिपने के लिए दीवारें भी हैं। स्पष्ट लापरवाही आंशिक रूप से केंद्र सरकार से अतिरिक्त-बजटीय समर्थन के नए मिले आराम में निहित है जो सब्सिडी के समान कुछ भी नहीं है।

और यह 2020-21 के लिए ओआर को घटाकर 97.5 करने के बारे में क्या है? वर्ष में सकल आय, माल ढुलाई आय में तीन प्रतिशत की बहुप्रचारित वृद्धि के बावजूद, 140,472 करोड़ रुपये थी, जिसे पूरी तरह से अपंग और फिर कम, यात्री सेवाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। टैरिफ के युक्तिकरण और अनुकूलन के माध्यम से बढ़ी हुई आय के बारे में बात कुछ और नहीं बल्कि विशेष ट्रेनों के रूप में चलने वाली नियमित ट्रेनों में उच्च यात्री किराए और कुछ खंडों में माल भाड़ा में वृद्धि है। अनुबंधों के अनुकूलन और वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, और ऊर्जा लागत में बचत द्वारा व्यय को कम करने में बड़ा श्रेय लिया गया है। बड़ी संख्या में डीजल इंजनों के स्थिर होने के साथ सेवाओं में भारी कमी के परिदृश्य में, ये संख्या उनके द्वारा प्रकट की जाने वाली संख्या से अधिक छिपाती है। लब्बोलुआब यह है कि ओआर, जो शायद अभूतपूर्व 125-अंक पर चढ़ गया है, को फिर से उधार के माध्यम से पेंशन का ध्यान रखते हुए और मूल्यह्रास का प्रावधान न करके कृत्रिम रूप से 100 से नीचे रखा गया है। पीएफ में केवल 523 करोड़ रुपये और डीआरएफ को 200 करोड़ रुपये जमा करके एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, हालांकि पेंशन खर्च स्वयं वर्ष में 54,000 करोड़ रुपये के दायरे में था।

आगे का रास्ता क्या है? एक बार जब नए मंत्री को आसन्न बर्बादी का दुष्चक्र स्पष्ट हो जाता है, तो उनके पास बुनियादी मुद्दों को हल करने का कार्य समाप्त हो जाएगा।

# घर तलाशने हेतु तकनीक का प्रयोग

**"नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।"**



**शशांक वशिष्ठ**
(लेखक ईएक्सपी रियलिटी के कार्यकारी निदेशक हैं)

कोविड-19 वैश्विक महामारी की दो चुनौतीपूर्ण लहरों के बाद भारतीय रियल स्टेट क्षेत्र 2021 में धीरे-धीरे संभल रहा है। हालांकि, निर्माण एवं रियल इस्टेट उद्योगों में अप्रैल 2020 व मार्च 2021 के बीच क्रमश:8.6 प्रतिशत व 1.5 प्रतिशत की कमी आई, पर राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग-एनएओ के अनुसार चौथी तिमाही में वाईओयो वृद्धि में 14.5 प्रतिशत व 5.4 प्रतिशत उछाल देखा गया। अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रही है तथा टीकाकरण दर बढ़ने से रियल इस्टेट उद्योग भी इसका लाभ उठा रहा है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले कुछ महीनों में आवासीय क्षेत्र को बड़ा जबर्दस्त धक्का लगा था। बड़ी तेजी से मांग में कमी आई। लेकिन अक्टूबर में किराये पर मकान से संबंधित मांग में भारी उछाल आया तथा कर्ज ब्याज दरें घटीं। इसका कारण त्योहारों का मौसम भी था जिससे ग्राहकों ने नए मकान खरीदे। महाराष्ट्र में स्टांप ड्यूटी में कमी आने ने भी मांग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्ष 2020 की दूसरी छमाही में काफी बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने घरों से काम करने लगे जिसके कारण बड़े घरों की मांग और ज्यादा बढ़ी। ऐसी स्थिति में सकारात्मक रूप से रियल स्टेट फर्मों ने अपना बिजनेस करने के लिए डिजिटल तरीके अपनाए। हमने देखा कि अनेक छोटे शहरों में भी मकान मालिकों ने अपनी संपत्तियों को पहली बार आनलाइन किया। व्यावहारिक दृष्टिकोण से डिजिटल होना लाभदायक है क्योंकि साइटों का भौतिक निरीक्षण घटा जिसका कारण सोशल डिस्टेंसिंग था।

इसके साथ ही आजकल आवास की मांग ज्यादातर नौजवान मिलीनियल्स की ओर से आ रही है। वे स्वाभाविक रूप से



तकनीकी रूप से दक्ष होते हैं और हर जगह चौबीसों घंटे-सातों दिन कनेक्टिविटी चाहते हैं। एजेंटों और ग्राहकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तथा नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।

वर्चुअल रियलिटी-वीआर के प्रयोग में काफी वृद्धि से मकान स्वामियों को अपने संभावित मकानों में डिजिटल रूप से घूमने का मौका मिलता है। डेवलपर डाउनलोड करने योग्य फ्लोर प्लान, 360 डिग्री ड्रोन व्यू, डोलहाउस व्यू तथा और बहुत कुछ शामिल कर विजुअल अनुभव को संभव बना रहे हैं। निकट भविष्य में रियल स्टेट ब्रोकरेज के वर्चस्व की उम्मीद की जाती है। इससे न कवे रियल स्टेट के समाधान निकलेंगे, बल्कि संपूर्ण वर्चुअल रूप से घरों की तलाश का अनुभव भी मिलेगा। इससे रियल स्टेट एजेंटों को भी लाभ होगा। वीआर में संभावित क्लाउड-आधारित वर्चुअल आफिस बनाने का अवसर मिलेगा जिससे भौतिक आफिसों की जरूरतें कम होंगी और कंपनियों का खर्च घटेगा। इसके साथ ही समुदाय में एकजुटता की भावना बनी रहती है तथा अंतर-विभागीय संवाद में सुविधा मिलती है, भले ही टीमें चाहे जिन शहरों में हों। वर्चुअल समाधानों से जमीनी स्थितियां बेहतर हुई हैं।

पिछले साल महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान एजेंटों को ग्राहकों को नियमित रूप से मकान दिखाने से वंचित होना पड़ा था तथा अनेक मकानमालिक अब भी घरों की आनलाइन ब्राउजिंग से हिचक रहे हैं। वर्चुअल आफिस समाधान से एजेंटों की डेटा, सीआरएम व अन्य संसाधनों तक पहुंच बढ़ेगी क्योंकि ये मोबाइल हो जाएंगे। इसके साथ ही उनको आवश्यकता होने पर बिना बाहर निकले आवश्यक इनपुट भी मिलेंगे। इन समाधानों से रियल स्टेट एजेंटों को अपना कौशल बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा वे पेशेवर रूप से सक्षम होंगे। इसका लक्ष्य एजेंटों की सहायता करना, उनकी पकड़ मजबूत करना, उनको तथ्यों से परिचित कराना तथा गेम माडल के माध्यम से प्रशिक्षित करना भी है।

हालांकि, देखने में यह आ रहा है कि नए युग की फर्मों का दृष्टिकोण प्रमुखत: कंपेनसेशन माडल की ओर है, पर एजेंट शेयरों से लाभ प्राप्त करने तथा हर बिक्री पर आकर्षक ब्रोकरेज पाने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। रियल स्टेट की दुनिया में वर्किंग माडल बदलने में कोई अपवाद नहीं है। अब परम्परागत रूप से साइट देखने तथा छूने के स्थान पर वर्चुअल समाधान निकलकर सामने आ रहे हैं, लेकिन मुख्य बात पहले जैसी है। कुशल रियल स्टेट एजेंट अब तकनीक से लैस हो चुके हैं और वे सफलतापूर्व वर्चुअल समझौते भी करा सकते हैं। इससे उनको सफलता तथा ग्राहकों व साथियों से सम्मान मिलेगा।

## आप की बात

### तीसरी लहर को आमंत्रण

**दुनिया** में कुछ दिनों तक स्थिर रहे कोरोना संक्रमण के फिर से गति पकड़ते आंकड़ों के मद्देनजर दो रिपोर्टों पर गौर करना जरूरी है। एक तो यह कि भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी है और दूसरी यह कि अमेरिका में वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों के लिए भी अब मास्क की अनिवार्यता हो गई है। इन रिपोर्टों के बाद लोगों को कुछ भी अलग से समझाने की गुंजाइश नहीं रह जाती है क्योंकि वैक्सीनेशन में अमेरिका हम से काफी आगे है और फिर भी संक्रमण की जद में आता नजर आ रहा है। तीसरी लहर की आशंका के बीच देश और दुनियां में जनजीवन सामान्य है पर लापरवाह अधिक। पर्यटक और सार्वजनिक स्थल तथा बाजार भीड़ से गुलजार है। इतना ही नहीं लोग मास्क हीन तो है ही सामाजिक दूरी भी भीड़ भाड़ में खो गई है जो मुसीबत की वजह बन सकती है। अब अमेरिका के हालात समझना होंगे जो अपने नागरिकों को दोनों खुराक देने के बाद भी मास्क को अनिवार्य कर चुका है। अमेरिका में तेजी से फैलता डेल्टा वेरिएंट भी इसकी एक वजह है। पटल पर दोनों देशों के हालात एक से दिखते जरूर हैं मगर लगता है हमारे देश में माशा की अनिवार्यता तीसरी लहर के प्रभावी होने के बाद ही आवश्यक महसूस होगी।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कृषि सुधार एवं खाद्य सुरक्षा

**भारत** में कृषि नीतियां संस्थाओं की एक जटिल प्रणाली द्वारा अभिकल्पित और कार्यान्वित की जाती है। कृषि के कई पहलुओं से संबंधित संवैधानिक उत्तरदायित्व राज्यों पर है लेकिन केंद्र सरकार कृषि नीति के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण के विकास और राज्य स्तर पर इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने के रूप में इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसानों की आजीविका के सभी पहलुओं पर सरकारी एजेंसियों का दखल है नवीनतम निष्कर्षों में विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों तथा एजेंसियों को शामिल किया गया जो ग्रामीण संपत्ति के अधिकार, भूमि उपयोग एवं भूमि सीमा, कमोडिटी की कीमतें ,इनपुट सब्सिडी एवं विभिन्न कर, आधारभूत संरचना ,उत्पादन विपणन एवं फरीद सार्वजनिक वितरण, अनुसंधान शिक्षा एवं कृषि विस्तार सेवाएं जैसे तमाम विषयों में अपना प्रभाव रखते हैं। हमें कृषि क्षेत्र में और सुधार करने की आवश्यकता है जैसे की आय को अधिकतम तथा जोखिम को न्यूनतम करना इसके साथ-साथ उदारीकृत खेती, कृषि संस्थानों और शासन प्रणालियों में सुधार एवं एक प्रकार की विकेंद्रीकृत प्रणाली के अनुमोदन से हम कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार ला सकते हैं।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


### सदन बना अखाड़ा

**चाहे** लोकसभा हो या राज्यसभा राज्यों की विधानसभा हो या स्थानीय निकायों पंचायतों की सभा, ये सभी सदन ना केवल लोकतंत्र के मंदिर होते हैं, बल्कि देश तथा जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक व रचनात्मक बहस कर जनकल्याणकारी कार्यों की धूरी भी होते हैं। लेकिन अत्यंत दुखद पहलू यह है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष की हठधर्मिता के चलते सदन अखाड़े में तब्दील हो गया है। जहां हो हल्ला, शोरगुल का राज है। टकराव के चलते सदन की कार्यवाही नहीं हो पाती और कीमती समय जाया होता है। किसी भी मुद्दों पर सहमति / असहमति हो सकती है। जिसकी चर्चा स्वस्थ बहस के जरिए होना चाहिए, ताकि समाधान वाला परिणाम निकले। कोई भी समझने को तैयार नहीं है। विपक्ष हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। प्रतिदिन लाखों रुपए की बर्बादी के बाद भी देश को इस सदन के जरिए कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है। जो नहीं होना चाहिए। देश व जनहित के मुद्दों पर बहस कीजिए, जनता के सदन को ठप करने का अर्थ देश को ठप करना है।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** में जुलाई महीने में 13 करोड़ से ज्यादा डोज दी गई। इस महीने इसमें तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्य कर्मियों पर गर्व है।

- **मनसुख मांडवीय**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

**उत्तर प्रदेश** में भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। योगी आदित्यनाथ ने 44 कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वारा उत्तर प्रदेश को नंबर एक राज्य बना दिया है।

- **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री





**हमारी** पार्टी के दरवाजे सभी छोटी पार्टियों के लिए खुले हैं। कई छोटी पार्टियां पहले से ही हमारे साथ हैं। हमारे साथ और भी आएंगे।

- **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 03 अगस्त, 2021



# माननीयों की सुरक्षा बजट की सूचना देने में हिचक रहा गृह मंत्रालय

### आरटीआई में मांगी थी वीआईपी लोगों की सुरक्षा पर खर्च हो रहे बजट की सूचना




पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** प्रदेश में माननीयों की सुरक्षा पर हर साल खर्च होने वाले बजट की सूचना देने में हरियाणा गृह मंत्रालय हिचक रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल सिंह परमार ने राज्य गृह मंत्रालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव से जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रदेश में माननीयों को दी जा रही सुरक्षा पर होने वाले बजट खर्च से संबंधित सूचना मांगी थी। आरटीआई में यह भी सूचना मांगी गई कि मुख्यमंत्री, सांसद, बोर्ड अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, राज्य सूचना आयोग सहित अन्य वीआईपी को किस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है, यह भी जवाब मांगा गया था। परमार की आरटीआई के जवाब में गुप्तचर विभाग के डीजीपी कार्यालय पंचकूला ने जवाब भेजा, जिसमें यह बताया गया कि इस जानकारी का प्रकटन नहीं किया जा सकता है। इसके प्रकटन से किसी की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। परमार ने बताया कि वीआईपी लोगों की सुरक्षा के नाम पर हर साल करोड़ों रुपयों का बजट जनता के टेक्स से मिले पैसे से खर्च किया जा रहा है। इस सूचना पर आम आदमी को भी जानकारी का आरटीआई के तहत अधिकार है, लेकिन गृह मंत्रालय सुरक्षा कारणों का हवाला देकर आरटीआई का ही गुमराह करने वाला गोलमोल जवाब दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले की प्रथम अपील की गई है।

## रोहित मेहता बने भाजयुमों के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिरसा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमीरचंद मेहता के पुत्र रोहित मेहता को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में स्वयं रोहित मेहता ने जानकारी दी है।

इस नियुक्ति पर रोहित मेहता ने भाजयुमों के शीर्ष नेतृत्व सहित मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहरलाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व जिलाध्यक्ष अमीरचंद मेहता, भाजयुमों के प्रदेशाध्यक्ष आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा होगा भव्य सुंदरकांड पाठ 21 को



**कुरुक्षेत्र।** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अमर कालोनी पिपली में टी-विद गुदगुदी कार्यक्रम किया गया। जानकारी देते हुए संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौली गौड़ की अध्यक्षता में गुदगुदी एक्सप्रेस के मुख्य टिकट पर्यवेक्षक राजेश सेन के निमंत्रण पर यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि समूह द्वारा संकल्पित सुंदरकांड पाठ 21 अगस्त को सेक्टर-13 के महेश्वर हनुमान मंदिर में करवाया जाएगा। इसके लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने कुशलक्षेम वार्ता के साथ-साथ सभी ग्रुपों को और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने अपना परिचय देकर सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनुज गौड, संरक्षक एवं विश्लेषक जितेंद्र बंसल, गुदगुदी सुपरफास्ट इंचार्ज सुनील अंगीरस, ग्रुप डिज़ाइनर शिवाय शर्मा, अमरजीत पांचाल, कुलदीप सिंह, श्याम लाल शर्मा, अनिल चौहान सिरसमा, सतपाल नारंग और हरिमोहन नारंग नीलोखेड़ी आदि शामिल रहे।

### पेड़ों की जड़ों से उखाड़ी टाइल्स और कंक्रीट



**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन ने पेड़ हमारी विरासत अभियान के 9वें सप्ताह पुराने पेड़ों की जड़ों से टाइल्स व कंक्रीट उखाड़ कर कच्चा करने का अभियान चला रखा है। संगठन की टीम ने एडवोकेट सुशील कुमार की देखरेख में रेडक्रॉस भवन के पास खड़े छह पेड़ों की जड़ों से टाइल्स व कंक्रीट हटाकर कच्चा किया ताकि पेड़ों में हवा-पानी जाता रहे तथा पेड़ों का पूर्ण विकास हो सके। संगठन सदस्य व पर्यावरणविद डॉ नरेश भारद्वाज ने बताया कि एनजीटी के आदेशानुसार पेड़ों के तने से कम से कम एक मीटर तक कच्ची जगह रखना जरूरी है। इस बारे, प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिया गया, बावजूद इसके शहर में करीब 600 पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट और टाइल्स नहीं हटाई जा रही हैं। जिसके कारण हरे-भरे पेड़ सूख रहे हैं।

### डॉ. अशोक कुमार बने प्रिंसीपल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** एमएन कॉलेज शाहबाद के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय डीएवी कॉलेज, सढौरा में आयोजित शाहबाद हरियाणा सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज प्रिंसीपल एसोसिएशन की बैठक में लिया गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों में डॉ. सुरेन्द्र सिंह राणा को महासचिव, डॉ. राजश्री को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव में डी.ए.वी.कॉलेज, सढौरा के प्राचार्य डॉ. रणपाल सिंह ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। डॉ. अशोक कुमार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने जाने के बाद जब महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचे तो कॉलेज के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्यों ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया व उनको बधाई दी। डॉ. अशोक कुमार ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि वे उनकी सभी जायज मांगों को सही समय पर सही ढंग से समाधान करवाने के लिए अधिकारियों के सामने उचित तरीके से पेश करेंगे ताकि प्रदेश भर के सहायता प्राप्त कॉलेज के कर्मचारियों को सभी लाभ सही समय पर मिल सके। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

### मीना परमार बनीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव



**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री मीना परमार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में प्रदेश महामंत्री नियुक्ति किया गया है। अपनी नियुक्ति पर मीना परमार ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा के संगठन महामंत्री रविंद्र राजु, हरियाणा महिला मोर्चा की प्रभारी संतोष यादव, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान एवं जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ का आभार व्यक्त किया है। मीना परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल के दौरान महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और यह इसी का नतीजा है कि राजनीतिक क्षेत्र में महिलाएं तेजी से और ज्यादा मात्रा में आगे आ रही हैं। श्रीमती मीना परमार ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना हमारा पहला लक्ष्य है।

### पूजा राव बनीं आरपीआई की महिला विंग जिला अध्यक्ष

**भिवानी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के कार्यालय में पार्टी के विस्तार व जिले में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरूप से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय सचिव कुंदन चौधरी ने शिरकत की तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से विचार-विमर्श करके पूजा राव के सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें पार्टी की महिला विंग जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा राव ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले, राष्ट्रीय सचिव कुंदन चौधरी व जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना : तेजी से हो रहा क्रियान्वयन

## राज्यमंत्री ढांडा ने कहा, महामारी से निराश्रित हुए बच्चों का हो रहा पुनर्वास

### केंद्रीय विद्यालय और निजी स्कूलों में प्रवेश दिलवाया जाएगा



पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**महिला** एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि कोरोना महामारी से निराश्रित हुए बच्चों के पुनर्वास, आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने तथा उनका भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य से आरंभ की गई नई योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के क्रियान्वयन में तत्परता से कार्य किया जा रहा है, क्योंकि महिला एवं बाल विकास विभाग को इसका नोडल विभाग बनाया गया है।

कमलेश ढांडा ने जारी बयान में बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 10 वर्ष से कम आयु के अनाथ हुए बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा का प्रबंध सरकार द्वारा किया जाएगा। जिसके तहत उन्हें नजदीक के केन्द्रीय विद्यालयों/निजी स्कूलों में डे-स्कोलर के रूप में प्रवेश दिलवाया जाएगा। 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों का सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय जैसे आवासीय विद्यालयों में दाखिला करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ निजी स्कूल में दाखिले के लिए पीएम केयर्स फण्ड से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत फीस, वर्दी व पुस्तकों की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, दादा-दादी या विस्तारित परिवार की देखरेख में रहने वाले बच्चे को भी निकटतम केन्द्रीय विद्यालय या निजी स्कूल में डे-स्कोलर के रूप में दाखिला दिया जाएगा।

### पीएम केयर्स फण्ड से सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी

मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत उच्च शिक्षा व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए भी पीएम केयर्स फण्ड से सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे सभी बच्चों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया जाएगा। 18 वर्ष की आयु तक के इन बच्चों के प्रीमियम की राशि का भुगतान पीएम केयर्स फण्ड से किया जाएगा। बच्चे की 23 वर्ष की आयु पूरी होने पर उसे व्यवसाय के लिए एकमुश्त राशि भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष तक प्रत्येक बच्चे को 2500 रुपये प्रति महीना, बिना परिवार के बच्चों की देखभाल करने वाले बाल देखभाल संस्थान को 1500 रुपये प्रतिमास 18 वर्ष तक की आयु तक दिया जाएगा। इसी प्रकार, 18 वर्ष तक पढ़ाई के दौरान अन्य खर्चों के लिए 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8वीं से 12वीं या व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले बच्चों को टेबलेट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। कोरोना महामारी से अनाथ हुई लड़कियों को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो बालिका के नाम पर बैंक में जमा होगी और यह राशि विवाह के समय लड़की को मिलेगी।



## पांच अगस्त तक सरकार मांगें माने नहीं तो लेंगे बड़ा फैसला: राकेश

### आमरण अनशन पर बैठे किसानों की सेहत बिगड़ी, नहीं पहुंची चेकअप टीम

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** बिजली वितरण निगम की तानाशाही व प्रशासन की अनदेखी के चलते पिछले 46 दिनों से गांव निमड़ीवाली में धरने पर बैठे किसानों के सब्र का बांध टूटने लगा है। अब किसान सरकार से आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। इसी के चलते गांव निमड़ीवाली के किसानों ने कंपनी व प्रशासन के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पांच अगस्त तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे छह अगस्त को किसान महापंचायत आयोजन कर वे बड़ा फैसला लेने को मजबूर होंगे।

दूसरी ओर पिछले सात दिनों से आमरण अनशन पर बैठे राकेश आर्य, बीरभान गिल व करतार फौजी की सेहत बिगड़ने लगी है, जिनकी जानकारी सांसद को देने के बाद भी धरनास्थल पर कोई मेडिकल टीम चेकअप के लिए नहीं पहुंची। सोमवार को सांगवान खाप के पूर्व प्रवक्ता रणधीर सिंह चिकाड़ा ने धरने का समर्थन दिया। इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि किसानों को बिना मुआवजा दिए उनके खेतों में जबरदस्ती हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा टॉवर लगाए जा रहे हैं, जिस पर प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा।

## महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा की अवधि नौ अगस्त तक बढ़ाई

**भिवानी।** प्रदेश सरकार द्वारा महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा की अवधि को 9 अगस्त तक एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया गया है। इस दौरान दुकानें सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेंगी।

जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने शासन के जारी आदेशों के बारे में बताया कि महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा लोकडाउन नौ अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। सभी प्रकार की दुकानें सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेंगी सभी दुकानें, मॉल्स को भी सुबह नौ बजे से रात्रि 10 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है। रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक रात्रि कर्फ्यू जारी रहेगा। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्र और क्रेच राज्य में 15 अगस्त तक बंद रहेंगे।

## तंबाकू के खिलाफ जागरुकता को निकाली रैली

### तंबाकू का सेवन न करने के लिए दिलाई उपस्थितों को शपथ

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।

**चौधरी** बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल मे सिविल सर्जन डाक्टर सपना गहलावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू का प्रयोग न करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने तंबाकू निषेध के लिए एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई कर रवाना किया।

इस दौरान सिविल सर्जन डाक्टर सपना ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। जिससे कि कोई भी व्यक्ति तम्बाकू का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से व्यक्ति के शरीर में कई प्रकार की खतरनाक व जानलेवा बीमारी होती हैं। इसलिए इन जानलेवा बीमारी से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को तंबाकू का प्रयोग नहीं करना चाहिए। तंबाकू हमारे स्वास्थ्य पर कई प्रकार के प्रतिकूल प्रभाव डालता है। तंबाकू के सेवन से अनेक प्रकार के होने वाले रोगों में कैंसर प्रमुख है। तंबाकू से फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर या गले अथवा सांस की नली का कैंसर हो जाता है। सिविल सर्जन ने कहा कि हमें किसी भी तरह से तंबाकू के सेवन से दूर रहना चाहिए। बच्चों को इस बारे में जागरुक करना जरूरी है।

# छात्रों समस्याओं के निराकरण की मांग को सौंपा ज्ञापन

### इनसो जिला अध्यक्ष ने सीबीएलयू प्रशासन के सामने उठाई मांगें



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।

**छात्रहित** की समस्या को लेकर इनसो संघर्षरत रहा है। छात्रों की समस्याओं को लेकर समय-समय पर आवाज उठाते हुए उनका समाधान करवाया है। इसी के तहत सोमवार को इनसो जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

इस दौरान इनसो जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने कहा कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सीबीएलयू प्रशासन से मांग की है कि जिस भी सैमेस्टर की परीक्षाएं लंबित है। उनको जल्द से जल्द संचालित करवाया जाए। जिन भी कोर्स के परीक्षा परिणाम लंबित है, उनके परिणाम 10 दिन के अंदर-अंदर घोषित किए जाएं, घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में जो भी त्रुटियां है उनको दूर किया जाए, री-अपीयर की तिथि को बढ़ाया जाए। वर्तमान सेमेस्टर के पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को पूरा समय दिया जाए व नियमित रूप से कक्षाएं लगाई जाए।

## सीएम सिटी डूबी, मुख्यमंत्री त्यागपत्र दो: तरलोचन सिंह

### कहा, पानी की निकासी पर 7 साल में खर्च हुए 850 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कांग्रेस** पदाधिकारियों ने सोमवार को लघु सचिवालय के समक्ष सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर डीसी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने से पहले कांग्रेस पार्टी के जिला संयोजक स. तरलोचन सिंह के नेतृत्व में 51 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सदस्यों ने शहर में जलभराव की विकराल स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के त्यागपत्र की मांग की। कांग्रेसी हाथों में सीएम सिटी पानी में डूबी, सीएम त्यागपत्र दो, करनाल बना भ्रष्टाचार का अड्डा, स्मार्ट सिटी का करोड़ों रुपये डूबा, सीएम हिसाब दो जैसे नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि 10 दिन में दूसरी बार शहर में जलभराव और पानी की निकासी में विफलता और शहर में पानी की निकासी में भृष्टाचार तथा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अफसरों के द्वारा करोड़ों रुपए की बन्दर बांट के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की।

उन्होंने कहा कि शहर में पाश कालोनियों, स्लम एरिया, पुराना शहर, करनाल के आसपास की कालोनियों में 10 दिन में दूसरी बार बारिश से पानी भरने के कारण हाहाकार मचा हुआ है, लोग परेशान हैं। उनकी सुनवाई नहीं है। मुख्यमंत्री तो दूर करनाल के बीजेपी नेता भी लोगों का हाल जानने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी पर 7 साल में 850 करोड़ खर्च हुए। इसके बाद भी पानी भर गया।

## महान शख्सियत मोहम्मद रफी साहब को किया याद

**सिरसा।** श्रीयुवक साहित्य सदन के प्रांगण में महान शख्सियत महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजकुमार निजात ने की, जिसमें भूपेश मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संस्था के प्रधान मानकचंद जैन ने मोहम्मद रफी साहब के जीवन से संबंधित कुछ रोचक प्रसंग का जिक्र किया। रमेश साहुवाला ने कहा कि मोहम्मद रफी साहब महान गायक के साथ साथ नेक ईंसान भी थे।

## निष्काम भाव से सेवा की भावना हो जाना भक्ति का परिणाम: दिव्यानंद

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**चलने** का उद्देश्य बस चलते रहना ही नहीं होता, ये मंजिल तक पहुंचना होता है। पहुंचने के लिए, चलना प्रथम और आवश्यक साधन होता है। इसी प्रकार सत्संग समागमों के माध्यम से संत वचनों को सुन लेने का उद्देश्य केवल सुनना मात्र ही नहीं होता, जीवन में आचरण में लाना होता है। त्याज्य का त्याग और ग्राह्य का सेवन करना होता है। शास्त्रों में श्रवण के बाद मनन करने को कहा गया है, अर्थात् बहुत कथाएं सुनने के बाद जीवन में उसका मूल्यांकन भी करना होता है। अब तो लगता है कि मूल्यांकन का ही विशेष महत्व है, स्वयं को जांचने का समय आ गया है। केवल औषधि की महिमा नहीं सुननी चाहिए, उसका सेवन भी करना होता है। केवल सेवन नहीं, परहेज भी करना होता है। सही सुन लेने का यदि कोई सबसे अच्छा परिणाम है तो वह है निष्काम भाव से प्रेम पूर्वक सभी का सहयोग करना। गीता विहारी गोसदन में अध्यात्म साधना केंद्र द्वारा आयोजित गो कृपा महोत्सव में पूज्य गुरुदेव गीता ज्ञानेश्वर डाक्टर स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि गाय पशु नहीं, केवल दूध देने वाला प्राणी नहीं हम सभी के प्राण हैं। इस अवसर पर गोदान महामहोत्सव का आयोजन हुआ। गो सेवा अर्थात जीवन को धर्ममय बना लेना है, स्वयं को सात्त्विक बनाना होता है।

# बच्चे का पहला आहार है मां का दूध: डॉ बीथिका भट्टाचार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

**अमेरिकन** सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक्स बच्चों को पहले छह महीनों में विशेष रूप से स्तनपान कराने की सलाह देता है। मां का दूध बच्चे का पहला आहार होता है। ऐसे में मां के लिए बच्चे का दूध छुड़ाना भी किसी बड़ी चुनौती जैसा ही होता है। इसमें बहुत ध्यान रखना जरूरी है। हर साल एक से सात जुलाई तक ब्रेस्टफीडिंग वीक मनाया जाता है।

इस मौके पर मधुकर रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, नई दिल्ली की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और वरिष्ठ सलाहकार डॉ बीथिका भट्टाचार्य कहती हैं कि मां को अपने बच्चे के पहले जन्मदिन और उसके बाद तक स्तनपान जारी रखने के साथ-साथ ठोस आहार भी शामिल करना चाहिए। कामकाजी माताओं के लिए स्तनपान छुड़ाना एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

कई महिलाएं वीनिंग प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने बच्चों के एक साल की उम्र तक इंतजार करती हैं। कई बार मां खुद दूध छुड़ाने की पहल करती है तो कई बार बच्चा ही ऐसा करने लगता है। दोनों ही प्रक्रिया सही है।

डॉ बीथिका भट्टाचार्य कहती हैं कि स्तनपान बंद कराने की अलग-अलग प्रक्रियाएं होती हैं। कई बार बच्चा अपने आप स्तनपान करना बंद कर देता है। बच्चे द्वारा स्तनपान छुड़ाना आमतौर पर धीरे-धीरे होने वाली प्रक्रिया है। यह तब होता है जब बच्चा एक साल का हो जाता है। कभी बच्चे अचानक ही स्तनपान बंद कर देते हैं। कभी-कभी यह प्रक्रिया धीमी होती है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे को जल्दी भूख लगने लगे, वह बिना सहारे के बैठने लगे, खाने को मुंह से बाहर नहीं निकाले, दूसरों को खाता देख दिलचस्पी दिखाए तो यह वीनिंग यानी स्तनपान छुड़ाने की प्रक्रिया शुरू करने का सही समय है।

उन्होंने कहा कि स्तनपान छुड़ाना धीमी और क्रमिक प्रक्रिया होनी चाहिए। हर 2-3 दिन में किसी एक टाइम स्तनपान कराना बंद करें। धीरे-धीरे समय बढ़ाती जाएं। स्तनपान छुड़ाने के दौरान स्तन की देखभाल भी जरूरी है। यदि मां को स्तन में असहजता महसूस हो रही है तो सतर्कता बरतें। कई बार गांठ जैसी भी बनने लगती हैं। ऐसे में गर्म सेंक से फायदा होता है।

## अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स अपने डीलक्स ब्राण्ड ओसी ब्लू को एक नए रूप में लांच करने की घोषणा की

### एक नई पोजिशनिंग और अंदाज, प्रॉडक्ट के अनोखे रूप में नया इतिहास लिखने को तैयार

पायनियर समाचार सेवा।फरीदाबाद/रेवाडी

**अलाइड** ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स प्रा. लिमिटेड (एबीडी) डीलक्स कैटेगरी में अपनी प्रीमियम पेशकश ओसी ब्लू को नया अंदाज देते हुए एक नए अवतार में पेश करने के लिए हैं तैयार। एक स्मूद टेस्ट का एहसास और भारत के बेहतरीन अनाजों से बने ब्लेंड के साथ, ओसी ब्लू के पास है अब एक क्रिएटिव कम्युनिकेशन, प्रॉडक्ट सुपीरियोरिटी स्टोरी और ब्राण्ड न्यू पैकेजिंग, अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए।

ओसी ब्लू के रीलांच पर अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स प्रा. लि. (एबीडी) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अनुपम बोके कहते हैं, बाजार में हो रहे नए बदलावों और नए आविष्कारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले हमने ही लीग से हटकर कुछ सोचने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश की है। हम जानते हैं कि हमारा ब्लेंड बहुत अच्छा है, इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि हमारा नया मिक्स हमारे ग्राहकों के दिलों में यकीनन जगह बनाएगा।

अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का मानना है कि ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों और इंडस्ट्री में आते बदलावों से कदम मिलाते हुए हमें हमेशा कुछ नया और अनोखा पेश करते रहना होगा। इसीलिए अपने डीलक्स ब्राण्ड ओसी ब्लू की जबरदस्त मार्केटिंग के लिए उसे एक नया रूप और अंदाज देने के लिए ऑर्गेनाइजेशन ने एक असरदार और विस्तृत नीति को रूप-रेखा तैयार की है। फिर बात चाहे चुनिंदा इंफ्लुएंसर प्रोग्राम्स के इस्तेमाल, स्टोर में नवीनतम पैक्स के इंस्टॉलेशन की हो या सोशल प्लेटफॉर्म्स पर इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन की, ओसी ब्लू को लांच करने के लिए एबीडी एक सिलसिलेवार और 360 डिग्री नजरिया अपनाएगा।

नया ओसी ब्लू का पैक नए जमाने का और अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसमें इसकी नई पहचान और पोजिशनिंग झलकती है-बोल्ड है, फिर भी सिंपल है। इसकी डिजाइन और एलिमेंट्स बहुत ही बेहतरीन, साफ-सुथरे और नए जमाने के हैं, जिनसे इसका दमदार और मर्दाना अंदाज झलकता है।

## प्रेरणा



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

हर फूल गुलशन में खिलता नहीं है,
हर कतरा दरिया में मिलता नहीं है,
साथ मिल जाए तो कौन सा काम मुश्किल,
मुश्किल तो ये है कि हर किसी को साथ मिलता नहीं है।

# वाटरप्रूफ और आकर्षक लिफाफे में राखी पहुंचाएगा डाक विभाग

## भीगने से राखी के खराब होने से बचाएगा 10 रुपये का वॉटरप्रूफ लिफाफा, लिफाफों की बढ़ी मांग

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**कोरोना** महामारी के चलते राखी के त्योहार को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग की ओर से दूर-दराज के क्षेत्रों में बैठे भाइयों के पास राखी भेजने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। पहले जहां रास्ते में राखी का लिफाफा भीगने से राखी के क्षतिग्रस्त होने का डर रहता था, अब इसको ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा 10 रुपये की कीमत में वॉटरप्रूफ लिफाफे उपलब्ध करवाए गए हैं, जो देखने में आकर्षक तो है ही, इसमे राखी भीगकर खराब होने का डर भी नहीं रहेगा। इन लिफाफों पर निर्धारित डाक टिकट लगाकर पोस्ट किया जा सकता है।



### शिव भक्तों को गंगोत्री गंगा जल 200 मिली की पैकिंग मिलेगी 30 रुपये में

डाकघर के अधीक्षक तारा चंद शर्मा ने बताया कि डाक विभाग द्वारा राखी लिफाफे भी समुचित मात्रा में सभी विभागीय डाकघरों में उपलब्ध करवाए गए हैं। विभाग द्वारा जारी किए गए इस राखी लिफाफे की उपभोक्ताओं में बहुत मांग है। तारा चंद शर्मा ने बताया कि महा शिवरात्रि का पर्व नजदीक हैं और कोरोना महामारी के चलते कावड़ यात्रा पर रोक है। ऐसे में शिव भक्तों में पूजन के लिए शुद्ध गंगाजल उपलब्ध होने के बारे में संशय है। डाक विभाग द्वारा शिव भक्तों को गंगोत्री का शुद्ध गंगा जल 200 मिली की पैकिंग में 30 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया गया कि डाक विभाग की ओर से शीशीबंद गंगाजल का प्रचुर स्टॉक कुरुक्षेत्र डिवीजन के सभी विभागीय डाकघरों में उपलब्ध करवाया गया है। जिससे महाशिवरात्री पर शिव भक्तों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अधीक्षक डाकघर ने यह भी बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह शहर के दुखभंजन महादेव मंदिर एवं स्थानेश्वर महादेव मंदिर में गंगाजल के स्टॉल लगाए जाएंगे।

# खेल मंत्री के निरीक्षण में तीन कर्मचारी निलंबित, एक को नोटिस किया जारी

## खेल मंत्री ने पिहोवा नगर पालिका के निरीक्षण में एक कर्मी को नोटिस भेजा

### मंत्री को जांच में जनवरी से लेकर अभी तक का काम मिला था पेंडिंग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**पिहोवा** नगरपालिका कार्यालय की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह ने सोमवार सुबह अचानक नपा कार्यालय औचक निरीक्षण किया। मंत्री के अचानक छापे से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

इस दौरान काम में अनियमितता पाए जाने को लेकर खेल मंत्री ने जेई सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। जबकि एक अकाउंटेंट को नोटिस जारी किया गया है। मंत्री ने बताया कि इनका रिकॉर्ड चेक करने पर पाया गया कि जनवरी से लेकर अभी तक का काम पेंडिंग था। उन्होंने कहा कि दूसरे दफ्तरों की भी जल्द ही चेकिंग की जाएगी और यदि जनता के काम लटके मिले तो सख्त कार्रवाई होगी।



पिहोवा नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण करते खेल मंत्री संदीप सिंह।

जानकारी के मुताबिक शहर वासियों द्वारा पिछले काफी समय से खेलमंत्री के पास शिकायतें की जा रही थी कि नगरपालिका में तैनात कई अधिकारी और कर्मचारी अपना काम जिम्मेदाराना तरीके से नहीं कर रहे हैं। बार-बार लोगों को टरकाया जा रहा है।

इतना ही नहीं शुक्रवार को सीट से लापता होने के बाद कर्मचारी शनिवार रविवार की छुट्टी बिताकर सोमवार को भी देर से दफ्तर पहुंचते हैं। शहर के सभी वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था का भी बुरा हाल है। सफाई पर भी अधिकारियों कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं है।

जनता की शिकायत पर सोमवार सुबह दफ्तर खुलने के समय जब खेल मंत्री ने छापा मारा तो वहां कई अनियमितताएं पाई गई। जिसके बाद खेल मंत्री संदीप सिंह ने जेई ओम प्रकाश, सेनेटरी इंस्पेक्टर मीनाक्षी और दलबीर सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए। इनके अलावा अकाउंटेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# गरीबी की मार झेलकर विश्व स्तर पर चमकी सोनीपत की निशा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भारतीय** हॉकी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली निशा का अब तक का जीवन गरीबी में ही बीता है। ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन 1980 के बाद 2021 में हुआ है।

इस जीत में सोनीपत की भूमिका अहम है। भारतीय टीम में हरियाणा की नौ खिलाड़ी हैं। हाकी खिलाड़ी निशा का घर सोनीपत के रामनगर में है। गली नंबर आठ में स्थित निशा का घर जिसकी ठीक से मरम्मत भी नहीं हुई है। लेकिन बेटी को खिलाड़ी बनाना था इस पर मां ने अपनी ममता आंचल दिया और अपनी लाडली को हॉकी थमा दी। यहां खुशी का माहौल बना हुआ है विकलांग पिता सोहराब अहमद, मां मेहरुन और भाई ताबीश खुश हैं कि उनके पास बधाई देने वालों की कतार लगी हुई है। कोई फोन पर बधाई दे रहा है तो कोई मिठाई लेकर आ रहा है।

सोमवार की सुबह निशा के पिता सोहराब अहमद की आंखों में उस समय आंसू आ गए जब लोगों ने उनको आकर बधाई देनी शुरु की। वह बताते हैं उनके पास आय का कोई साधन नहीं बेटी रेलवे में है। बच्चों को आगे बढाने के लिए निशा के मामा खरखौदा के माजिद खालिद सहयोग करते रहे। आज उनके जीवन का सबसे बड़ा दिन है। तीन बेटियों में से दो की शादी हो चुकी है, तीसरी बेटी देश के लिए खेल रही है। बेटी पदक लेकर आए उनकी यही कामना है। निशा की मां मेहरुन का कहना है कि उसे चने के लड्डू बहुत अच्छे लगते हैं। वह बेटी के आने से पहले चने के लड्डू बनाकर रखेंगी।

### सरकार ने दी सहायता तो निशा के विकलांग पिता की भर आईं आंखें

मेहरूप को मलाल है कि वह गरीबी के चलते बचपन से लेकर अभी तक बच्चों की तमन्नाएं पूरी नहीं कर पाए। सरकार ने जो मदद दी यह उनके लिए संजीवनी का काम कर गई। हरियाणा सरकार ने खिलाडियों के लिए बहुत मदद की है। निशा के पिता के लिए अतिरिक्त मदद देने का आश्वासन दिया है इसके लिए वे सीएम मनोहर लाल खट्टर का शुक्रिया अदा करते हैं। अल्लाह ताला उन्हें उम्रदराज करे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेखा वाल्मीकि बनी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कुरुक्षेत्र की भाजपा नेत्री रेखा वाल्मीकि को महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमति सुमित्रा चौहान ने पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव व पूर्व राज्य मंत्री कृष्ण बेदी और प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक डा. पवन सैनी की अनुशंसा पर किया है। अपनी नियुक्ति पर रेखा वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव व पूर्व राज्य मंत्री कृष्ण बेदी और प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा सुमित्रा चौहान का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी और महिला मोर्चा के साथ ओर अधिक महिलाओं को जोड़ूंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा में रेवाडी की सरोज यादव को उपाध्यक्ष, भिवानी की मीना परमार को महामंत्री, पानीपत की बेला भाटिया को कोषाध्यक्ष व मालती अरोड़ा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### पुलिस ने पकड़ी बड़ी मात्रा में अवैध शराब, दो गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** सीआईए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। यह अवैध शराब एक पिकअप गाड़ी में भरकर राजस्थान ले जाई जा रही थी। अवैध शराब ले जाने वाले जिले के ही एक शराब ठेके पर काम करते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक पिकअप गाड़ी में भरकर भारी मात्रा में अवैध शराब धारूहेड़ा एनएच-48 के रास्ते राजस्थान ले जाई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस ने रैडिंग पार्टी तैयार की तथा हीरो होंडा चौक पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान एक पिकअप गाड़ी तेज गति में आई तथा पुलिस को देखकर उसका चालक गाड़ी को भगाकर ले जाने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे रोक लिया। पुलिस ने गाड़ी से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश के जिला फरूखाबाद के गांव बीरसिंहपुरा निवासी सुग्रीव उर्फ सचिन व गांव भाउपुर चौरासी जिला फर्रूखाबाद निवासी निलेश के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। गिनती करने पर सभी पेटियों की संखया 196 पाई गई। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी हाल-फिलहाल 75 फुटा रोड धारूहेड़ा स्थित एक शराब ठेका निवासी बताया।

# खाद्य आपूर्ति विभाग का एक इंस्पेक्टर शिकायत पर निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल।** खाद्य नागरिक आपूर्ति ओर उपभोक्ता मामले हरियाणा निदेशक चंद्रशेखर खरे द्वारा इंस्पेक्टर कपिल जाखड़ को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया, क्योंकि उनके खिलाफ इंद्री के डिपो होल्डरों द्वारा लिखित में शिकायत देकर कई गंभीर आरोप लगाएं थे।

अब इसी तरह के गंभीर आरोपों के चलते असंध में पीडीएस इंचार्ज निर्दोष डांगी (अब एएफएसओ) व उप निरीक्षक योगेश कुमार को एसडीएम कार्यालय द्वारा नोटिस भेजकर जवाब तलब किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इन अधिकारियों पर भी जल्द ही कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है। बता दें कि असंध के कुछ डिपो होल्डरों द्वारा जुलाई 2020 में खाद्य नागरिक आपूर्ति ओर उपभोक्ता मामले नियंत्रक विभाग असंध में कार्यरत पीडीएस इंचार्ज व निरीक्षक निर्दोष डांगी व उप निरीक्षक पीडीएस असंध योगेश कुमार के खिलाफ दी गई शिकायत पर भी तेजी से जांच शुरू हो चुकी हैं। एसडीएम असंध कार्यालय द्वारा निरीक्षक, उप निरीक्षक को नोटिस भेजे जाएंगे। निरीक्षक व उप निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाने वाले असंध के डिपो होल्डरों को भी नोटिस भेजा जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि मामले की जांच जल्द ही पूरी कर डीसी निशांत यादव को प्रस्तुत की जाएगी। हालांकि जांच कब पूरी होगी, इस बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता।

### दो इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को भेजे जाएंगे नोटिस

# लॉन टेनिस खिलाड़ी आदित्य ने चैंपियनशिप में जीता सिल्वर पदक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**गोहाना** में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरिज अंडर-18 आयु वर्ग में लिटल एंजल्स स्कूल के स्टार खिलाड़ी आदित्य राठी ने सिल्वर पदक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हरियाणा के ही हिमांशु शर्मा के साथ कड़े मुकाबले में 4-6, 6-4, टाई ब्रेक में 4-7 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्कूल खेल डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी ने बताया कि आदित्य विद्यालय का होनहार खिलाड़ी है। आदित्य लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन की तरफ से सभी खिलाड़ियों को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं प्रदान की गई हैं। विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर आदित्य का स्वागत किया गया।



### नेहा के घर बधाई देने वालों का लगा तांता

**चंडीगढ़।** महिला हॉकी ओलंपिक टीम में शामिल सोनीपत की नेहा गोयल के परिवार में खुशी का माहौल है। खुशी जाहिर करते हुए परिजनों ने कहा कि महिला हॉकी टीम ने बहुत ही अच्छा खेला है और उनकी बेटी नेहा ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। भविष्य में वह और भी अच्छा करने वाली है और पूरे परिवार को गोल्ड की आस है।

हरियाणा के सोनीपत में भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल नेहा गोयल का परिवार बेहद खुश है क्योंकि ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम पहली बार ओलंपिक के सेमिफाइनल में पहुंच गई है। भारत ने क्वार्टर फाइनल में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हरा दिया।

# ग्रामीणों ने रास्ते के लिए दिया तहसीलदार को ज्ञापन

### कंवाली मोड को बंद करके टोल पोस्ट बनाने पर ज्ञापन दिया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**कंवाली,** मंडौरा, तुर्कपुर, मंडौरी, थानाकलां, थानाखुर्द व अन्य गांवों के लोग एनएचएआई द्वारा सोनीपत से खरखौदा के बीच में कंवाली मोड़ से मंडौरा होते हुए नरेला जाने वाले मोड को बंद करके, मोड़ के साथ टोल पोस्ट बनाने के निर्णय से आस-पास के इन सभी गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



इन गांव से सोनीपत व खरखौदा आने-जाने में कई किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ेगा। पैदल चलने वालों, बच्चे, महिला, बूढ़े, बीमार व्यक्तियों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो जाएगा। एनएचएआई के इस निर्णय के खिलाफ गांवों के लोगों ने सोमवार को इकट्ठा होकर उपायुक्त सोनीपत को अपनी समस्या के बारे में एक ज्ञापन देने पहुंचे। तहसीलदार ने ज्ञापन लेने के बाद ग्रामीणों से कहा कि इस समस्या को सुलझा दिया जाएगा।

# मांगों को लेकर एचएसवीपी, आंगनबाड़ी मुख्यालयों का घेराव करेगा संगठन:विनोद

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच जेपीए जिला कमेटी सोनीपत की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज एवं संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया।

प्रदेश कार्यालय सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच जेपीए के तीनों सहयोगी संगठन संयुक्त रूप से पंचकूला एचएसवीपी, आंगनबाड़ी आदि मुख्यालयों का घेराव करेंगे। मांग पत्र सौंपते हुए सरकार से कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने का आग्रह किया जाएगा। सरकार को दो महीने का समय दिया जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो अक्टूबर में फिर से अन्य संगठनों को साथ लेते हुए हरियाणा के हजारों कर्मचारी चण्डीगढ़ में छह अगस्त से भी ज्यादा संख्या में कर्मचारी पहुंचेंगे। सरकार के खिलाफ जबरदस्त रैली की जाएगी। जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने कहा कि छह अगस्त को सोनीपत की सभी ब्रांचों के सैकड़ों कर्मचारी पंचकूला पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेंगे। सोनीपत के कर्मचारीयों की संख्या अन्य जिलों के मुकाबले सबसे ज्यादा होगी। कर्मचारियों की मुख्य मांगे समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाल करने सभी विभागों में छंटनीकरण पर रोक लगाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने आदि मांगों को लेकर कर्मचारी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।



# महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा: 09 तक बढ़ा लॉकडाउन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिलाधीश** एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष ललित सिवाच ने हरियाणा महामारी के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा के दृष्टिगत लॉकडाउन को 9 अगस्त सुबह 5 बजे तक बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि महिला और बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्र राज्य में 15 अगस्त तक बंद रहेंगे। आदेश में आगे कहा गया कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को सलाह दी जाती है कि वे अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की योजना बनाएं। इस बारे में कार्यक्रम को राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ साझा करें। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी छात्रावासों के छात्रों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों सहित सभी कर्मचारियों का पूरी तरह से टीकाकरण करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की जाए। राज्य सरकार ने लॉकडाउन को महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा नाम दिया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार दुकानों, मॉल, रेस्तराओं, धार्मिक स्थलों, कॉरपोरेट कार्यालयों के खुलने संबंधी लॉकडाउन संबंधी ढील वर्तमान की तरह जारी रहेगी। आदेश में कहा गया है कि अब इस तथ्य पर विचार करते हुए कि यद्यपि कोविड संक्रमण दर और कोविड के नए मामलों में कमी आई है।

### अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की योजना बनाएं

# पुलिस लाइन में पूर्ण गरिमा के साथ मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह : बंसल

## 13 अगस्त को किया जाएगा फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

अतिरिक्त उपायुक्त अशोक कुमार बंसल ने कहा कि 15 अगस्त को पुलिस लाइन में जिला स्तर पर पूर्ण गरिमा के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन में कंधे से कंधा मिलाकर काम करें।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में सोमवार को संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अशोक बंसल ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व में देश के हर नागरिक को प्रतिभागी बनना चाहिए। जिला स्तर पर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। एडीसी बंसल ने कहा कि 13 अगस्त को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसके पहले नियमित रूप से 8 अगस्त से रिहर्सल प्रारंभ की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए एसडीएम सोनीपत की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई, जिसमें सीटीएम व डीआईपीआरओ तथा डीईओ को शामिल किया गया।



# भारत की जीत में हरियाणा की बेटियों की भूमिका अहम

### गृहमंत्री ने रानी रामपाल से की बात, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और खेलमंत्री ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की जीत में हरियाणा की बेटियों की भूमिका सबसे अहम रही है। राज्य की नौ खिलाड़ियों ने भारत को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। जिसके चलते हरियाणा में सोमवार को दिनभर महिला हॉकी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### सीएम मनोहर लाल ने दी बधाई



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पुरुष हॉकी टीम के बाद अब भारत की बेटियों ने भी सेमिफाइनल में जगह बना ली है। मुझे गर्व है कि इस विजयी टीम में नौ खिलाड़ी हरियाणा से हैं। इस टीम की कप्तान भी शाहबाद से हैं। देश-प्रदेश की इन बेटियों से उम्मीद है कि वह पदक जीतकर लौटेंगी।

### राज्यपाल ने कहा प्रदेशवासियों के लिए गर्व के पल

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारतीय महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि महिलाओं की हॉकी टीम ओलम्पिक में मेडल प्राप्त कर देशवासियों और सभी महिलाओं का सिर गर्व से ऊचां करेगीं। यह प्रदेशवासियों के लिए और भी गर्व की बात है कि महिला टीम की कप्तान भी (शाहबाद) हरियाणा से हैं।

### अनिल विज ने रानी रामपाल से की फोन पर बात

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भारत की पुरुष और महिला वर्ग की हॉकी टीमों के सेमिफाइनल में पहुंचने पर बधाई दी और टीमों के खिलाडि़यों को शुभकामनाएं भी दी है। गृह मंत्री अनिल विज ने आज टीम की कप्तान रानी रामपाल से टेलीफोन पर बात की और उन्हें व उनकी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी। विज ने कहा कि यह सबसे बड़ा क्षण है। उन्हें और पूरी टीम को बधाई। कामना है कि वह टोक्यो ओलम्पिक में अंतिम मुकाम हासिल करें।

# रानी के पिता चलाते थे तांगा, बेचते थे ईंट

## टीम की कप्तान रानी रामपाल ने छह साल की उम्र में पकड़ी थी हॉकी

### भारत की जीत में कुरुक्षेत्र की बेटियों की भूमिका अहम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भारतीय** महिला हॉकी टीम के सेमिफाइनल में पहुंचने से जहां पूरा देश गौरव कर रहा है वहीं इस जीत में महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल समेत तीन बेटियों की भूमिका अहम रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम में कुल नौ खिलाड़ी हरियाणा की हैं जिनमें रानी रामपाल, नवनीत और नवजोत कुरूक्षेत्र की हैं।



महिला हाकी टीम के टोक्यो ओलिंपिक में शुरुआत के तीन मैच हार गए थे। पहला मैच 24 जुलाई को नीदरलैंड, दूसरा मैच जर्मनी के साथ 26 जुलाई और तीसरा मैच 28 जुलाई को ग्रेट ब्रिटेन के साथ था। भारतीय टीम के हाथ से तीनों मैच निकल गए थे। चौथे मैच में नवनीत के एक गोल की बदौलत भारतीय हॉकी टीम ने ने आयरलैंड को 1-0 से हराया था।

नवनीत कुरुक्षेत्र के शाहाबाद मारकंडा से हैं। उन्होंने भारतीय टीम से कई मैच खेले हैं। ओलंपिक में जाना उनके लिए सपना था। 2014 से सीनियर इंडिया टीम में जगह बनाई थी। इसके बाद 2018 में महिला विश्वकप, एशिया कप, एशियाई खेलों में हिस्सा लिया।

रानी रामपाल भी कुरुक्षेत्र जिला के शाहाबाद से हैं। चार दिसंबर, 1994 को रानी का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता तांगा चलाते थे और ईंटें बेचते थे। रानी ने महज छह साल की उम्र में हॉकी पकड़ी थी। 16 वर्ष की आयु में भारतीय टीम से खेलना शुरू किया। ये उनका दूसरा ओलंपिक है और बतौर कप्तान खेल रही हैं। नवजोत भी मारकंडा की रहने वाली हैं और टीम का बेहतर फिनिशर हैं। आठ साल की उम्र में कोचिंग लेना शुरू कर दिया था। पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में 10 गोल करके इतिहास रच दिया था।

### आईटी अधिनियम की धारा निरस्त करने वाले

# फैसले के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों की : केंद्र

**केंद्र ने गैर सरकारी संगठन पीयूसीएल की याचिका पर शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में यह जानकारी दी**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि संविधान के तहत पुलिस और लोक व्यवस्था क्योंकि राज्य का विषय हैं ऐसे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66ए रद्द करने वाले शीर्ष अदालत के 2015 के फैसले के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी प्राथमिक रूप से उनकी और कानून का पालन करवाने वाली उनकी एजेंसियों की है।


केन्द्र ने गैर सरकारी संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की याचिका पर शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में यह जानकारी दी। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि फैसले का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कानून की निरस्त की जा चुकी धारा 66ए के तहत भड़काऊपोस्ट करने पर किसी व्यक्ति को तीन साल तक कैद और जुर्माने की सजा का प्रावधान था। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दायर हलफनामे में केंद्र ने कहा कि साइबर अपराध से संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियां जिम्मेदार हैं।

केंद्र ने कहा, भारत के संविधान के मुताबिक पुलिस और लोक व्यवस्था राज्य का विषय हैं और अपराधों की रोकथाम, पता लगाना, अन्वेषण और अभियोजन तथा पुलिसकर्मियों का क्षमता निर्माण राज्यों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। केंद्र ने कहा, साइबर अपराधियों के खिलाफ कानून प्रवर्तक एजेंसियां कानून के मुताबिक विधिक कार्रवाई करती हैं और इसी के अनुरूप वे उक्त फैसले के अनुपालन के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। सरकार ने शीर्ष अदालत को यह भी बताया कि उसने सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य सचिवों तथा प्रशासकों को निर्देश दिया है कि वे सभी पुलिस थानों श्रेया सिंघल मामले में न्यायालय के फैसले के अनुपालन के तहत धारा 66ए के तहत मामला दर्ज नहीं करने के निर्देश जारी करें।

केंद्र ने कहा कि उसने यह अनुरोध भी किया है कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस बारे में एक रिपोर्ट भी भेजी जाए कि आईटी अधिनियम की धारा 66ए के तहत कितने मामले दर्ज किए गए हैं, और निर्देश दिया है कि धारा 66ए को लागू करने वाले किसी भी अभियोजन वापस लिए जाएं। केंद्र के हलफनामे पर जवाब देते हुए पीयूसीएल ने कहा कि केंद्र की तरफ से न्यायालय के 2015 के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं हैं और भड़काऊ पोस्ट करने पर लोगों के खिलाफ इस धारा में मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने पांच जुलाई को इस बात पर हैरानी और स्तब्धता जाहिर की थी कि लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ए के तहत अब भी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं जबकि शीर्ष अदालत ने 2015 में ही इस धारा को अपने फैसले के तहत रद्द कर दिया था।

## रिकार्ड टीकाकरण, खिलाड़ियों की सफलताएं जैसी घटनाएं भारतीयों का दिल जीत रही हैं : मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**रिकार्ड** टीकाकरण से लेकर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह बढ़ने और तोक्यो ओलंपिक में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और महिला व पुरूष हॉकी में भारत के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यह घटनाएं आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हर भारतीय का दिल जीत रही हैं।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, अगस्त के महीने में प्रवेश और अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हमने कई सारी ऐसी घटनाएं देखी जो हर भारतीय का दिल जीतने वाली हैं। रिकार्ड टीकाकरण हुआ है और जीएसटी संग्रह भी बढ़ा है जो आर्थिक गतिविधियों के मजबूत होने की ओर संकेत करता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, पीवी सिंधू ने ना सिर्फ पदक जीता बल्कि हमने ओलंपिक के पुरुष और महिला हाकी में भारतीय टीम के ऐतिहासिक प्रयास भी देखे। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए 130 करोड़ भारतीय कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। ज्ञात हो कि रविवार को जीएसटी संग्रह जुलाई महीने में 33 प्रतिशत बढ़कर 1.16 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। राजस्व के इन आंकड़ों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार तेजी से हो रहा है। जुलाई, 2020 में जीएसटी संग्रह 87,422 करोड़ रुपये रहा था। इससे पिछले महीने यानी जून, 2021 में जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से कम यानी 92,849 करोड़ रुपये रहा था। यह चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे उंचा आंकड़ा है। इससे पहले अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.41 लाख करोड़ रुपये रहा था।

बीते जुलाई महीने में 13 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद सोमवार को महिला टीम ने आस्ट्रेलिया की विश्व में नंबर दो टीम को।-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

## संक्षिप्त समाचार

### नई एफ-टाइप आर-डायनमिक ब्लैक की बुकिंग शुरू की

**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने सोमवार को कहा कि उसने भारत में नई जगुआर एफ-टाइप आर-डायनामिक ब्लैक की बुकिंग शुरू कर दी है।यह मॉडल पांच-लीटर सुपरचार्ज्ड वी8 इंजन वाला है जो 331 किलोवॉट की शक्ति और 580 न्यूटन-मीटर का टॉर्क देता है। जेएलआर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रोहित सूरी ने एक बयान में कहा, एफ-टाइप आर-डायनेमिक ब्लैक की शुरुआत के साथ, पूरी तरह से आनुपातिक और असाधारण रूप से सुंदर एफ-टाइप अब पहले से कहीं अधिक विशिष्ट है, जो स्पोर्ट्स कार के वास्तविक प्रशंसकों को आनंदित को और खुश होने का कारण देता है। नया आर-डायनेमिक ब्लैक ग्लॉस ब्लैक फिनिश के साथ 50.8 सेमी पांच स्प्लिट-स्पोक व्हील के साथ आता है। यह तीन रंगों में पेश किया गया है: सेंटोरिनी ब्लैक, ईगर ग्रे या फिरेंज रेड।भारत में जगुआर एक्सई (46.64 लाख रुपये से शुरू), एक्सएफ (55.67 लाख रुपये), एफ-पेस (69.99 लाख रुपये) आई-पेस (105.9 लाख रुपये) और एफ-टाइप (97.97 लाख रुपये) माडल की कारें बेचती है। इसके देश में 24 शहरों में 28 बिक्री केंद्र हैं।

### चीन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 300 से अधिक हुई

**बीजिंग।** चीन में हाल में आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है।हेनान प्रांत की सरकार ने सोमवार को कहा कि अब तक 302 लोगों को मौत की जानकारी मिली है, जबकि 50 लोग लापता हैं। अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रांत की राजधानी झेंगझोउ में पीड़ितों की संख्या सबसे अधिक है, जहां 292 लोगों की मौत हुई है और 47 लोग घायल हैं। तीन अन्य शहरों में 10 और लोगों की मौत हुई है।

### सीडीएसएल का मुनाफा पहली तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रमुख डिपॉजिटरी सेवा सीडीएसएल ने सोमवार को कहा कि जून 2021 को समाप्त तिमाही में उसका समेकित कर पश्चात लाभ (पीएटी) 37 प्रतिशत बढ़कर 63.99 करोड़ रुपये हो गया। सीडीएसएल ने एक बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 46.72 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में सीडीएसएल की कुल आय 51 प्रतिशत बढ़कर 129.79 करोड़ हो गई, जो जून 2020 को समाप्त तिमाही में 86.01 करोड़ रुपये थी। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने जुलाई 2021 में चार करोड़ डीमैट खाते पंजीकृत किए। सीडीएसएल के एमडी और सीईओ नेहल वोरा ने कहा, पूंजी बाजार में वृद्धि जारी है, जो मुख्य रूप से निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के कारण है।

### एनसीएल समूह को 1,863 करोड़ रुपये का ठेका मिला

**हैदराबाद।** एनसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एनसीएल बिल्डटेक लिमिटेड के एक गठजोड़ को आंध्र प्रदेश राज्य आवसीय निगम लिमिटेड से पहले से पेंट किए हुए खिड़की और दरवाजों के स्टील फ्रेम की आपूर्ति के लिए कुल।,863.19 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। एनसीएल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक बोलियों का चयन एक कड़ी प्रक्रिया के जरिए किया गया, जिसके बाद छांटे गए बोलीदाताओं के बीच एक बार फिर नीलामी की गई। एनसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एमडी के रवि ने कहा, हमें खुशी है कि एनसीएल समूह आंध्र प्रदेश सरकार के प्रतिष्ठित कार्यक्रम में एक छोटी भूमिका निभाएगा। इस परियोजना के लिए हमारा लक्ष्य वाजिब कीमत पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मुहैया कराना है।

### पुलिस और देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा : शिल्पा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अश्लील फिल्म मामले में पति राज कुंद्रा की गिरफ्तारी पर सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि उन्हें मुंबई पुलिस और देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। शिल्पा ने इस मामले को लेकर मीडिया ट्रायल नहीं करने की अपील करते हुए लोगों से उनके परिवार विशेष रूप से बच्चों की निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। शिल्पा ने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर अपना रुख स्पष्ट किया। शिल्पा ने पोस्ट में लिखा, एक परिवार के तौर पर हम उपलब्ध कानूनी मदद ले रहे हैं। लेकिन, एक मां होने के नाते मैं आप सभी लोगों से अनुरोध करती हूं कि हमारी और विशेष रूप से मेरे बच्चों की निजता का सम्मान करें। तथ्यों की पुष्टि किए बिना आधी-अधूरी बातों पर विश्वास नहीं करें। शिल्पा ने कहा कि वह पिछले 29 वर्षों से फिल्म उद्योग में मेहनत के साथ काम कर रही हैं और उन्होंने हमेशा से ही कानून का पालन किया है। शिल्पा ने कहा, लोगों ने जब कभी मुझ पर विश्वास किया है, मैंने उन्हें निराश नहीं किया है। मैं आप सभी लोगों से मेरी और मेरे परिवार के निजता के अधिकार का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं। इस मामले को लेकर मीडिया ट्रायल नहीं किया जाना चाहिए। कानून को अपना काम करने दीजिए। सत्यमेव जयते। 46 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि उनके परिवार के लिए पिछले कुछ दिन बेहद चुनौतीपूर्ण रहे हैं और परिवार को लेकर कई प्रकार की अफवाहें फैलाईं जा रही हैं और आरोप लगाए जा रहे हैं। दरअसल, 45 वर्षीय राज कुंद्रा को अश्लील फिल्में बनाने और कुछ ऐप के जरिए कथित तौर पर उन्हें प्रसारित करने के आरोप में 19 जुलाई को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया था। शिल्पा ने कहा, मीडिया और कुछ लोगों द्वारा मुझ पर कई प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं। मुझसे और परिवार से अजीब तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं।

## रायगढ़ जिले के 18,700 से अधिक परिवार प्रभावित

**एजेंसी।** अलीबाग

**महाराष्ट्र** के रायगढ़ जिले के महाड और पोलादपुर तालुका में 22 और 23 जुलाई को बाढ़ और वर्षाजनित घटनाओं के कारण कुल 18,751 परिवार प्रभावित हुए हैं। जिले के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि राज्य के राजस्व विभाग की ओर से किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक महाड के 18 हजार परिवार और पोलादपुर के 751 परिवार प्रभावित हुए। बाढ़ के कारण 562 किसानों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारी ने कहा, महाड में 30 जबकि पोलादपुर में आठ मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। महाड में 8,121 मकानों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा जबकि पोलादपुर में यह संख्या 552 रही। बाढ़ से 28 पशुपालन केन्द्रों को भी नुकसान पहुंचा है। अब तक 3,082 परिवारों को राज्य सरकार की ओर से चावल, गेहूं और मिट्टी का तेल समेत अन्य राहत सामग्री मुहैया कराई गई है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक रायगढ़ जिले में हुई भारी बारिश के कारण 345 गांवों में1,078 ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## तुर्की में आग का कहर जारी, मृतक संख्या बढ़कर आठ

**63 वर्षीय महिला ने अपने मवेशियों और घर भी खो दिया है**

**एजेंसी।** मैजीकॉय (तुर्की)



तुर्की के अंताल्या और मुगला में समुद्र तटों और आसपास के ग्रामीण इलाकों के पास पांचवें दिन भी जंगल में आग का कहर जारी है।

वहीं और शव मिलने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई, जबकि कई ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनके मवेशी भी मारे गए हैं। मुगला प्रांत के मैजीकॉय में भी आग लगी है और वहां से भी ग्रामीणों को निकाला भी गया है। किसान नूरतंन अल्माज़ी ने बताया कि उन्होंने सबकुछ खो दिया है। उन्होंने कहा, मैं बहुत पीड़ा में हूं, मैंने अपना एक बच्चा खो दिया। 63 वर्षीय महिला ने अपने मवेशियों और घर भी खो दिया है। उन्होंने आग लगने के जिम्मेदार लोगों को मौत की सजा दी जाने की मांग की है। बोदरम के मेयर अहमद अरास ने बताया कि रविवार शाम आग की वजह से क्रोरतम और माजी के पास लोगों को नरक भोगना पड़ा। उन्होंने कहा कि आग पर काबू नहीं पाया गया है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम रिहायशी इलाकों को बचा पाएंगे लेकिन पेड़ों को बचाने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है।

तुर्की के प्रसारक ने बताया कि रविवार रात पूरा इलाका आग से घिरा था। पत्रकारों ने बताया कि उन्हें वहां से तुरंत निकलना पड़ा क्योंकि तेज हवाओं के कारण आग तेजी से बढ़ने लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में बने दो ताप विद्युत संयंत्रों की रक्षा करने के लिए प्रयाप्त इंतजाम किए गए हैं।

## भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कोविड-19 नहीं बल्कि कैबिनेट बिस्तार : सिद्धरमैया

**एजेंसी।** कारवार



**कर्नाटक** की भारतीय जनता पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि इसका ध्यान केवल कैबिनेट बिस्तार पर है, न कि कोविड-19 पर। उत्तर कन्नड़ जिले के जिला मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, पर्याप्त अस्पतालों, बिस्तरों, वेंटिलेटर एवं ऑक्सीजन के अभाव में हजारों लोगों की मौत हो गई। ऐसा फिर से होने को रोका जाना चाहिए लेकिन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कोविड-19 पर ध्यान केंद्रित करने की जगह कैबिनेट के बिस्तार के लिए दौड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक अन्य कार्यों के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाने की जगह मंत्री पद के लिए लॉबिंग करने के वास्ते बेंगलुरू में हैं। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों के लिए लोगों की जान से बढ़ कर मंत्री का पद है। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्थिति लॉकडाउन तक नहीं पहुंचे।

कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पिछले दो दिनों में संक्रमितों की संख्या प्रदेश में दो हजार के आस-पास थी।

### राजस्थान के वास्तविक निवासी को मिलेगा भूतपूर्व सैनिकों का आरक्षण

**जयपुर।** राजस्थान में भूतपूर्व सैनिकों के लिए तय आरक्षण केवल उन्हीं को मिलेगा राज्य में बसे हुए हैं। राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राजस्थान सिविल सेवा (पूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम 1988 में संशोधन किया गया है, जो एक जुलाई 2021 से प्रभावी हो गया है। राजस्थान के राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियमों में संशोधन किया है। अब इसे राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) (संशोधन) नियम 2021 के नाम से जाना जाएगा।

## सरपंच को अपने भाई के जरिए कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**एजेंसी।** जयपुर

**भ्रष्टाचार** निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के एक दल ने सोमवार को श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ के एक सरपंच को उसके भाई के जरिए करीब 15,000 रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए रंगें हाथों गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि सूरतगढ़ तहसील के। एलएम पंचायत समित के सरपंच आरोपी सतपाल एवं उसके भाई राम प्रताप शिकायतकर्ता को नरेगा श्रमिकों को मिलने वाली मजदूरी की राशि में से बतौर कमीशन आधी राशि रिश्वत के रूप में मांगकर परेशान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दल ने सोमवार को रामप्रताप को अपने भाई सरपंच सतपाल के लिए शिकायतकर्ता से 15,120 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगें हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मामले में दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के निवास एवं अन्य परिसरों की तलाशी जारी है। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मध्यस्थता से हल करें कृष्णा जल बंटवारे का मुद्दा : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सुझाव दिया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कृष्णा नदी के जल बंटवारे को लेकर विवाद को सुलाझाने के लिए मध्यस्थता करें और वह गैर जरूरी तौर पर दखल नहीं देना चाहता है।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ आंध्र प्रदेश की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि तेलंगाना ने उसे पीने और सिंचाई के उसके पानी के वैध हिस्से से वंचित कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं इस मामले को कानूनी रूप से नहीं सुनना चाहता हूं। मैं दोनों राज्यों से ताल्लुक रखता हूं। अगर मध्यस्थता से मामला सुलझाया जा सकता है, तो कृपया ऐसा करें। हम उसमें सहायता कर सकते हैं। नहीं तो मैं इसे दूसरी पीठ को स्थानांतरित कर दूंगा। प्रधान न्यायाधीश का ताल्लुक आंध्र प्रदेश से है।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि आप दोनों (दोनों राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील) अपनी सरकारों को समझाएं और मामले को सुलझाएं।

### किसी समय अमेरिकी वीजा से ज्यादा मुश्किल था गैस कनेक्शन पाना अब ऐसा नहीं है: पुरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा कि किसी समय देश में रसोई गैस का कनेक्शन हासिल करना अमेरिका का वीजा हासिल करने से ज्यादा मुश्किल था, लेकिन अब लोगों को तत्काल गैस कनेक्शन मिल जाता है। उन्होंने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की।पुरी ने कहा, अब गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करना होता है और वह आसानी से मिल जाता है। एक समय था जब गैस कनेक्शन पाना अमेरिकी वीजा हासिल करने से ज्यादा मुश्किल था। आज ऐसा नहीं है।

## उत्तर कोरिया से रिश्तों में सुधार चाहता है दक्षिण कोरिया

**एजेंसी।** सियोल



**दक्षिण** कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया के साथ रिश्तों में सुधार और बातचीत शुरू करने की कोशिश जारी रखेगा।

उधर, उत्तर कोरिया ने चेतावनी दी है कि अगर दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करता है तो इससे दुश्मनी फिर से शुरू हो सकती है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की ताकतवर बहन ने रविवार रात को चेताया कि यह सैन्य अभ्यास कोरियाई देशों के बीच आपसी विश्वास को बहाल करने की कोशिश को गंभीर रूप से कम करेगा और बेहतर रिश्तों की संभावना को धुंधला कर देगा। यह अभ्यास इस महीने होना है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास का सटीक समय और अन्य विवरणों को अभी तय नहीं किया गया है और इनका निर्धारण अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। प्रवक्ता बू सेउंग-चान ने अपना पुराना बयान दोहराते हुए कहा कि सियोल और वाशिंगटन महामारी की मौजूदा स्थिति, उत्तर कोरिया की परमाणु महत्त्वाकांक्षा को रोकना में कूटनीतिक कोशिश और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की तैयारी जैसे कारकों का परीक्षण कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र में बाढ़ संकट के स्थाई समाधान की जरूरत : ठाकरे

**प्रशासन ने पहले ही हरकत में आते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है**

**एजेंसी।** पुणे



पिछले महीने हुई भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बाढ़ आने के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि राज्य में बाढ़ संकट का स्थाई समाधान निकालने और इस संबंध में कुछ कड़े कदम उठाने की जरूरत है।


मुख्यमंत्री पश्चिमी महाराष्ट्र के बाढ़ प्रभावित सांगली जिले में पहुंचे, जहां उन्होंने भीलवाड़ी, अंकलखोप, कस्बे-दिगराज और कई अन्य क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और बाढ़ प्रबंधन की दिशा में प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें दो मोर्चों पर काम करना है। पहला, बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाना है और इसपर काम चल रहा है। प्रशासन ने पहले ही हरकत में आते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। दूसरा, तत्काल राहत प्रदान करने के अलावा, हमें क्षेत्र में लगातार बाढ़ के संकट के स्थाई समाधान पर काम करना होगा और इसके लिए हमें कुछ कड़े कदम उठाने होंगे। ठाकरे ने कहा कि अगर कुछ निर्माण, पानी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं तो उन्हें हटाने की जरूरत है। उन्होंने लगातार बाढ़ से प्रभावित लोगों के स्थाई पुनर्वास की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि इसके लिए लोगों के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, पश्चिमी महाराष्ट्र में बाढ़ की स्थिति के मुद्दे के समाधान के लिए प्रभावी बाढ़ प्रबंधन की जरूरत है। मुझे बाढ़ के पानी को सूखा प्रभावित क्षेत्रों की ओर मोड़ने के बारे में कुछ सुझाव मिले हैं। हम इसके बारे में भी सोच रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा, भूस्खलन की घटनाओं का अध्ययन करने और ऐसे भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की तलहटी में स्थित मानव बस्तियों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों को जारी रखने की जरूरत है, लेकिन ऐसे कार्यों के पक्ष और विपक्ष का विश्लेषण करना भी जरूरी है।

## मशरूम की खेती ने बदली ओडिशा के एक गांव की तस्वीर

**एजेंसी।** भवानीपटना

**मजबूत इच्छाशक्ति समूचे गांव के लिए एक आंदोलन बन गई है**



**ओडिशा** के कालाहांडी जिले का कुतेनपडार गांव 1980 के दशक में भुखमरी और इससे होने वाली मौतों के लिए जाना जाता था लेकिन आज यह मॉडल गांव बन गया है और गांव की बदली हुई तस्वीर के साथ ही यह महिला सशक्तीकरण का उदाहरण भी है।

गांव के अधिकतर लोग जीवन यापन के लिए वन्य उत्पाद पर निर्भर थे, लेकिन अब वे 45 वर्षीय आदिवासी महिला बनदेई माझी के शुक्रगुजार हैं जिन्हें लोग जिले में मशरूम मां के नाम से बुलाते हैं। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदलने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति समूचे गांव के लिए एक आंदोलन बन गई है। बनदेई ने 2007-08 में नाबार्ड शिविर में प्रशिक्षण लेने के बाद धान के भूसे से मशरूम की खेती शुरू की। बनदेई के परिवार में पति और चार बच्चे हैं। वह एक गरीब परिवार से आती हैं जिन्हें दो एकड़ सरकारी जमीन मिली थी ,जो सिर्फ बाजरे के फसल के लिए उपयुक्त थी। दशकों पहले अन्य ग्रामीणों की तरह उनका परिवार भी दो वक्त के भोजन के लिए वन और मजदूरी पर निर्भर था।

मूलभूत प्रशिक्षण और दो साल तक प्रायोगिक खेती के बाद बनदेई ने व्यक्तिगत रूप से मशरूम की खेती शुरू की और जल्द ही रोल मॉडल बन गईं। उन्होंने कहा, मशरूम की खेती से जून से अक्टूबर के दौरान मुझे एक लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इसके अलावा उन्हें सब्जियों, दाल और तिलहन की खेती से भी 50 से 60 हजार रुपये की आमदनी हुई। वर्ष 2010 में उन्होंने 500 रुपये में एक बकरी खरीदी थी और अब परिवार के पास 45 बकरियां हैं। उनके पति जगबंधु और बेटी जज्ञेनसेनी दैनिक कामकाज में उनकी मदद करते हैं।

उनकी एक बेटी की दो साल पहले शादी हुई थी और दो बेटे कॉलेज में पढ़ते हैं। बनदेई अब एक नया पक्का घर बना रही हैं और उनके पति ने बाजार जाने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल खरीदी है। बनदेई से प्रेरित होकर अब गांव के 50 अन्य परिवार भी मशरूम की खेती कर रहे हैं और सब्जी की खेती के अलावा सालाना करीब 50,000 रुपये कमा रहे हैं। बनदेई ने आस पास के करीब 10 गांवों की महिलाओं को प्रशिक्षित किया है। मशरूम की खेती में उनके योगदान और महिला सशक्तीकरण के लिए उन्हें नाबार्ड से पुरस्कृत भी किया गया है। वह महिला सशक्तीकरण की असली मॉडल हैं।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मलाया कुमार मेहर ने कहा, यह एक आदिवासी महिला की प्रतिबद्धता और समर्पण की सफलता की कहानी हैं। बनदेई ने कहा कि मशरूम और सब्जियों की खेती ने उनका और ग्रामीणों का जीवन बदल दिया है। भवानीपटना के जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर कुतेनपदार गांव आदिवासी बहुल है जहां करीब परिवार हैं और इनमें से 40 परिवार आदिवासी हैं।

# यमुना सिटी में बनेगा उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क

## यमुना प्राधिकरण खुद विकसित करेगा सेंटर

- शर्तों का पालन करने वालों को मिलेगा आवेदन करने का मौका
- योजना के पहले चरण में होंगे 124 भूखंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनेगा। यह सेंटर प्राधिकरण खुद विकसित करेगा। इस योजना के पहले चरण में 124 भूखंड होंगे। योजना निकालकर इनका आवंटन किया जाएगा। इसमें कई शर्तें लगाई गई हैं। इन शर्तों का पालन करने वालों को ही आवेदन करने का मौका मिलेगा।

प्राधिकरण सेक्टर 28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करेगा इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में 124 भूखंडों की योजना लाई जाएगी। छोटे भूखंडों में शेड बनाकर दिया जाएंगे। जबकि बड़े भूखंडों पर कंपनी खुद निर्माण कार्य करेंगी। शेड बनाकर देने से कंपनियां जल्द शुरू हो सकेंगी। इस डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित किया जाएगा। यह काम यमुना प्राधिकरण खुद करेगा। इसमें बायोमैटेरियल की टेस्टिंग की सुविधा होगी साथ ही इनक्यूबेशन सेंटर होगा। यहां पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगेगा। इसके अलावा तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।


फाइल फोटो

### डिवाइस पार्क में ये उपकरण बनेंगे

मेडिकल डिवाइस पार्क में डायग्नोस्टिक उपकरण, सर्जिकल उपकरण, जनरल एंड प्लास्टिक सर्जरी समेत सभी तरह के उपकरण बनाए जाएंगे। आवेदन करने वाली कंपनियों को मेडिकल शर्ट इंडियन सर्टिफिकेशन ऑफ से सर्टिफ इड होना चाहिए। इसके अलावा इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्रीज से भी प्रमाणित होना चाहिए। ऐसी ही कंपनियों को आवेदन करने का मौका मिलेगा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाला यह मेडिकल डिवाइस पार्क उत्तर भारत का इकलौता पार्क होगा। अभी तक उत्तर भारत में इस तरह के पार्क को विकसित नहीं किया गया है। इस पार्क में सभी आधुनिक सुविधाएं दी जाएं, इसके लिए बीते जनवरी में यमुना प्राधिकरण के अफसरों ने विशाखापत्तनम में मेडिकल डिवाइस पार्क का दौरा किया था। उस पार्क में जो जो खामी रह गई है, उनको भी यहां पर दुरुस्त कर दिया जाएगा। पार्क में आने वाली कंपनियों को तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएगी। बिजली बिल व पानी बिल में छूट, बैंक ब्याज में सब्सिडीए जीएसटी में छूट दी जाएगी। इसके अलावा स्टार्टअप कंपनियों को भी 10 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा। डॉ अरुण वीर सिंह का कहना है कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित किया जाएगा यह काम यमुना प्राधिकरण करेगा बाद में इसका संचालन किसी कंपनी को दिया जाएगा

इससे यह लगने वाली इकाइयों को फायदा मिलेगा। इस पूरे सेंटर को यमुना प्राधिकरण खुद विकसित करेगा जबकि संचालन के लिए किसी कंपनी को जिम्मेदारी दी जाएगी। यही कारण है कि इस परियोजना के लिए नॉलेज पार्टनर आईआईटी कानपुर को बनाया गया है। इसके लिए प्राधिकरण आईआईटी कानपुर से अनुबंध कर चुका है।

# पीक ऑवर में एक और स्टेशन पर रुकेगी नोएडा-ग्रेनो मेट्रो

- लोगों की लगातार मांग पर लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने निवासियों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन पर पीक ऑवर के दौरान ट्रेनों को रोकने का फैसला लिया है। दरअसल, अब तक पीक ऑवर के दौरान सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और शाम 5 से 8 बजे तक मेट्रो सेक्टर-81 समेत 10 स्टेशनों पर नहीं रुक रही थी। इसकी वजह से निवासियों को भारी दिक्कत हो रही थी।

हालांकि पीक ऑवर के दौरान अब भी नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो नौ अन्य स्टेशनों पर नहीं ठहरेगी। लेकिन एक स्टेशन पर स्टॉप से भी लोगों को भारी राहत मिली है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर रितु महेश्वरी ने कहा, हमें सेक्टर 81 मेट्रो स्टेशन पर पीक ऑवर के दौरान मेट्रो ट्रेन रोकने का लगातार अनुरोध मिल रहा था। एनएमआरसी निवासियों की सुविधा के लिए समर्पित है। इसको देखते हुए अब यहां पूरे संचालन वक्त में ट्रेनों को रोके जाने का फैसला लिया गया है। अन्य 9 स्टेशनों पर भी मेट्रो को पूरे वक्त रोके जाने के बारे में विचार हो रहा है। जल्द ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा।

# कपड़ा शोरूम में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के शालीमार गार्डन स्थित एक कपड़ा शोरूम में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। घटना में शोरूम में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर लगभग 1 बजकर 42 मिनट पर फायर स्टेशन साहिबाबाद को सूचना मिली कि सी-8 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में ओसियन प्लाजा की जी मार्ट सुपर मार्केट के बेसमेंट में आग लगी है। सूचना मिलते ही तत्काल फायर बिग्रेड की गाड़ी रवाना हुई जहां आग बेसमेंट में स्थित बिशाल सुपर मार्केट में लगी थी। यहां आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकान व बेसमेंट तीन तरफ से पूरी तरह से बंद होने के कारण धुंए से भरा हुआ था। आग शोरूम के पिछले हिस्से में लगी थी।

# जीडीए प्रशासन का फैसला, अवैध निर्माण हुआ तो नपेंगे अभियंता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महानगर में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए जीडीए ने बिल्डरों के अलावा जिले के प्रवर्तन विभाग के अभियंताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय कर दी है। यानी अब कहीं भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण की गतिविधि पाई गई तो बिल्डर के साथ-साथ संबंधित अभियंता के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रवर्तन विभाग के अभियंताओं में हड़कंप मच गया है।

इस सिलसिले में जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने प्रवर्तन विभाग के सभी अभियंताओं की बैठक में यह साफ कर दिया है कि अवैध निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र के अवर अभियंता भी जिम्मेदार होंगे।

इसके अलावा सभी अभियंताओं को एक डायरी मेंटेन करनी होगी। जिसमें अवैध निर्माण से संबंधित तमाम जानकारियां आंकड़ें उपलब्ध कराने होंगे। त्रिपाठी ने बताया कि संबंधित अभियंता को प्रमाण पत्र भी दाखिल करना होगा। जिसमें बताया जाएगा कि उसके कार्यकाल के दौरान अवैध निर्माण की गतिविधि पाई गई। उन्होंने बताया कि महानगर में 321 का अवैध कॉलोनियों को जीडीए ने अपनी वेबसाइट पर डाल दिया है।

और जनता से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की खरीद फरोख्त ना करें क्योंकि किसी भी समय इन कॉलोनियों को प्राधिकरण जमींदोज कर सकता है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

अच्छे व्यावसायिक अवसर व्यवसाय को बढ़ाने और विस्तृत करने में अति सहायक सिद्ध होंगे। नए क्षेत्रों में पहचान बनाने के लिए तैयार होंगे। उद्यमी अच्छा करेंगे। आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगे और संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। लम्बे समय से बीमारी से जूझ रहे जातकों का आत्मविश्वास उन्हें बीमारी से पार पाने में मदद करेगा और स्वास्थ्य में सुधार संभव है। शारीरिक और भावनात्मक रूप से बेहतर महसूस करते हैं।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:**टमाटर का दान कर

### वृष

खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। जिस काम को करेंगे, वो समय से पूरा हो जायेगा। इंजीनीयर अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले के लिए दिन फायदेमंद है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। सोचे हुए काम समय पर पूरे होंगे। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। काम में सफलता मिलेगी।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक:**1
**विशेष:** कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें

### मिथुन

धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा जो लंबे समय तक चलेगा। कई तरह के रोचक विचार और योजनाएं बन सकती हैं। बुद्धि से काम पूरे करवा सकते हैं। खुद को साबित करके दिखा देंगे। दोस्तों और परिवार से सहयोग मिलने के योग हैं। कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आप खुश हो जाएंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक** : 8
**विशेष** : हनुमान चालीसा का पाठ करें

### कर्क

आज थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धार्मिक तीर्थयात्रा का योग परिवार के साथ चल रहा है, मानसिक शान्ति तो रहेगी। लेकिन स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। गृहस्थ जीवन आनंदपूर्ण रहेगा। उत्तम सांसारिक सुख प्राप्त होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी विशेष व्यक्ति की यात्रा एक रिश्ते में बदल सकती है। स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक** : 3
**विशेष:** केले का दान करें

### सिंह

आपके प्रयास फल देंगे और आत्मविश्वास बढ़ेगा। नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और महत्वपूर्ण कनेक्शन स्थापित कर पाएंगे। उपन्यास विचारों और कार्य शैली की सराहना की जाएगी। वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित होंगे। बच्चे अच्छा महसूस करेंगे।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक** : 1
**विशेष:** सुंदरकांड का पाठ करें

### कन्या

आज मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंग। ऑफिस में काम को लेकर तारीफ़ होगी। विवाहितों के लिए का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से धन लाभ होगा। स्वास्थ्य फिट रहेगा। लोगों का साथ मिलेगा। किसी काम में थोड़ी सी कोशिश करने से ही किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ बेहतर समय बितायेंगे।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** हनुमान चालीसा का पाठ करें

### तुला

सोचे हुए पुराने काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। अच्छा महसूस करेंगे। सामूहिक और सामाजिक काम के लिए दिन अच्छा है। परिवार के ज्यादातर काम निपटाने पड़ सकते हैं। दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। किसी तरह के निवेश की योजना भी बना सकते हैं। धन लाभ हो सकता है। उधार दिया गया पैसा मिल सकता है। ऑफिस और बिजनेस में लिए गए फैसले बड़ा फायदा देने वाले होंगे।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** गुड़ की रोटी बनाकर कुत्तों को डालें

### वृश्चिक

काफी दिनों से बीमार चल रहे लोगों के स्वास्थ में तेजी से सुधार के संकेत हैं। विवेक से कार्य करें। लाभ होगा। बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यवसाय से संतोष नहीं होगा। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आय में कठिनाइयां आ सकती हैं। माता से वैचारिक मतभेद बढ़ सकते हैं। वित्तीय तौर पर थोड़ा संभलने की जरुरत पड़ सकती है। वाणी में नम्रता सफलता दिलाएगी।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** अपने इष्ट देव की आराधना करें

### धनु

किसी ऐसे प्रोजेक्ट से अप्रत्याशित लाभ मिलेगा जो आपके दिल के करीब है। वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। उच्च अध्ययन के लिए प्रयासरत छात्रों को वांछित परिणाम मिलेगा, बशर्ते वे अपने प्रयास कड़ी मेहनत के साथ जारी रखें। व्यवसायी कुछ सकारात्मक निर्णय ले पाएंगे। यदि आपके पास कुछ विदेशी संपर्क हैं तो ऐसे मजबूत संकेत हैं कि यात्रा सफल होगी।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** घर के प्रवेश द्वार पर इत्र का छिड़काव करें

### मकर

आज दिन मिला-जुला रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अड़चने आ सकती हैं। थोड़ी थकान महसूस कर सकते हैं।जो भी कार्य करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे। कामकाज की अधिकता सेहत पर असर डाल सकती है। ऑफिस में सीनियर्स की हेल्प से रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। रिश्तेदार के आने की खुशी में घर का माहौल पार्टी जैसा बना रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक** : 9
**विशेष:**हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं

### कुंभ

मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। नया काम करने की सोच रहे हैं तो आपके सामने कुछ और काम आ सकते हैं। रोजमर्रा के कामकाज ज्यादा ही रहेंगे। थोड़े समय में सब ठीक हो जाएगा। आगे बढ़ने के लिए आपको कुछ नया सीखना होगा। सेहत संबंधी मामलों में चिंता कम हो जाएगी।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** हनुमान जी को चोला चढ़ाएं

### मीन

किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। मुमकिन है कि माता-पिता आपकी बात को गलत तरह से समझें। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल-मिलाप व्यस्त रखेगा। प्रिय कुछ खीझा हुआ महसूस कर सकता है, जो दिमाग़ पर दबाव और बढ़ा देगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यशैली से आज अधिकारी नाराज हो सकते हैं।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** मांस मदिरा का त्याग कर दें।

# संक्षिप्त समाचार


एनपीसीएल अफसरों के साथ बैठक करते कोरियाई कंपनियों के निदेशक।

## बिजली समस्या को लेकर अफसरों से मिले

**नोएडा।** कोरियाई कंपनियों की बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करने और समाधान तलाश करने के लिए सोमवार को कंपनी निदेशकों और एनपीसीएल अफसरों के बीच बैठक हुई। यह बैठक जेवर से विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने अपने कैंप कार्यालय में बुलाई थी। इस दौरान कोरियाई कंपनियों ने बताया कि दिन में कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ रही है। एनपीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है। आपको बता दें कि शहर की कोरियाई कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों ठाकुर धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

## शेल्टर होम से लापता किशोरियों का नहीं लगा सुराग

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर गामा-1 में स्थित शेल्टर होम से 29 जुलाई को तड़के 3 बजे दो किशोरी लापता हो गई। शेल्टर होम प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-1 में स्थित जगशांति उदयन केयर नाम से शेल्टर होम है जिसमें 41 अनाथ लड़कियां रह रही थीं। 29 तारीख को तड़के 3 बजे यहां रहने वाली 2 नाबालिग लडकियां रहस्मय परिस्थितियों में गायब हो गईं। शेल्टर होम प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पति पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के नवादा गांव में महिला का शव फंदे से लटका मिला था। महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृतका के पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक जनपद सुल्तानपुर निवासी इंद्रकुमार ने पुलिस को शिकायत देते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी बेटी वंदना का विवाह 23 मई 2019 को अयोध्या जिले के राहुल सिंह से किया था। शनिवार 31 जुलाई को परिजन को वंदना की मौत की सूचना मिली थी जिस पर रविवार को परिजन ग्रेटर नोएडा पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल उनकी बेटी वंदना को अधिक दहेज की मांग को लेकर शराब पीने के बाद नशे में पीटता था।

# सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर

**नोएडा।** अब सोशल मीडिया पर गलत सूचना वायरल करने वाले लोगों की खैर नहीं होगी। सोशल मीडिया पर कुछ समय से गलत सूचना वायरल की जा रही है जिसको लेकर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट हरकत में आ गया है। पुलिस अधिकारियों का आदेश है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर गलत सूचना वायरल करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का व्हाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर पर विशेष ध्यान है। सोशल मीडिया पर होने वाली एक्टिविटी पर पुलिस की नजर है। कुछ दिनों पहले ग्रेटर नोएडा के दादरी कोतवाली इलाके में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। इस मामले में 3 लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद आरोपी पक्ष की तरफ से ट्वीट करते हुए पुलिस पर हत्या का झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं आरोपी पक्ष ने यह भी लिख दिया था।

# ग्रेनो वेस्ट में रेजिडेंट ने बिल्डर पर लगाया हमले का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पीड़ित की मेडिकल जांच कराकर पुलिस ने शुरू की जांच

ग्रेनो वेस्ट की लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी में रहने वाले एक शख्स ने बिल्डर और उसके साथियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली बिसरख पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

ग्रेनो वेस्ट की लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी निवासी वेदप्रकाश प्रजापति ने बताया कि उसके फ्लैट खरीदने के बावजूद बिल्डर ने अब तक रजिस्ट्री नहीं की है। हालांकि इस मामले में रेरा ने बिल्डर को रजिस्ट्री करने का आदेश दिया है। रेरा के आदेश नहीं मानने पर बिल्डर पर पांच लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी लग चुका है। पीड़ित वेदप्रकाश ने बताया कि रविवार सुबह वह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। टहलने के बाद वह रोजाना की तरह मार्केट के गेट पर चाय पी रहा था। आरोप है इस दौरान बिल्डर और उसके साथियों ने वेदप्रकाश पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसमें वेदप्रकाश घायल हो गया। वेदप्रकाश ने घटना की शिकायत कोतवाली बिसरख पुलिस से की है।

पीड़ित ने बताया कि उसके साथ पिछले साल भी बिल्डर के दफ्तर में मारपीट गई थी। उस दौरान भी मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस मामले में एसीपी-2 सेंट्रल नोएडा योगेंद्र सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की सतर्कता से टली लूट की वारदात

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा वन में शनिवार दोपहर लॉकडाउन के दौरान एक महिला अपनी सहेली के साथ पैदल जा रही। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला की चेन लूटने का प्रयास किया लेकिन, महिला की सतर्कता के चलते बदमाशों का प्रयास असफल हो गया। पुलिस सीसीटीवी फु टेज की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर अल्फा वन में रहने वाले ऋषि गोयल व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी पत्नी सीमा गोयल सेक्टर में ही रहने वाली अपनी सहेली से मिलने गई थीं। वापस घर लौटते समय सेक्टर के अंदर ही मकान नंबर-57 के सामने जब सीमा जा रही थीं तभी हेलमेट पहने दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। महिला की सतर्कता के चलते बदमाश चेन लूटने में सफल नहीं हो सके।

# पांच दिन पहले मिले शव का पुलिस ने किया खुलासा

- भाई की हत्या का बदला लेने को उतारा मौत के घाट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा में 5 दिन पहले एक युवक का शव सुनसान इलाके में पड़ा मिला था। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया है।

दरअसल, आरोपी ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में दो अन्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी के भाई की हत्या मृतक के भाई ने की थी। इसका ही बदला लेने के योजना बनाकर युवक की हत्या की गई। अभी इस मामले में दो आरोपी फरार हैं।

**क्या है मामला**

27 जुलाई को दतावली गांव के राशिद उर्फ कौवा का शव मिला था। जिसके बाद राशिद के भाई कबीर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि बोडाकी गांव के आदेश ने दोस्त अमन और हर्ष के साथ मिलकर मेरे भाई राशिद को पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी है। जिसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गई।

रविवार को पुलिस ने आरोपी आदेश को पल्ला गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ दादरी प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी आदेश ने पूछताछ में बताया है कि वर्ष 2019 में राशिद के भाई साहिल ने मेरे भाई राकेश की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में साहिल लुक्सर जेल में बंद है। भाई की मौत का बदला लेने के लिए राशिद की हत्या करने की योजना बनाई।

# पड़ोसी राज्यों से शराब तस्करी रोकने को आबकारी विभाग अलर्ट

## दुकानदारों के खिलाफ होगी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई, संपत्ति भी जब्त करेगा जिला प्रशासन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पड़ोसी राज्यों से उत्तर प्रदेश में शराब की तस्करी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। प्रशासन ने अब साफ कर दिया है कि किसी भी शराब की दुकान पर यदि तस्करी की शराब पाई गई तो दुकानदार के खिलाफ न केवल गुंडा एक्ट में कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उसकी संपत्ति भी जब्त जाएगी।

इस प्रकार का निर्णय सोमवार को जिला मुख्यालय पर अधिकारियों व शराब के लाइसेंस धारियों की बैठक में लिया गया।


जिला मुख्यालय पर बैठक में मौजूद अधिकारी।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पड़ोसी राज्यों से हो रही शराब तस्करी पर चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में तस्करी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का फैसला लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि देशी शराब, खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र की शराब की दुकानों के आसपास, परचून की दुकानों व साप्ताहिक बाजार आदि इलाकों में बिक्री होने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। इस संबंध में बैठक में मौजूद आबकारी निरीक्षकों को ताकीद किया गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी रखें और सूचना मिलते ही संबंधित के खिलाफ का वैद्यानिक कार्यवाही करें।

इसके अलावा शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश भी अनिवार्य कर दिए गए हैं। यह सभी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जांच में यदि किसी दुकान के अंदर तस्करी की शराब पाई गई तो संबंधित लाइसेंस धारी के खिलाफ न केवल अपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी, बल्कि उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उसके संपत्ति का जब्ती करण करने के बाद लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा।

# अंतरा के मामले में धौलाना सीएचसी ने बाजी मारी

**नोएडा।** तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन के मामले में धौलाना सीएचसी ने बाजी अपने नाम कर ली। यहां सबसे ज्यादा कुल 225 अंतरा 11 से 31 जुलाई तक लगाए गए। पिछले वर्ष इसी दौरान धौलाना सीएचसी पर 125 अंतरा इंजेक्शन लगाए गए थे, लेकिन पिछले वर्ष भी धौलाना सीएचसी ही जनपद में पहले नंबर पर रही थी। इस वर्ष दूसरे नंबर पर 222 अंतरा हापुड़ सीएचसी पर लगे हैं। सिंभावली सीएचसी पर 158, गढ़मुक्तेश्वर पर 157 और डीएचक्यू पर कुल 43 अंतरा इंजेक्शन 11 से 31 जुलाई, 2021 के दौरान लगाए गए हैं।

# विश्व चैंपियन बेल्जियम को हराकर ओलंपिक पदक का सूखा खत्म करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एजेंसी। तोक्यो**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम को हराकर फाइनल में जगह बनाते हुए 41 साल में पहला ओलंपिक पदक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

आठ स्वर्ण पदक सहित 11 ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत का खेलों में समृद्ध इतिहास है और मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम उस गौरव को लौटाने की राह पर है। भारत ने रविवार को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब टीम पदक जीतने की दहलीज पर खड़ी है। भारत ने अपने आठ स्वर्ण पदक में से आखिरी पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था लेकिन उन खेलों के दौरान सेमीफाइनल मुकाबला नहीं हुआ था क्योंकि सिर्फ छह टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। हॉकी को मेजर ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर जैसे महान खिलाड़ी देने वाला भारत मौजूदा ओलंपिक से पहले कई ओलंपिक तक हॉकी के मैदान से खाली हाथ लौटता रहा है

### भारत ने अपने आठ स्वर्ण पदक में से आखिरी पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था

भारत ने पिछली बार 1972 म्यूनिख ओलंपिक के दौरान सेमीफाइनल में हिस्सा लिया था और तब उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी। ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम को पता है कि बेल्जियम के खिलाफ मंगलवार को एक और अच्छा प्रदर्शन टीम का नाम इतिहास में दर्ज करा देगा, फिर चाहे पदक का रंग कोई भी क्यों ना हो। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में 1-7 की करारी शिकस्त के बाद भारतीय टीम लगातार चार मैच जीत चुकी है और बेल्जियम के खिलाफ भी मनप्रीत सिंह की टीम इस लय को बरकरार रखना चाहेगी, लेकिन मैदान पर भारत की राह इतनी आसान नहीं होने वाली क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में बेल्जियम की टीम में काफी सुधार हुआ है।



बेल्जियम की टीम मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन होने के अलावा दुनिया की नंबर एक टीम भी है। रैंकिंग के लिहाज से हालांकि दोनों टीमों के बीच अधिक अंतर नहीं है क्योंकि भारत भी दुनिया की तीसरे नंबर की टीम है। हाल में दोनों टीमों के बीच भिड़ंत का आंकड़ा भी भारत के पक्ष में है। भारत ने 2019 में बेल्जियम के दौरे पर मेजबान टीम के खिलाफ तीनों मुकाबले जीते थे। उस दौरे पर भारत ने बेल्जियम को 2-0, 3-1 और 5-1 से हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल मार्च में भारत के यूरोपीय दौरे के दौरान हुए मुकाबले को भी मनप्रीत सिंह की टीम ने 3-2 से जीता था। बेल्जियम के खिलाफ पिछले पांच मैचों में भारत ने चार जीत दर्ज की हैं। ओलंपिक में हालांकि दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले में बेल्जियम ने रियो ओलंपिक में 3-1 से बाजी मारी थी।

भारत मौजूदा ओलंपिक में पूल ए में आस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर रहा जबकि बेल्जियम की टीम चार जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल बी में शीर्ष पर रही थी। बेल्जियम के खिलाफ हाल के मुकाबलों में दबदबा बनाने के बावजूद अगर भारत को मंगलवार को जीत दर्ज करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। मनप्रीत भी क्वार्टर फाइनल में जीत के बाद अपने खिलाड़ियों को चेता चुके हैं। उन्होंने कहा था, अभी काम खत्म नहीं हुआ है। हम इतने अधिक खुश हैं क्योंकि हमने लंबे समय बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। लेकिन अब भी काम खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, हमें अभी दो मैच खेलने हैं इसलिए हमें एकाग्रता बनाए रखनी होगी, हमें अपने पैर जमीन पर रखने होंगे और अगले मैच पर ध्यान देने की जरूरत है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने रचा इतिहास

# आस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में

### सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा

**एजेंसी। तोक्यो**

**ड्रैगफ्लिकर** गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुवाई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके नया इतिहास रचा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद विश्व में नौवें नंबर की महिला टीम ने यह इतिहास रचा। सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया। गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही। गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया। भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी और खुद को साबित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखी। उसने साहसिक प्रदर्शन किया और आस्ट्रेलिया पर करीबी जीत दर्ज की। गुरजीत ने मैच के बाद कहा, हम बहुत खुश हैं। यह हमारी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमने 1980 में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन इस बार हम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है।

उन्होंने कहा, टीम परिवार की तरह है। हम एक दूसरे का समर्थन करते हैं और हमें देश का भी समर्थन मिलता है। हम बहुत खुश हैं। भारतीय टीम का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले मास्को ओलंपिक 1980 में था जबकि टीम चौथे स्थान पर रही थी लेकिन तब केवल छह टीमों ने हिस्सा लिया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि अधिक आत्मविश्वास में दिखी। भारत नौवें मिनट में गोल करने के करीब भी पहुंच गया था। लालरेमसियामी और वंदना कटारिया के प्रयासों से भारत ने आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध लगाई लेकिन रानी रामपाल का शॉट पोस्ट से टकरा गया।

भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर अच्छा नियंत्रण बनाया और दूसरे क्वार्टर में भी अपने खेल में निरंतरता बनाए रखी। आस्ट्रेलिया को 19वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीयों ने बेहतरीन रक्षण से यह खतरा टाल दिया।

इसके बाद मोनिका के आस्ट्रेलियाई सर्कल में बेहतरीन प्रयास से भारत ने पेनल्टी कार्नर हासिल किया और गुरजीत ने उसे गोल में बदलकर 22वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। गोल के बाएं छोर पर गए उनके शॉट का आस्ट्रेलियाई रक्षकों के पास कोई जवाब नहीं था। भारत के पास 26वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था जब सलीमा टेटे बीच मैदान से गेंद लेकर आगे बढ़ी लेकिन उनका शॉट निशाने पर नहीं लगा। इस तरह से रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। आस्ट्रेलिया गोल करने के लिए बेताब था और उसने तीसरे क्वार्टर के शुरू में स्टीवर्ट ग्रेस के प्रयासों से मौका भी बनाया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने मारिया विलियम्स के शॉट को रोककर यह हमला नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया ने इसके बाद दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन सविता की अगुवाई में भारतीय रक्षापंक्ति अद्भुत और अदम्य साहस दिखाकर खतरे टालती रही। इस क्वार्टर में भारत की मध्यपंक्ति और रक्षापंक्ति का खेल दर्शनीय रहा। सुशील चानू, दीप ग्रेस एक्का, सलीमा टेटे, मोनिका सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया। इस क्वार्टर में भारत के पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका 44वें मिनट में था जब शर्मिला देवी ने दाएं छोर से गेंद रानी को थमाई लेकिन वह फिर से निशाने पर शॉट जमाने से चूक गई।



### कोच सोर्ड मारिन भी खुशी में उछल पड़े और उनके आंसू निकल आए

भारतीय रक्षकों ने चौथे क्वार्टर में भी बेहतरीन खेल दिखाया। आस्ट्रेलिया के पास 50वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन इस बार निक्की प्रधान उसकी राह में रोड़ा बनी। आस्ट्रेलिया को इसके बाद लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन सविता रूपी दीवार को भेद पाना उसके लिए मुश्किल था। आस्ट्रेलिया ने मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन सविता ने फिर से भारत पर आया खतरा टाल दिया। अंतिम सीटी बजने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी झूमने लगी और एक दूसरे के गले लग गई। भारतीय कोच सोर्ड मारिन भी खुशी में उछल पड़े और उनके आंसू निकल आए।

### पूल चरण में करना पड़ा था संघर्ष

रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि पूल चरण में उसे शुरू में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम अपने पूल में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड को हराकर चौथे स्थान पर रही थी जबकि आस्ट्रेलिया अपने पूल में शीर्ष पर रहा था। विश्व में दूसरे नंबर के आस्ट्रेलिया ने शुरुआती मिनटों में भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। भाग्य भारत के साथ था जो दूसरे मिनट में स्टीफेनी केरशॉ के क्रास पर एंब्रोसिया मालोनी का शॉट पोस्ट से टकराने के कारण आस्ट्रेलिया बढ़त हासिल नहीं कर पाया।

## महिला हॉकी टीम के पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने पर भारतीयों ने मनाई खुशी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**महिला** हॉकी टीम के पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भारतीय खेल समुदाय ने इसे देश की हॉकी के लिए स्वर्णिम पल करार दिया।

भारतीय पुरुष टीम के 49 वर्ष बाद ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद सोमवार को महिला टीम ने आस्ट्रेलिया की विश्व में नंबर दो टीम को 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान वीरेन रासकुइन्हा ने इसे स्वर्णिम पल करार देते हुए कहा, भारतीयों ने जिस तरह से अपने गोल का बचाव किया उससे काफी प्रभावित हूं। उन्होंने केवल बचाव ही नहीं किया उन्होंने बढ़त मजबूत करने की भी कोशिश की। उन्होंने आस्ट्रेलियाई सर्किल में घुसने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई। ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल किया जो बाद में निर्णायक साबित हुआ।

रासकुइन्हा ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ गोल करना शानदार है। वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में नहीं थी। भाग्य ने भी साथ दिया लेकिन मायने यह रखता है कि भारत के खाते में गोल जुड़ गया। भारत सेमीफाइनल में बुधवार को अर्जेंटीना का सामना करेगा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीम को बधाई देते हुए ट्वीट किया, शानदार प्रदर्शन। महिला हॉकी टीम हर कदम पर इतिहास रच रही है। आस्ट्रेलिया को हराकर हम पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक, बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री, पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने भी महिला हॉकी टीम को बधाई दी।



### भारत का सपना सच हो रहा है: किरेन रीजीजू



पूर्व खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत का सपना सच हो रहा है। हमारी महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया। भारत की पुरुष और महिला टीम तोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मेरे पास अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। प्रायोजन के जरिए हॉकी टीमों का समर्थन करने में सबसे आगे रहे ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई। टीम ने तोक्यो 2020 के क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया पर जोरदार जीत दर्ज की। टीम अपनी जीत का सिलसिला जारी रखे और देश का नाम रोशन करे। टीम को शुभकामनाएं।

### टीम ने अपनी वास्तविक क्षमता दिखाई



अपने जमाने के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी और पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै ने कहा कि टीम ने अपनी वास्तविक क्षमता दिखाई। धनराज ने ट्वीट किया, आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस जीत से पता चलता है कि भारतीय महिलाएं क्या करने में सक्षम हैं। पदक से एक कदम दूर और भरोसे की लंबी छलांग। पूरी टीम और कोचिंग स्टाफ का काम सराहनीय। उन्होंने आगे लिखा, भारत को आप पर गर्व है और भारत का प्रत्एक ध्वज इस जीत का जश्न मना रहा है। सेमीफाइनल के लिए शुभकामनाएं। स्वयं पर विश्वास रखो।

### आपने भारत को गौरवान्वित किया है : राज्यवर्धन सिंह



एथेंस ओलंपिक खेलों के रजत पदक विजेता निशानेबाज और पूर्व खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने पर बधाई। आपने भारत को गौरवान्वित किया है। अगले मैच के लिए शुभकामनाएं। भारत के ओलंपिक में एकमात्र व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने ट्वीट किया, अद्भुत सुबह। अपनी महिला हॉकी टीम पर बहुत गर्व है। जिस तरह से खेल हमें एकजुट करता है, वैसा कुछ और नहीं करता।

## लाहिड़ी को पेरिस ओलंपिक में पदक की उम्मीद

**एजेंसी। तोक्यो**

तोक्यो ओलंपिक में अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को उम्मीद है कि यदि वह 2024 के पेरिस ओलंपिक में जगह बनाते हैं तो तीसरी बार भाग्य उनका साथ देगा और वह पदक जीतने में सफल रहेंगे।



लाहिड़ी ने चार अंडर 67 के शानदार प्रदर्शन से तोक्यो ओलंपिक में शुरुआत की थी लेकिन आखिर में उन्हें 42वें स्थान से संतोष करना पड़ा। यह उनका दूसरा ओलंपिक था। भारत के दूसरे गोल्फर उदयन माने 60 गोल्फरों में 56वें स्थान पर रहे थे। लाहिड़ी ने कहा, बेहद निराशाजनक। पहले दिन के बाद मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। पहले दौर सहित हर दिन मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही और बीच में भी मैंने कुछ अवसरों पर खराब खेल दिखाया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया। यह निराशाजनक है क्योंकि आपको यह मौका चार वर्षों में एक बार मिलता है और इस बार तो पांच साल में ऐसा हुआ। उम्मीद है कि तीन साल बाद मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा। आपको जो भी मौका मिले उसका फायदा उठाना चाहिए। अगले ओलंपिक खेल 2024 में पेरिस में होंगे। ओलंपिक में पदार्पण कर रहे माने को पता है कि उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोल्फरों की बराबरी करने के लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे।

## दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न कोविड-19 से संक्रमित

**लंदन।** दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और इसलिए वह लंदन स्प्रिट और सदर्न ब्रेव के बीच खेले गए द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं रह पाए। आस्ट्रेलिया के पूर्व लेग स्पिनर 51 वर्षीय वार्न लंदन स्प्रिट की पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। क्लब ने बयान में कहा, सुबह अस्वस्थ महसूस करने के बाद शेन का शुरुआती परीक्षण कराया गया जो कि पॉजिटिव आया है। उन्हें टीम और सहयोगी स्टाफ से अलग-थलग कर दिया गया है और पीसीआर परीक्षण के परिणाम का इंतजार है। इसमें कहा गया है, टीम प्रबंधन के एक दूसरे सदस्य का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है और उन्हें भी अलग-थलग कर दिया गया है। कोई भी खिलाड़ी प्रभावित नहीं है। सदर्न ने लार्ड्स में खेले गए मैच में चार रन से जीत दर्ज की।

## ऐश्वर्य और राजपूत पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**एजेंसी। तोक्यो**

**ऐश्वर्य** प्रताप सिंह तोमर और संजीव राजपूत सोमवार को यहां पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे जिससे रियो ओलंपिक के बाद तोक्यो ओलंपिक से भी भारतीय निशानेबाजों का खाली हाथ लौटना तय हो गया।

ऐश्वर्य असाका निशानेबाजी रेंज में नीलिंग में 397, प्रोन में 391 और स्टैंडिंग में 379 अंक से कुल 1167 अंक जुटाकर 21वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए। अनुभवी निशानेबाज राजपूत ने भी निराश किया और नीलिंग में 387, प्रोन में 393 तथा स्टैंडिंग में 377 अंक से कुल 1157 अंक जुटाए। वह 39 निशानेबाजों के बीच 32वें स्थान पर रहते हुए क्वालीफिकेशन से ही बाहर हो गए। पचास मीटर राइफल थ्री पोजीशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग तीनों वर्ग की 10-10 निशानों की चार-चार सीरीज होती है।



निशानेबाज प्रत्एक सीरीज में अधिकतम 100 अंक हासिल कर सकता है। क्वालीफिकेशन के बाद शीर्ष आठ निशानेबाज फाइनल में जगह बनाते हैं। इसके साथ ही भारतीय निशानेबाजों का तोक्यो ओलंपिक से बिना पदक जीते लौटना भी तय हो गया।

भारतीय निशानेबाज पांच साल पहले रियो ओलंपिक में भी एक भी पदक नहीं जीत पाए थे। भारत ने लंदन 2012 ओलंपिक में विजय कुमार के रजत और गगन नारंग के कांस्य पदक के रूप में दो पदक जीते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिमोन बिलेस बैलेंस बीम के फाइनल में भाग लेंगी

**तोक्यो।** अमेरिका की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बिलेस तोक्यो ओलंपिक की स्पर्धाओं में वापसी करते हुए मंगलवार को बैलेंस बीम के फाइनल में चुनौती पेश करेंगी। रियो ओलंपिक (2016) की चैंपियन बिलेस ने एक सप्ताह पहले मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने का हवाला देते हुए कुछ स्पर्धाओं से हटने का फैसला किया था। अमेरिकी जिम्नास्टिक्स ने जारी बयान में कहा गया, हम यह पुष्टि करते हुए बहुत उत्साहित हैं कि कल आप दो अमेरिकी एथलीटों को बैलेंस बीम फाइनल में देखेंगे – सुनि ली और सिमोन बिलेस। आप दोनों को देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। चौबीस साल की बिलेस ने पांच साल पहले रियो डी जनेरियो में बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो में पिछले सप्ताहांत एरियाके जिमनास्टिक्स केन्द्र में आठ महिलाओं के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। इसके बाद 27 जुलाई को वॉल्ट पर पहले रोटेशन के दौरान निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्होंने खुद को टीम फाइनल से हटा लिया। बिलेस ने सभी पांच व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन उनमें से चार में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया।

### दुती 200 मीटर की हीट में सातवें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर

**तोक्यो।** भारतीय फर्राटा धाविका दुती चंद ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन वह अपनी हीट में सातवें और अंतिम स्थान पर रहकर तोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गई।दुती ने चौथी हीट में 23.85 सेकेंड का समय निकाला जो उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है लेकिन यह सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। पच्चीस वर्षीय दुती इससे पहले अपनी पसंदीदा 100 मीटर दौड़ में भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। प्रत्येक सात हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली एथलीटों और अगले तीन सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दुती 41 प्रतिभागियों के बीच कुल 38वें स्थान पर रही और इस तरह से उनके ओलंपिक अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। दुती का सर्वश्रेष्ठ समय 23 सेकेंड का है जो उन्होंने एशियाई खेल 2018 में निकाला था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था।

### जैस्मिन कमाचो-क्विन ने महिला 100 मीटर बाधा दौड़ जीती

**तोक्यो।** पुएर्तो रिको की जैस्मिन कमाचो-क्विन ने उलटफेर करते हुए अमेरिका की केनी हैरिसन को पछाड़कर महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक केनी के स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहने के साथ अमेरिका तोक्यो ओलंपिक की ट्रैक स्पर्धाओं में एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया। जैस्मिन ने 12.37 सेकेंड के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। केनी उनसे 0.15 सेकेंड पीछे रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जमैका की मेगान टेपर ने कांस्य पदक जीता। पुएर्तो रिको अमेरिकी क्षेत्र है लेकिन वह ओलंपिक में अपने ध्वज तले हिस्सा लेता है। ओलंपिक से पहले जैस्मिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.38 सेकेंड का था। उन्होंने सेमीफाइनल में 12.26 सेकेंड का समय लिया जिससे वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर आ गईं। विश्व रिकॉर्ड केनी केनी के नाम है जिन्होंने 12.2 सेकेंड का समय लिया था।

## सेमीफाइनल में हारने के बाद निराश थी, कोच ने प्रेरित किया : सिंधू



**एजेंसी। तोक्यो**

**ओलंपिक** में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं पीवी सिंधू ने सोमवार को कहा कि बैडमिंटन महिला एकल सेमीफाइनल में हार के बाद वह निराश थीं, लेकिन कोच पार्क तेइ-सांग ने उन्हें प्रेरित किया कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है और चौथे स्थान पर रहने से बेहतर है कि कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटो।

सिंधू को महिला एकल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग के खिलाफ 18-21, 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी, लेकिन रविवार को वह कांस्य पदक के प्ले आफ में चीन की आठवीं वरीय ही बिंग जियाओ को सीधे गेम में 21-13, 21-15 से हराकर पदक जीतने में सफल रही।
रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और विश्व चैंपियन सिंधू से जब सेमीफाइनल में हार के बाद की स्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, सेमीफाइनल में हार के बाद मैं निराश थी क्योंकि मैं स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश नहीं कर पाई। कोच पार्क ने इसके बाद मुझे समझाया कि अगले मैच पर ध्यान दो। चौथे स्थान पर रहकर खाली हाथ स्वदेश लौटने से बेहतर है कि कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवांवित करो।

उन्होंने कहा, कोच के शब्दों ने मुझे प्रेरित किया और मैंने अपना पूरा ध्यान कांस्य पदक के मुकाबले पर लगाया। मैच जीतने के बाद पांच से 10 सेकेंड तक मैं सब कुछ भूल गई थी। इसके बाद मैंने खुद को संभाला और जश्न मनाते हुए चिल्लाई। सिंधू से जब रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक के बीच के पांच साल के सफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इस दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखे, जीत मिली तो हार का भी सामना करना पड़ा लेकिन वह मजबूत बनकर उभरी। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिंधू ने कहा, पिछले पांच साल में पूरा खेल बदल गया, मैंने कुछ मुकाबले गंवाए तो कुछ मैचों में जीत भी दर्ज की। मैंने इस दौरान काफी अनुभव हासिल किया और विश्व चैंपियन भी बनी।

सिंधू ने रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक के बीच तीन कोचों के साथ काम किया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोच की शैली अलग थी और उन्हें सभी से कुछ ना कुछ सीखने को मिला। सिंधू ने कहा, मैं कोई नई खिलाड़ी नहीं थी कि किसी नए कोच के साथ काम करने में सामंजस्य नहीं बैठा पाऊं । मेरे पास कौशल और तकनीक थी। बस इसे निखारना था।



# तैरने से दिमाग होता है तेज

## यह अन्य एरोबिक गतिविधियों से है बेहतर

सीना मैथ्यू, जीवविज्ञान की सहायक प्रोफेसर, मैरी हार्डिन-बायलर विवि

**नियमित तैराकी से स्मृति, संज्ञानात्मक कार्य, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और मनोदशा में सुधार जैसे फायदे तो गिनवाए जाते रहे हैं। तैराकी तनाव से होने वाले नुकसान को ठीक करने और मस्तिष्क में नए तंत्रिका कनेक्शन बनाने में भी मदद कर सकती है।**

इस बात में कोई रहस्य नहीं है कि एरोबिक व्यायाम उम्र बढ़ने के कुछ नुकसानों को दूर करने में मदद कर सकता है। लेकिन शोध के बढ़ते दायरे से पता चलता है कि तैराकी दिमाग की सेहत को बेहतर बनाने में अनूठा योगदान दे सकती है। नियमित तैराकी से स्मृति, संज्ञानात्मक कार्य, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और मनोदशा में सुधार जैसे फायदे तो गिनवाए जाते रहे हैं। तैराकी तनाव से होने वाले नुकसान को ठीक करने और मस्तिष्क में नए तंत्रिका कनेक्शन बनाने में भी मदद कर सकती है। वैज्ञानिक अभी भी यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि तैराकी कैसे और क्यों, विशेष रूप से इन दिमाग को तेज करने वाले प्रभावों को पैदा करती है।

ब्रेन फिजियोलॉजी में प्रशिक्षित एक न्यूरोबायोलॉजिस्ट, एक फिटनेस उत्साही और एक मां के रूप में, मैं गर्मियों में स्थानीय पूल में घंटों बिताती हूं। जब उनके माता-पिता कुछ दूरी पर धूप सेंकते हैं, तो बच्चों को उल्लासपूर्वक छींटे और तैरते हुए देखना असामान्य नहीं है – और मैं उन माता-पिता में से एक रही हूं जो पूल के किनारे खड़े होकर बहुत बार बस देख रहे होते हैं, लेकिन अगर अधिक वयस्कों ने तैराकी के संज्ञानात्मक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों को पहचाना, तो वे अपने बच्चों के साथ पूल में कूदने के इच्छुक हो सकते हैं।

### नई और बेहतर मस्तिष्क कोशिकाएं और कनेक्शन

1960 के दशक तक, वैज्ञानिकों का मानना था कि मानव मस्तिष्क में न्यूरॉन्स और सिनैप्टिक कनेक्शन की संख्या सीमित होती है और एक बार क्षतिग्रस्त होने के बाद, इन मस्तिष्क कोशिकाओं को बदला नहीं जा सकता था, लेकिन उस विचार को खारिज कर दिया गया क्योंकि शोधकर्ताओं ने मनुष्यों और अन्य जानवरों के वयस्क मस्तिष्क में न्यूरॉन्स, या न्यूरोजेनेसिस के बनने के पर्याप्त सबूत देखना शुरू कर दिया था। अब, इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि एरोबिक व्यायाम न्यूरोजेनेसिस में योगदान दे सकता है और स्तनधारियों और मछली दोनों में न्यूरॉन्स और उनके कनेक्शन को होने वाले नुकसान को ठीक करने या उसकी मरम्मत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अनुसंधान से पता चलता है कि व्यायाम से होने वाले इन परिवर्तनों में से एक महत्वपूर्ण तरीके से मस्तिष्क-व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक कारक नामक प्रोटीन के बढ़े हुए स्तर के माध्यम से होता है। तंत्रिका प्लास्टिसिटी, या मस्तिष्क की बदलने की क्षमता, जिसे यह प्रोटीन उत्तेजित करता है, सीखने और स्मृति सहित संज्ञानात्मक कार्य को बढ़ावा देने का काम करती है। लोगों के अध्ययन के दौरान मस्तिष्क में प्रसारित होने वाले मस्तिष्क-व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक कारक की सांद्रता और हिप्पोकैम्पस के आकार में वृद्धि के बीच एक मजबूत संबंध पाया गया है, मस्तिष्क का यह क्षेत्र सीखने और स्मृति के लिए जिम्मेदार है। मस्तिष्क-व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक कारक के बढ़े हुए स्तर को संज्ञानात्मक प्रदर्शन को तेज करने और चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करने वाला भी पाया गया है। इसके विपरीत, शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक कारक की कम सांद्रता वाले रोगियों में मनोदशा संबंधी विकार देखे हैं। एरोबिक व्यायाम न्यूरोट्रांसमीटर नामक विशिष्ट रासायनिक संदेशवाहकों को रिलीज करने को भी बढ़ावा देता है। इनमें से एक सेरोटोनिन है, जो – जब बढ़े हुए स्तर पर मौजूद होता है – अवसाद और चिंता को कम करने और मूड में सुधार करने के लिए जाना जाता है।

### लेकिन तैरने में क्या खास है?

शोधकर्ताओं को अभी तक पता नहीं है कि तैराकी का गुप्त लाभ क्या हो सकता है, लेकिन वे इसे समझने के करीब आ रहे हैं। तैराकी को लंबे समय से इसके हृदय संबंधी लाभों के लिए जाना जाता है। क्योंकि तैराकी में सभी प्रमुख मांसपेशी समूह शामिल होते हैं, हृदय को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, जिससे पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है। इससे नई रक्त वाहिकाओं का निर्माण होता है, एक प्रक्रिया जिसे एंजियोजेनेसिस कहा जाता है। अधिक रक्त प्रवाह भी एंडोर्फिन के रिलीज होने का कारण बन सकता है, यह ऐसा हार्मोन है, जो पूरे शरीर में प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में कार्य करते हैं। इसके बढ़ने से मन में जो उत्साह की भावना आती है वह अक्सर व्यायाम के बाद होता है। तैराकी मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करती है, यह समझने के लिए अधिकांश शोध चूहों पर किए गए हैं।

मनुष्यों के लिए उनकी आनुवंशिक और शारीरिक समानता के कारण चूहे एक अच्छे लैब मॉडल हैं। चूहों पर किए गए एक अध्ययन में, तैराकी को मस्तिष्क के मार्गों को उत्तेजित करते हुए पाया गया था जो हिप्पोकैम्पस में सूजन को दबाते हैं और एपोप्टोसिस, या कोशिका ह्रास को रोकते हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि तैराकी न्यूरॉन के जीवित रहने में मदद कर सकती है और उम्र बढ़ने के संज्ञानात्मक प्रभावों को कम कर सकती है। हालांकि शोधकर्ताओं के पास अभी तक इनसानों में एपोप्टोसिस और न्यूरोनल के अस्तित्व पर तैराकी के प्रभाव का अध्ययन करने का कोई तरीका नहीं है। अधिक दिलचस्प प्रश्नों में से एक यह है कि कैसे, विशेष रूप से, तैराकी छोटी और लंबी अवधि की स्मृति को बढ़ाती है।



यह निर्धारित करने के लिए कि लाभकारी प्रभाव कितने समय तक चल सकता है, शोधकर्ताओं ने चूहों को प्रति सप्ताह पांच दिन के लिए प्रतिदिन 60 मिनट तैरने के लिए प्रशिक्षित किया। टीम ने तब चूहों की स्मृति का परीक्षण किया। इसके लिए चूहों को छह अलग-अलग रास्तों वाली भूलभुलैया में अपना रास्ता तलाश करते हुए एक मंच तक पहुंचना था। चूहों को स्वतंत्र रूप से तैरने और छिपे हुए मंच को खोजने के छह प्रयास मिले। केवल सात दिन के तैरने के प्रशिक्षण के बाद, शोधकर्ताओं ने प्रत्एक दिन चूहों की त्रुटियों में कमी के आधार पर, छोटी और लंबी अवधि की यादों में सुधार देखा। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया कि संज्ञानात्मक कार्य में यह वृद्धि मनुष्यों में न्यूरोसाइकिएट्रिक रोगों के कारण सीखने और स्मृति क्षति की मरम्मत के लिए तैराकी का उपयोग करने के लिए एक आधार प्रदान कर सकती है। इनसानों में इसी तरह का शोध समान परिणाम उत्पन्न कर रहा है, जो सभी उम्र में तैरने के स्पष्ट संज्ञानात्मक लाभ की तरफ इशारा करते हैं। उदाहरण के लिए, बुजुर्गों में मानसिक तीक्ष्णता पर तैराकी के प्रभाव को देखते हुए एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि तैराकों ने गैर-तैराकों की तुलना में मानसिक गति और ध्यान में सुधार किया था।

### तैराकी से बच्चों को भी मिलता है बढ़ावा

तैराकी से मस्तिष्क को बढ़ाने वाले लाभ बच्चों में सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा देते हैं। एक अन्य शोध समूह ने हाल ही में बच्चों की शारीरिक गतिविधि और उनके नए शब्द सीखने की क्षमता के बीच के संबंध पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने 6-12 साल की उम्र के बच्चों को अपरिचित वस्तुओं के नाम सिखाए। फिर उन्होंने तीन गतिविधियों को करने के बाद उन शब्दों को पहचानने में उनकी सटीकता का परीक्षण किया: तीन मिनट के लिए पेंटिंग करने (आराम गतिविधि), तैराकी (एरोबिक गतिविधि) और क्रॉसफिट जैसे व्यायाम (एनारोबिक गतिविधि)। उन्होंने पाया कि कलर करने और क्रॉसफिट की तुलना में तैराकी के बाद सीखे गए शब्दों के लिए बच्चों की सटीकता बहुत अधिक थी। यह तैराकी बनाम एनारोबिक व्यायाम से एक स्पष्ट संज्ञानात्मक लाभ दिखाता है, हालांकि अध्ययन अन्य एरोबिक व्यायामों के साथ तैराकी की तुलना नहीं करता है। इन निष्कर्षों का अर्थ है कि कम समय के लिए भी तैरना युवा, विकासशील दिमागों के लिए अत्यधिक फायदेमंद है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवश्यक समय या अंतराल का विवरण, तैरने की शैली और तैराकी से कौन से संज्ञानात्मक अनुकूलन और प्रभाव सक्रिय होते हैं, पर अभी भी काम किया जा रहा है, लेकिन न्यूरोसाइंटिस्ट सभी सुराग एक साथ रखने के बहुत करीब पहुंच रहे हैं। सदियों से लोग चिरयुवा रहने के तरीकों की तलाश में हैं। तैरना शायद सबसे नजदीकी हो जो हम प्राप्त कर सकते हैं।

# ऑनलाइन पढ़ाई ने छात्रों के कामकाज का तरीका बदला

## अब नकल की परीभाषा बदलनी होगी

लिंडा रोवन, मैसी यूनिवर्सिटी और फियोना मरे, मैसी यूनिवर्सिटी

**विश्वविद्यालय** के छात्र अपने मध्य-वर्ष के परीक्षा परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, कुछ निस्संदेह केवल उत्तीर्ण होने से अधिक के बारे में सोच रहे होंगे। चूंकि पिछले साल कोविड-19 ने शिक्षण और परीक्षा को ऑनलाइन में बदल दिया था, इस बीच नकल का मुद्दा अधिक सामने आया है। ऑकलैंड विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं में कथित रूप से नकल करने की हालिया रिपोर्टों ने विश्वास पर टिकी इस प्रणाली में बेईमानी की संभावना को उजागर किया है। लेकिन समस्या संस्कृतियों के बीच के तनाव को भी उजागर करती है: उच्च शिक्षा की बढ़ती ऑनलाइन दुनिया और छात्रों की रोजमर्रा की दुनिया।

इसने परीक्षाओं में नकल को पहले की तुलना में अधिक जटिल और विकसित प्रश्न बना दिया है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालय परीक्षा को पहचान पत्र के जरिए प्रवेश और उसपर लगी फोटो की जांच से नियंत्रित किया जाता था। बड़े कमरों में होने वाली परीक्षा की निगरानी की जाती थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र नकल करने के लिए एक-दूसरे के साथ संवाद न कर सकें। हर किसी का अपना स्थान था, और छात्र कमरे में क्या ले जा सकते थे, इसका वर्णन और प्रतिबंधित किया गया था। शिक्षकों ने परीक्षापत्र तैयार किए, छात्रों ने हल किया, परीक्षापत्रों की जांच की गई और परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए – एकदम सरल। कोविड-19 ने यह सब बदल दिया। उन संस्थानों के लिए जहां पहले से ही ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनो तरह की पढ़ाई की व्यवस्था थी वहां यह डिजिटल बदलाव इतना नाटकीय नहीं था। लेकिन शिक्षक और छात्र जो कागज-आधारित या आमने-सामने शिक्षण और सीखने पर निर्भर थे, उन्हें कुछ संकट का सामना करना पड़ा।

### एक त्वरित क्रांति

बेशक, समायोजन बराबर नहीं था। कुछ शिक्षक और बहुत से छात्रों ने नई प्रणाली के साथ खुद को ढाल लिया। नए उपकरण और वाई-फाई संपर्क के साथ पढ़ाई करने लगे, लेकिन अन्य लोगों को काम करने योग्य उपकरणों और इंटरनेट कनेक्शन तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। विश्वविद्यालयों, शिक्षकों और छात्रों को ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम करना पड़ा, जो मुश्किल हो सकता था। इस बीच, नया सॉफ्टवेयर कोविड की तरह ही तेजी से विकसित हो रहा था। अक्सर, ऐसा होता था कि बदली हुई परिस्थितियों में पेपर-आधारित परीक्षाओं को बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप थोड़े से पुनर्गठन के साथ ऑनलाइन शिक्षण प्रणालियों में स्थानांतरित कर दिया जाता था। परीक्षा में नकल की घटनाएं 2020 की पहली तिमाहीसेमेस्टर के अंत में उतनी नहीं दिखाई दीं –क्योंकि हर कोई बदले हुए हालात में ही उलझा हुआ था। हालांकि, इस दौरान छात्रों ने तेजी से हो रहे बदलाव का सामना करने का सामर्थ्य दिखाया। साधन संपन्न और अनुकूल वातावरण में, उन्होंने सूचना के आदान-प्रदान के लिए अपने काम करने के तरीके और प्रणाली विकसित की। उन्होंने दूरस्थ और करीबी अध्ययन समूह बनाए और एक दूसरे की ताकत का इस्तेमाल करते हुए सहयोगात्मक रूप से कार्य किया। यदि शिक्षा प्रणाली और शिक्षक ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी और इसमें बैठने के बारे में विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान नहीं कर सकते हैं, तो धोखाधड़ी के आरोपों के आधार क्या हैं?



यह एक ऐसा प्रश्न है जो कोविड के बाद दुनिया की एक धुंधली तस्वीर पेश करते हैं। विशेष रूप से, छात्रों द्वारा समस्याओं पर चर्चा करने, समाधान प्रस्तावित करने और अपनी व्याख्या को अपने उत्तर के रूप में प्रस्तुत करने में वास्तव में क्या गलत है?

### परीक्षा विकसित होनी चाहिए

नेटवर्क की दुनिया में, जो मूल है और जो अनुकूलित किया गया है, उसके बीच की रेखा हर दिन अधिक धुंधली होती जाती है। व्यक्तिगत श्रेय देने के लिए यह तय करना हमेशा संभव नहीं होता है कि मूल और अनूठा क्या है। यदि परीक्षाओं को उच्च-स्तर के संज्ञानात्मक विकास का आकलन करने और ज्ञान को संश्लेषित करने और लागू करने की व्यक्तिगत क्षमता का पता लगाने के इरादे से तैयार किया गया है तो निश्चित रूप से सहयोग वह माध्यम हो सकता है जिसे शिक्षाविद जॉन बिग्स गहन शिक्षा कहते हैं। क्या इसे पकड़ने के लिए परीक्षा पद्धतियां बदली नहीं जा सकतीं? छात्र गतिविधियों को परिभाषित करने के विश्वविद्यालयों के पारंपरिक नियमों के बजाय, शिक्षकों को इस नई छात्र ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से सोचने की जरूरत है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं में व्यक्तिगत (या सामूहिक) क्षमता, मूल्यांकन और ज्ञान के संश्लेषण की जांच की आवश्यकता है, न कि केवल रटने और अध्ययन नोट्स को याद करने की। यह स्पष्ट है कि एक नया वातावरण विकसित हो रहा है और छात्रों ने एक नए तरीके से समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है। अब परीक्षार्थियों और परीक्षाओं के लिए भी होशियार होने का समय है। कामकाज के पारंपरिक तरीके अब पीछे छूट चुके हैं। हमें आगे बढ़ते रहने की जरूरत है।

# आंखों की देखभाल करने के क्षेत्र में कॅरियर बनाना है, तो बनें ऑप्टोमेट्रिस्ट

**पीसीएम, यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ अथवा बायोलॉजी एवं इंग्लिश के साथ आप 50 प्रतिशत मार्क्स के साथ पास होने चाहिए, और तत्पश्चात, आप ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। सामान्यत: डिप्लोमा दो साल का एवं बैचलर डिग्री कोर्स चार साल का होता है।**

**जी** हां! ऑप्टोमेट्रिस्ट आजकल काफी ट्रेंड में है, और एक बेहतर कॅरियर के तौर पर उभर कर सामने आ रहा है। चूंकि दिन पर दिन आंखों की समस्याएं लोगों में बढ़ती ही जा रही हैं, और ऐसे में इससे जुड़ी कॅरियर की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। आज कई कॉलेज आंखों की देखभाल से जुड़े स्पेशलाइजेशन कोर्स करा रहे हैं, तो इस कोर्स को करने के उपरांत कई लोग, अच्छे खासे पैसे कमाने के साथ में लोगों की आंखें भी ठीक कर रहे हैं।

वास्तव में देखा जाए तो शरीर का प्रत्येक अंग बेहद जरूरी है, किन्तु आंख की तो अपनी विशेष महत्ता है। साइंस के अनुसार, हमारा मस्तिष्क, हमारे शरीर के जिस अंग से सर्वाधिक प्रभावित होकर कोई निर्णय लेता है, वह आंख ही है। पहले आंख से संबंधित किसी समस्या के लिए कोई नार्मल फिजीशियन दवा दे देता था, किंतु अब स्पेशलिस्ट की डिमांड इस क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। कल्पना कीजिए कि आज के समय आज मार्केट में आंखों की जांच करके, चश्मा देने वाला व्यक्ति आपको हर जगह मिल जाएगा। इसे ही ऑप्टोमेट्रिस्ट कहते हैं। जाहिर तौर पर इसकी डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अगर आप भी इस तरह के कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं, तो आपको 12वीं पास करना होगा। फिर उसके बाद आप आप बैचलर डिग्री अथवा डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। बीएससी करने वालों को भी इसमें वरीयता मिलती है।



पीसीएम, यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ अथवा बायोलॉजी एवं इंग्लिश के साथ आप 50 प्रतिशत मार्क्स के साथ पास होने चाहिए, और तत्पश्चात, आप ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। सामान्यत: डिप्लोमा 2 साल का एवं बैचलर डिग्री कोर्स चार साल का होता है। ज्योंही आप यह कोर्स पूरा करते हैं, तो आपको किसी क्लीनिक में या फिर हॉस्पिटल में किसी डॉक्टर के साथ असिस्टेंट के तौर पर काम करना होता है, और यहीं पर आप सीखे गये मेथड का प्रैक्टिकल करते हैं। आंखों की देखभाल से संबंधित तमाम सब्जेक्ट यहां पर कवर होते हैं। इसके अलावा उसे कांटेक्ट लेंस के अलावा चश्मा पहनने की सलाह किस प्रकार से दी जाए, और लो विजन डिवाइसेज के साथ विजन थेरेपी, आई एक्सरसाइज आदि की ट्रेनिंग देना भी इन कोर्सेज में शामिल किया जाता है। सच कहा जाए तो आंखों की देखभाल एवं उसकी जांच के लिए आपको ऑप्टोमेट्रिस्ट स्पेशलाइज होते हैं, और यह बेहद आधुनिक उपकरणों एवं मॉडर्न डिवाइस के साथ आंखों की देखभाल करते हैं, जो इन्हें काफी इंपोर्टेंट बनाता है।

अगर किसी की आंख में कलर ब्लाइंडनेस से दूर- नजदीक की रोशनी में फर्क आता है, कोई जेनेटिक प्रॉब्लम है, मायोपिया है, तो ऑप्टोमेट्रिस्ट ही आपको इस का सही रास्ता दिखाते हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आप ना केवल हॉस्पिटल में कार्य कर सकते हैं, बल्कि आप स्वयं का कारोबार भी कर सकते हैं। इसके लिए कोई भी मार्केट आपके लिए मुफीद हो सकती है। ध्यान दें, कोर्स कंप्लीट करने के बाद ऑप्टोमेट्रिस्ट किसी शोरूम में काम कर सकते हैं, अथवा उनके पास ऑप्टिकल लेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट आदि खोलने का भी ऑप्शन होता है। इतना ही नहीं, कॉरपोरेट लाइन में आंखों से संबंधित प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी में प्रोफेशनल्स सर्विस एम्प्लोयी के पद पर काम कर सकते हैं। बता दें कि आंखों के डॉक्टरों को ट्रेंड असिस्टेंट की बहुत जरूरत पड़ती है, जो कुशल तरीके से चश्मा, लेंस और दूसरे नेत्र उपकरण बना सके, ऐसे में आप ही तो काम आएंगे! चूंकि आंखों के उपचार में आने वाली चीजों का रखरखाव भी बेहद महत्व का होता है। सरकारी रूल्स के अनुसार, ऑप्टिकल दुकानों में भी ट्रेंड ऑप्टीशियन को ही रखने का प्रावधान है, इसलिए वहां भी ऑप्टोमेट्रिस्ट के लिए अवसर होता है। मतलब, आप अगर मन से इस कार्य को सीखते हैं, तो आपको अवसरों की कमी नहीं होने वाली। बहुत सारे फ्रेंचाइज ऑप्शन भी आपके सामने उपलब्ध हैं, और उनके साथ फ्रेंचाइजी लेकर भी आप अपने व्यवसाय को जोड़ सकते हैं, तथा 20 से ? 25000 महीने आराम से कमा सकते हैं।